साल्ट लेक पहुंचे राज्यपाल सीवी आनंद बोस, न्यायिक जांच की मांग - 12

संसदीय समिति ने कहा-कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता लाना जरूरी - 12

बांग्लादेश में फिर अशांति निर्वाचन आयोग ने मांगी अतिरिक्त सुरक्षा - 13

अर्जेंटीना को हराकर नीदरलैंड्स ने जीता हॉकी महिला जूनियर विश्व कप खिताब - 14

आज का मौसम

23.0⁰ अधिकतम तापमान

11.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.49

सूर्यास्त 05.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

लखनऊ

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष एकादशी, 09:20 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 15 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 316, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

ब्रीफ न्यूज

पूर्व विधायक ने फ्लाइट में अमेरिकी महिला यात्री की बचाई जान

बेंगलुरु। कर्नाटक की पूर्व विधायक डॉ. अंजलि निंबालकर ने विमान में एक अमरीकी यात्री के अचानक बेहोश हो जाने पर उसे कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर उसकी जान बचाई है। विमान में अमरीकी महिला यात्री की अचानक तबीयत खराब होने लगी जिससे वह बेहोश हो गई और उसकी नब्ज भी बंद हो गई। डा. निंबालकर ने तुरंत सीपीआर दिया और पूरे समय मरीज के पास रहकर उसकी हर जरूरत का ध्यान रखा। विमान के दिल्ली में उतरने पर महिला को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। पूर्व विधायक अभी गोवा, दमन और दीव, और दादरा नगर हवेली की कांग्रेस सचिव एवं सह प्रभारी है। वह कांग्रेस की वोट चोरी रैली के लिए दिल्ली जा रही थी।

ईडी ने कोडीन युक्त सिरप मामले में कई जगहों पर तलाशी ली

नई दिल्ली। ईडी ने कोडीन युक्त कफ सिरप के गैर-कानूनी व्यापार और इसके दुरुपयोग के सिलसिले में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को कहा कि उसने लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर, रांची और अहमदाबाद में आरोपियों और उनके साथियों के घरों और कार्यालयों समेत 25 जगहों पर तलाशी ली है। ईडी ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट, बीएनएस और दूसरे लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज 30 प्राथमिकियों के आधार पर जांच शुरू की।

दूसरे एमएच-60आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन को शामिल करेगी नौसेना

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 17 दिसंबर को अपने दूसरे एमएच-60आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन - आईएनएएस 335 (ओस्प्रे) को सेवा में शामिल करेगी, जिससे उसकी विमानन क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। उन्नत हथियार और सेंसर इस हेलीकॉप्टर को नौसेना के लिए एक बहुउपयोगी बनाते हैं। नौसेना ने कहा कि गोवा स्थित आईएनएस हंसा पर 17 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में दूसरे एमएच-60आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन - आईएनएएस 335 (ओस्प्रे) - को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की उपस्थिति में औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया जाएगा।

सिडनी में यहूदी समुदाय के उत्सव में आतंकी हमला, 11 की मौत

बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी, लोगों ने इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन के रेस्त्रां में छिपकर बचाई जान, एक आतंकी मार गिराया

- पुलिस ने एक हमलावर आतंकी को किया गिरफ्तार

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को यहूदी समुदाय के उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।

पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था। हमले के दौरान लोगों ने इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन के रेस्त्रां में छिपकर बचाई जान। यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर 'चानुका बाय द सी' नामक कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए थे।

युवक ने हिम्मत दिखा छीन ली हमलावर की बंदूक: ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक एक व्यक्ति बंदूकधारियों में से एक को पकड़कर उससे हथियार छीन लेता है और फिर वही हथियार उस पर तान देता है। मेलबर्न निवासी 32 वर्षीय लाचलान मोरान ने बताया कि वह पास ही में अपने परिवार का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, सब लोग अपना सारा सामान छोड़कर भागने लगे, लोग रो रहे थे, और यह सब बहुत भयानक था। पुलिस ने कहा कि उसका अभियान जारी है और आसपास के इलाके में मिली कई संदिग्ध वस्तुओं की जांच विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा की जा रही है, जिसमें एक संदिग्ध की कार में बरामद किया गया आईईडी भी शामिल है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा, बॉन्डी बीच के दृश्य चौंकाने वाले और दुखद हैं।

सिडनी के बोंडी बीच पर गोलीबारी की में घायल हुए व्यक्ति को स्ट्रेचर पर ले जाते आपातकालीन कर्मी।

मोदी ने आतंकी हमले की निंदा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और दुख की इस घड़ी में वहां के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की जनता की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया की जनता के साथ एकजुटता से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाता है तथा इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।

पंकज ने संभाली यूपी की कमान

निर्विरोध चुने गए 17वें प्रदेश अध्यक्ष, संगठन पर्व में हुआ औपचारिक एलान

- बूथ से शिखर तक एकजुटता का प्रदर्शन, सरकार-संगठन में तालमेल का संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से भाजपा का झंडा थामते हुए 17वें प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभाल ली। इसके पहले केंद्रीय चुनाव अधिकारी एवं केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने निर्विरोध चुने जाने का औपचारिक एलान किया। चुनाव में सरकार और संगठन में तालमेल का जबरदस्त संदेश दिया गया। सड़कों पर पार्टी के झंडे लहराते हजारों कार्यकर्ताओं के हुजूम से जगह-जगह जाम के हालात दिखे। कार्यक्रम के पश्चात पार्टी मुख्यालय पहुंचकर पंकज चौधरी ने रजिस्टर में अपना हस्ताक्षर कर औपचारिकता पूरी की।

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में संगठन पर्व समारोह में नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद का दृश्य बेहद आत्मीय, गौरवपूर्ण और कार्यकर्ताओं के नारेबाजी से उत्साह के चरम पर था। पंकज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए और निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से कार्यभार ग्रहण किया। शंख और डमरू की ध्वनि के बीच पूरा सभागार कार्यकर्ताओं के उत्साह से गूंज उठा। वर्ष1980 में भाजपा के गठन के बाद पंकज चौधरी पार्टी के 17वें प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यवेक्षक विनोद तावड़े, प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह समेत संगठन व सरकार के शीर्ष नेता मौजूद रहे। नेतृत्व परिवर्तन को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी और संगठन को नए सिरे से धार देने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

लखनऊ स्थित डा.राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार में नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

संगठन और सरकार एक-दूसरे के पूरक : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा में संगठन और सरकार एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों मिलकर उत्तर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले यूपी की पहचान दंगों, अराजकता और अव्यवस्था से जुड़ी थी, लेकिन आज प्रदेश विकास, विरासत और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है। बेहतर कानून व्यवस्था के कारण निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर राज्य बन रहा है। राम मंदिर निर्माण और उसके पूर्ण होने की घोषणा को उन्होंने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान से मतदाता सूची साफ-सुथरी बनेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

मोदी-योगी समेत 120 राष्ट्रीय परिषद सदस्य घोषित

गोयल ने संगठन पर्व के दौरान भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के 120 सदस्यों की भी घोषणा की। राष्ट्रीय परिषद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की सर्वोच्च इकाई है। परिषद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (वाराणसी), मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर), रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ), उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य (प्रयागराज), उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव), भूपेंद्र सिंह चौधरी (संभल), स्मृति ईरानी (सुल्तानपुर), डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय (वाराणसी), सूर्य प्रताप शाही (सलेमपुर), स्वतंत्र देव सिंह (बांदा) और डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (गोरखपुर) सहित कई प्रमुख चेहरे शामिल हैं।

नितिन नबीन भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

- जेपी नड्डा की जगह लेंगे, इस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा नेता
- बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं नबीन, पांच बार विधायक रह चुके

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने रविवार को बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नबीन को इस पद के लिए चुना है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा, भाजपा के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

कायस्थ समुदाय से संबंध रखने वाले नबीन (45) के मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी बनेंगे। पार्टी नेताओं के अनुसार, वह इस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। नबीन पांच बार के विधायक हैं। वर्तमान में वह बिहार में पथ निर्माण मंत्री और पटना के बांकीपुर से विधायक हैं। वह पहले भी कई बार मंत्री रहे हैं। नड्डा को जनवरी 2020 में भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वह अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी का नेतृत्व करने के लिए कार्यकाल विस्तार दिया गया था। वह एक युवा और कर्मठ नेता हैं जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है और बिहार में कई बार विधायक एवं मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगन से काम किया है।

भाजपा नेता रविशंकर के साथ नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन।

उनकी ऊर्जा और समर्पण से पार्टी को मिलेगी मजबूती : मोदी

मोदी ने एक्स पर कहा, वह अपने विनम्र स्वभाव और व्यावहारिक कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई।

राजधानी में एक्यूआई 460 पार से हाहाकार, डीडीए को फटकार

- गंभीर स्थिति बरकरार रहने के लिए सीएक्यूएम ने जिम्मेदारों की खिंचाई की

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी वायु प्रदूषण की रोकथाम को सख्त पाबंदियां लागू होने के बावजूद रविवार सुबह आठ बजे यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 460 दर्ज किया गया। यह वायु प्रदूषण की बेहद खतरनाक स्थिति का संकेत देता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार को हवा को और प्रदूषित होने से रोकने के लिए ग्रैप (श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना)-4 लागू कर दी थी।

आयोग ने शनिवार को पहले ग्रैप-3 लागू किया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर दिल्ली शहर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 लगा दिया। वाहनों और धूल प्रदूषण (जिसका ज्यादातर हिस्सा निर्माण कार्य के कारण होता है) को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता की बिगड़ती स्थिति के लिए मुख्य कारण माना जा रहा है। 450 से ऊपर का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में आता है, जो आम लोगों और खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस या दिल की बीमारियों वाले लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। सीएक्यूएम ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों के रखरखाव में खामियों और निरंतर लापरवाही को लेकर खिंचाई की है। निरीक्षणों में राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में धूल का उच्चस्तर, कचरा जमाव और कचरा जलाने की घटनाएं सामने आई हैं। जांच के निष्कर्ष के अनुसार, 15 मार्गों पर धूल का स्तर अधिक था, जबकि 38 खंडों पर मध्यम स्तर की धूल पाई गई, वहीं 61 खंडों पर धूल की तीव्रता कम थी और 22 खंडों पर धूल बिल्कुल भी नहीं पाई गई।

दिल्ली में सड़क पर छाई धुंध।

दिल्ली-एनसीआर में बाहरी खेलों के आयोजन पर रोक

नई दिल्ली। सीएक्यूएम ने दिल्ली और एनसीआर राज्य सरकारों को सभी बाहरी शारीरिक खेल गतिविधियों को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया है, साथ ही चेतावनी दी है कि खराब वायु गुणवत्ता के बीच ऐसे आयोजनों का निरंतर संचालन बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि वह इस बात से चिंतित है कि 19 नवंबर के शीर्ष कोर्ट के आदेश के अनुरूप जारी किए गए निर्देशों के बावजूद कुछ स्कूल और संस्थान अब भी बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। खराब वायु गुणवत्ता के दौरान बाहरी शारीरिक गतिविधियों को जारी रखना उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों और आयोग के निर्देशों की भावना और उद्देश्य के विपरीत है।

गन्ने के खेत में भागने पर शूटर ने फायर कर दी गोली, भेड़िए की मौत

बहराइच। कैसरगंज इलाके में गोडाहिया नंबर चार के मजरा जरवा में रविवार को ग्रामीणों ने एक भेड़िए को देखा था। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी डंडे लेकर उसके पीछे भागे थे, इस दौरान वो गन्ने के खेत में भाग गया था। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम उसकी तलाश में लगी हुई थी। देर शाम वन विभाग के शूटरों ने भेड़िए को नदी के कछार में भेड़िए को रेस्क्यू करने का प्रयास किया गया। लेकिन उसके भागने पर शूटर ने फायर कर दिया गोली लगने से भेड़िए की मौत हो गई। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि रविवार को जरूवा इलाके में ग्रामीणों ने करीब दो बजे भेड़िए के होने की जानकारी दी। जिसके बाद इलाके कांबिंग कर रही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच ड्रोन से उसकी तलाश शुरू की। ट्रैकिंग के दौरान भेड़िया नदी के कछार में घास के झुरमुट में भागता दिखाई दिया, जिसके बाद उस पर फायर किया गया। गोली लगने से उसकी मौत हो गई। बता दें कि इसी इलाके में शनिवार की भोर भेड़िया एक मासूम को उठा ले गया था। इसके बाद वन विभाग की टीम ने कल भी एक भेड़िए का एनकाउंटर किया था।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में महिलाओं और एससी एसटी अधिकारियों को तरजीह देने का निर्देश

- केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा-प्रमुख पदों पर नामित करें ताकि पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जा सके

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा है कि वे महिला अधिकारियों तथा अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रमुख पदों पर नामित करें, ताकि उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जा सके।

सभी राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों को भेजे गए एक पत्र में कार्मिक मंत्रालय ने केवल उन्हीं अधिकारियों के नाम भेजने को कहा है, जिन्हें कम से कम दो वर्षों तक, पदोन्नति के आधार पर वापस मूल विभाग में बुलाए जाने की संभावना न हो। केंद्रीय कर्मचारी योजना (सीएसएस) के तहत पदों पर तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) और अन्य सरकारी संगठनों में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधिकारियों की नियुक्ति की जानी है। सीवीओ सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार पर नजर रखने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग की एक विस्तारित इकाई के रूप में कार्य करते हैं। दस दिसंबर को जारी इस पत्र में कहा गया है, महिला तथा एससी और एसटी अधिकारियों के पर्याप्त नाम पेश किए जाएं, ताकि उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। पत्र में यह भी कहा गया है कि आवेदक की सतर्कता स्थिति को प्रभावित करने वाली किसी भी जांच/शिकायत/कार्रवाई का विवरण भी भेजा जाए।

विशेष

सभी डीएम को जनगणना पूर्व तैयारियां करके रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश, डिजिटल रूप में संपन्न कराई जाएगी जनगणना, स्वगणना का भी विकल्प

जनगणना से पहले अगले साल शुरू होगी मकानों की गणना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : केंद्र सरकार ने करीब 16 साल बाद 2027 में जनगणना कराना प्रस्तावित किया है। दो चरण में होने वाली जनगणना के पहले चरण में मकानों की गणना कराई जाएगी। मकानों की गणना अगले साल मई-जून माह में शुरू होगी। इसमें एक-एक मोहल्ला, गांव और शहरों के कच्चे-पक्के मकानों की गणना होगी।

जनगणना के दोनों महत्वपूर्ण कार्य शुरू होने से पहले पूर्व परीक्षण के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं, जिन्हें 31 दिसंबर तक पूरा करने के निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना संगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने निर्देश जारी किए हैं।

बरेली मंडल सहित सभी जनपदों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं कि जनगणना-2027 की पूर्व तैयारियां कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। सभी डीएम को बताया है कि जनगणना वर्ष 2026 एवं 2027 में दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (मई-जून 2026) होगी। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना (फरवरी 2027) में शुरू कराई जाएगी। जनगणना पूरी तरह डिजिटल रूप में सम्पन्न होगी। जिसमें स्व-गणना का भी प्रावधान होगा।

31 दिसंबर के बाद क्षेत्राधिकार परिवर्तन नहीं करा सकेंगे: जनगणना 2027 को शुरू कराने से पहले समस्त प्रशासनिक इकाइयों, जनपद, तहसील, राजस्व ग्राम, नगर निगम, नगर पालिकाओं की सीमाओं को 31 दिसंबर की स्थिति में अंतिम रूप दिया जाना है। 1 जनवरी, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक इन सीमाओं में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। सभी डीएम को निर्देश हैं कि जनगणना-2011 के बाद जिला अंतर्गत तहसील, ब्लाक, ग्राम, नगर एवं वार्ड स्तर पर समस्त क्षेत्राधिकार परिवर्तन को अंतिम रूप देते हुए सभी जानकारी संकलित एवं सत्यापित कर निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत करें।

जिला मुख्यालय पर बनेगी जनगणना सेल

जनगणना कार्य समय पर पूरा कराने के लिए जनगणना कार्य निदेशालय से समन्वय और विभिन्न प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए एडीएम फाइनेंस के अधीन जिला मुख्यालय में जनगणना सेल गठित होगी। इसमें दो ऐसे तकनीकी दक्ष कर्मी तैनात किए जाएंगे, जो जनगणना कार्य करने के लिए कंप्यूटर, मोबाइल के उपयोग में निपुण हों। एसडीएम के अधीन भी जनगणना सेल गठित होगी।

मानचित्रों का पुन: होगा सत्यापन होगा

नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना दोहराव के जनगणना कार्य कराने के लिए ग्राम एवं नगर रजिस्टर त्रुटि-रहित बनाए जाने हैं। ग्राम रजिस्टर में सभी आबाद, गैर आबाद ग्राम एवं नगर रजिस्टर में नगर, उनके वार्ड संबंधित मोहल्लों व कॉलोनियों को शामिल करना है। जिलों से जो रिपोर्ट लखनऊ के जनगणना निदेशालय भेजी गई थी, उसके आधार पर ग्राम व नगर रजिस्टर एवं तहसील मानचित्र सत्यापन के लिए पुन: भेजे गए हैं।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर 2025



लखनऊ : राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के सभागार में भाजपा के संगठन पर्व कार्यक्रम के दौरान पंकज चौधरी को यूपी के नए प्रदेश अध्यक्ष का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य। अमृत विचार

कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत : योगी

प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन समारोह में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा- एक महीने सिर्फ बूथ पर काम करें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण कार्यकर्ताओं में जोश, आत्मविश्वास और विजय का भरोसा भरने वाला रहा। योगी ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है और वही पार्टी की हर जीत की नींव होता है। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता जागरूक, संगठित और सक्रिय होता है, तब कोई ताकत भाजपा को रोक नहीं सकती। उन्होंने एसआईआई के मद्देनजर आगाह किया कि कार्यकर्ताओं को गोरखपुर, महाराजगंज या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है, अगले एक महीने तक सिर्फ बूथ पर काम करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों के पीछे संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है। पहले प्रदेश अराजकता और दंगों से पहचाना जाता था, आज यूपी विकास, विरासत और मजबूत कानून व्यवस्था का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था के कारण निवेशकों का भरोसा बढ़ा और उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर राज्य बना। योगी ने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि अगली लड़ाई बूथ पर लड़ी जाएगी। आपको गोरखपुर, महाराजगंज या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है, अगले एक महीने तक सिर्फ बूथ पर काम करना है । उन्होंने जोर देकर कहा कि साफ-सुथरी मतदाता सूची भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने वाला अभियान बताते हुए कहा कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़ना चाहिए और कोई फर्जी नाम न रहने पाए।

मुख्यमंत्री ने राम मंदिर निर्माण, हाईवे, मेट्रो, बिजली आपूर्ति और औद्योगिक निवेश का उल्लेख करते हुए कहा कि ये उपलब्धियां तभी संभव हुईं जब सरकार और संगठन ने मिलकर काम किया। उन्होंने भरोसा जताया कि नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। अंत में योगी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि जब कार्यकर्ता पूरे मन से मैदान में उतरता है, तब भाजपा की तीन चौथाई लड़ाई वहीं जीत ली जाती है।

मुख्यमंत्री योगी के पैर छू कर आशीर्वाद लेते नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

भाजपा के सांगठनिक चुनावों की प्रक्रिया अन्य दलों के लिए अकल्पनीय : पीयूष गोयल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने निर्वाचन का ऐलान करते हुए कहा कि इतनी बड़ी पार्टी होने के बावजूद भाजपा जिस व्यवस्थित, पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से अपने चुनाव कराती है, वह अन्य दलों के लिए अकल्पनीय है। 1.62 लाख बूथों पर सदस्यता और सर्वसम्मति से नेतृत्व चयन इसका प्रमाण है। गोयल ने पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में संगठन और अधिक मजबूत होगा और आगामी चुनावों में भाजपा नई सफलता हासिल करेगी।

सेवा ही मेरा संकल्प : पंकज चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले- आदेश नहीं, संवाद करूंगा, रूल नहीं, रोल निभाऊंगा
- नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के भाषण पर जमकर गूंजे नारे

अमृत विचार: भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने पहले ही संबोधन से साफ कर दिया कि उनके नेतृत्व की धुरी संगठन का कार्यकर्ता होगा। भव्य निर्वाचन समारोह में जैसे ही उन्होंने माइक संभाला, पूरा सभागार तालियों और नारों से गूंज उठा। आत्मविश्वास से भरे स्वर में पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। आज इस पद पर पहुंचना मेरे लिए सत्ता का नहीं, सेवा का अवसर है। मुझे रूल नहीं करना है, बल्कि रोल अदा करना है। कहा कि कार्यकर्ता ही मेरी ताकत और सेवा ही मेरा संकल्प है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी पहली प्राथमिकता कार्यकर्ताओं की बात सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा। नेतृत्व आदेश देने से नहीं, संवाद और समाधान से मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि संगठन में हर आवाज सुनी जाएगी। भाजपा की कार्यसंस्कृति का जिक्र करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि यह पार्टी किसी परिवार या जाति की नहीं, बल्कि परिश्रम और त्याग करने वाले कार्यकर्ताओं की है। यहां बूथ पर झंडा उठाने वाला कार्यकर्ता भी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी और सबसे अनुशासित राजनीतिक पार्टी है।

पंकज ने अपने राजनीतिक सफर को याद करते हुए कहा कि 1991 में भाजपा ने उन्हें महाराजगंज से पहली बार चुनाव लड़ने का अवसर दिया। तब से लेकर अब तक सात बार सांसद बनने तक का सफर कार्यकर्ताओं के भरोसे और मेहनत का परिणाम है। मैंने न कभी महाराजगंज छोड़ा, न भाजपा को पंकज चौधरी ने। उन्होंने स्वीकार किया कि प्रदेश अध्यक्ष पद उनके जीवन की अब तक की सबसे बड़ी और गंभीर जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को विनम्रता, परिश्रम और संगठन के सामूहिक प्रयास से निभाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते पंकज चौधरी, साथ में पार्टी नेता।

नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने ये चुनौतियां

- लंबे समय से लंबित मनोनयनों और उपेक्षा से नाराज कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना।
- 2024 में खिसके पिछड़े वोट, खासकर कुर्मी समाज को फिर से भाजपा के पाले में लाना।
- बूथ स्तर पर संगठन को धार देकर पंचायत और विधानसभा चुनाव की ठोस रणनीति बनाना।
- प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच समन्वय बनाकर शिकायतों का समाधान करना।

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय परिषद सदस्य

1. नरेंद्र मोदी – वाराणसी
2. राजनाथ सिंह – लखनऊ
3. योगी आदित्यनाथ – गोरखपुर
4. केशव प्रसाद मौर्य – प्रयागराज
5. ब्रजेश पाठक – उन्नाव
6. चौधरी भूपेंद्र सिंह – मुरादाबाद
7. स्मृति ईरानी – सुल्तानपुर
8. महेंद्र नाथ पांडेय – वाराणसी
9. सूर्य प्रताप शाही – देवरिया
10. स्वतंत्र देव सिंह – बांदा
11. रमापति राम त्रिपाठी – गोरखपुर
12. सुरेश कुमार खन्ना – शाहजहांपुर
13. दारा सिंह चौहान – आजमगढ़
14. निरंजन ज्योति – फतेहपुर
15. विनोद सोनकर – कौशांबी
16. रामशंकर कठेरिया – इटावा
17. महेंद्र सिंह – प्रतापगढ़
18. हरीश द्विवेदी – बस्ती
19. कौशल किशोर – लखनऊ
20. प्रियंका रावत – बाराबंकी
21. रमापति शास्त्री – गोंडा
22. ब्रजबहादुर – अलीगढ़
23. राघव लखनपाल – सहारनपुर
24. मृगांका सिंह – शामली
25. सुभाष चंद्र शर्मा – मुजफ्फरनगर
26. महेंद्र धनौरीया – बिजनौर
27. यशवंत सिंह – बिजनौर
28. राकेश सिंह – मुरादाबाद
29. सुभाष भटनागर – रामपुर
30. परमेश्वर लाल सैनी – संभल
31. ऋषि पाल नागर – अमरोहा
32. अरुण वशिष्ठ – मेरठ
33. सुदेश चौहान – बागपत
34. लज्जा रानी गर्ग – हापुड़
35. हरीश चंद्र भाटी – गौतमबुद्धनगर
36. सतीश बाल्मीकि – बुलंदशहर
37. आशुतोष वार्ष्णेय – अलीगढ़
38. डीपी गोयल – मथुरा
39. प्रभु दयाल कठेरिया – आगरा
40. अशोक राणा – आगरा
41. आनंद चंद्र अग्रवाल – फिरोजाबाद
42. प्रेम सिंह शाक्य – मैनपुरी
43. त्रिवेंद्र पाल सिंह – एटा
44. हरप्रसाद पटेल – बदायूं
45. धर्मेंद्र कश्यप – बरेली
46. केएम अरोड़ा – बरेली
47. सुरेश गंगवार – पीलीभीत
48. अंजुला सिंह महौर – हाथरस
49. मिथिलेश कठेरिया – शाहजहांपुर
50. रजनी सरीन – फर्रुखाबाद
51. कमलेश कठेरिया – इटावा
52. सुब्रत पाठक – कन्नौज
53. प्रेमलता कटियार – कानपुर
54. नीरज चतुर्वेदी – कानपुर
55. सत्यप्रकाश शंखवार – जालौन
56. संतोष सोनी – झांसी
57. सरस्वती शरण द्विवेदी – हमीरपुर
58. रणवेंद्र प्रताप सिंह – फतेहपुर
59. संतोष गुप्ता – बांदा
60. अजय मिश्रा – लखीमपुर खीरी
61. जुगल किशोर – लखीमपुर खीरी
62. राकेश त्रिपाठी – सीतापुर
63. पूर्णिमा वर्मा – हरदोई
64. राजकिशोर रावत – सीतापुर
65. राम देव पाल – रायबरेली
66. अनिल तिवारी – अयोध्या
67. रामप्रकाश यादव – अंबेडकरनगर
68. मुकुट बिहारी वर्मा – बहराइच
69. अक्षयवर लाल गौंड – बहराइच
70. राकेश प्रताप सिंह – श्रावस्ती
71. इकबाल बहादुर तिवारी – गोंडा
72. दया शंकर यादव – अमेठी
73. एमपी सिंह – सुल्तानपुर
74. पुष्पा देवी – कौशांबी
75. कविता पटेल – प्रयागराज
76. सुरेंद्र प्रताप सिंह – जौनपुर
77. विद्यापति सोनकर – जौनपुर
78. शारदा चौहान – गाजीपुर
79. शिवनाथ यादव – चंदौली
80. गोरखनाथ पांडेय – भदोही
81. दिलीप पटेल – मिर्जापुर
82. राम शुक्ल – सोनभद्र
83. अष्टभुजा शुक्ल – बस्ती
84. दुर्गा राय – संतकबीरनगर
85. जनार्दन गुप्ता – महाराजगंज
86. संत राज यादव – कुशीनगर
87. रविंद्र कुशवाहा – देवरिया
88. काली प्रसाद – गोरखपुर
89. शेषनाथ आचार्य – आजमगढ़
90. अनिरुद्ध मिश्रा – देवरिया
91. हरिनारायण राजभर – मऊ
92. जय प्रताप सिंह – सिद्धार्थनगर
93. नागेंद्र पांडेय – बलिया
94. कमलेश सैनी – बिजनौर
95. संजीव बालियान – मुजफ्फरनगर
96. कांता कदम – मेरठ
97. विमला बाथम – नोएडा
98. ओमप्रकाश गोयल – अमरोहा
99. प्रदीप चौधरी – सहारनपुर
100. राजवीर सिंह – एटा
101. सूर्यप्रकाश पाल – आंवला
102. प्रमोद गुप्ता – आगरा
103. रामनरेश अग्निहोत्री – मैनपुरी
104. रविकांत गर्ग – मथुरा
105. सत्यदेव पचौरी – कानपुर
106. गीता शाक्य – औरैया
107. रश्मि राज – लखीमपुर
108. राजरानी रावत – बाराबंकी
109. पद्मसेन चौधरी – बहराइच
110. लल्लू सिंह – अयोध्या
111. कृष्ण शास्त्री – हरदोई
112. सुरेश तिवारी – लखनऊ
113. पीके वर्मा – हरदोई
114. संगम लाल गुप्ता – प्रतापगढ़
115. दर्शना सिंह – गाजीपुर
116. कौशलेंद्र पटेल – वाराणसी
117. सीमा द्विवेदी – जौनपुर
118. नीलम सोनकर – लालगंज
119. विनोद पांडेय – गोरखपुर
120. परदेशी रविदास – महाराजगंज

नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के जरिए पूर्वांचल को साधने की कोशिश

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- लोस चुनाव में भाजपा को पूर्वांचल में 10, अवध क्षेत्र में मिली थी 6 सीटें

अमृत विचार: भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्ष के जरिए पूर्वांचल को साधने की कोशिश की है। इसी के साथ भाजपा ने साल 2027 के विधानसभा चुनावी तैयारी शुरू कर दी। सांगठनिक फेरबदल को सपा के पीडीए की काट में तुरुप का इक्का कहा जा रहा है। साथ ही पंकज चौधरी की ताजपोशी से कई सियासी संकेत निकाले जा रहे हैं।

पंकज, महराजगंज जिले के रहने वाले हैं। यह पूर्वांचल में आता है। भाजपा बनने के बाद पूर्वांचल से और भी अध्यक्ष हुए लेकिन तब सियासी परिदृश्य अलग था। अयोध्या का मंदिर आंदोलन चरम पर था। मंदिर आंदोलन के फायर ब्रांड नेता विनय कटियार भी साल 2002 में प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। अब परिस्थितयों के साथ सियासत की दिशा भी बदली है। इसलिए रणनीति बदल रही है।

भाजपा ने साल 2024 के चुनाव परिणाम की पृष्ठभूमि पर 2027 के लिए पटकथा लिखनी शुरू कर दी है। अयोध्या का पावर हाउस अब भी सियासी धुआं उगल रहा है लेकिन लोकसभा चुनाव से साफ हो गया कि जातीय सियासत फिर फन उठा रही है। मंदिर आंदोलन के दौरान मद्धिम पडी लौ फिर तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव में पूर्वांचल के चुनाव परिणाम और जातीय सियासत को साधने के लिए भाजपा ने पंकज चौधरी पर दांव लगाया है। पूर्वांचल के गोरखपुर, महराजगंज, आजमगढ़ से मिर्जापुर तक की कुल 26 सीटों में से भाजपा को केवल 10 सीटें मिली थी, सपा को 14 और अन्य को दो। अवध के अयोध्या से लखनऊ के बीच की 20 सीटों में भाजपा को केवल छह सीटें मिली थी। श्रीराम मंदिर वाली अयोध्या की सीट भी भाजपा हार गई थी। पूर्वांचल से अवध के इस क्षेत्र में कुर्मी बिरादरी के साथ होने से परिणाम बदल सकता है। दोनों क्षेत्रों में कुर्मी वोटरों की संख्या अच्छी खासी है। साल 2022 के विधानसभा चुनाव से ही भाजपा के अंदरखाने में यह चर्चा शुरू हो गई थी कि कुर्मी वोटर धीरे-धीरे भाजपा से खिसक रहा है। इसीलिए भाजपा ने अवध और पूर्वांचल को साधने के लिए साढ़े तीन दशक के अनुभवी नेता पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी। इसे सपा के पीडीए की काट के रूप में भी देखा जा रहा है। पूर्वांचल के राजनीति की दृष्टि से अब तीन महत्वपूर्ण बिंदु हैं। सियासत के केंद्र में रही अयोध्या के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भी पूर्वांचल से हो गए। प्रदेश अध्यक्ष महराजगंज जिले से हैं तो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पड़ोसी जिले गोरखपुर से हैं। वह इस ताजपोशी को गंभीर सियासी संकेत मानते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की निगाह अब भाजपा की अगली सियासी चाल पर है। जिसके जरिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति को साधने को कोशिश होगी। इसके लिए संगठन से सरकार तक में पश्चिम को वरीयता देने के कदम उठाए जाएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की नई टीम पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संगठन महामंत्री के पद पर बदलाव के आसार नहीं
- आठ उपाध्यक्ष और तीन महामंत्री बनाकर गढ़ी जाएगी नई टीम

अमृत विचार: भाजपा उत्तर प्रदेश के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के चुनाव के बाद अब संगठन की निगाहें प्रदेश कार्यकारिणी की नई टीम पर टिक गई हैं। पार्टी के संविधान के तहत होने वाले इस गठन को लेकर संगठन के भीतर मंथन तेज हो गया है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) के पद पर फिलहाल किसी बदलाव के आसार नहीं हैं, जबकि उपाध्यक्ष, महामंत्री और मंत्री पर नए चेहरों को मौका मिलने की प्रबल संभावना है।

पार्टी संविधान की धारा–17 के अंतर्गत श्रेणी–3 में आने वाले प्रदेशों के लिए स्पष्ट प्रावधान है कि प्रदेश कार्यकारिणी में अधिकतम 105 सदस्य हो सकते हैं। इसी श्रेणी के तहत उत्तर प्रदेश में अधिकतम 8 प्रदेश उपाध्यक्ष और 3 प्रदेश महामंत्री बनाए जा सकते हैं। ऐसे में नई टीम का ढांचा लगभग तय माना जा रहा है और अब सवाल सिर्फ नामों को लेकर है। संविधान के अनुसार श्रेणी–3 की कार्यकारिणी में कम से कम 35 महिलाएं और 9 अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के सदस्य होना अनिवार्य है। यही कारण है कि नई टीम के चयन में केवल राजनीतिक अनुभव नहीं, बल्कि सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को भी विशेष महत्व दिया जाएगा। पश्चिम यूपी, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और अवध- चारों क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की तैयारी है।

सूत्रों के मुताबिक, संगठन महामंत्री का पद यथावत रखा जाएगा। इसे संगठन की रीढ़ माना जाता है और पंचायत चुनाव तथा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले इस पद पर स्थिरता बनाए रखने के संकेत हैं। केंद्रीय नेतृत्व भी इस पद पर निरंतरता के पक्ष में बताया जा रहा है। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह पूरे प्रदेश में अपने संगठन कौशल और मेहनत से बूथ से लेकर शीर्ष तक सबसे प्रभावी चेहरे हैं।

नए चेहरों को आगे लाने की तैयारी

8 प्रदेश उपाध्यक्ष और 3 प्रदेश महामंत्री के पदों पर नए चेहरों को आगे लाने की तैयारी है। इसमें युवा, सक्रिय और जमीनी स्तर पर संगठन का अनुभव रखने वाले नेताओं को प्राथमिकता मिलने की चर्चा है। कुछ मौजूदा पदाधिकारियों को बाहर कर या नई जिम्मेदारी देकर संगठन में संतुलन साधा जा सकता है। सरकार के निगम, आयोग, परिषद आदि में भी कईयों को भेजकर पदोन्नति मिलेगी।

नाराजगी दूर करने और 2027 की बिसात

नई टीम के गठन को सिर्फ संगठनात्मक कवायद नहीं, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय से संगठन में समायोजन का इंतजार कर रहे नेताओं की नाराजगी दूर करने की कोशिश भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा होगी। माना जा रहा है कि कुछ नेताओं को संगठन में और कुछ को बोर्ड-निगम या सरकारी दायित्वों के जरिए संतुष्ट किया जा सकता है।

शंखनाद, नारों और झंडों के बीच उत्सव में तब्दील हुआ संगठन पर्व

लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय परिसर में प्रदेशभर से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'नया कप्तान' देखने को उमड़े प्रदेशभर के कार्यकर्ता, संगठन के संदेश ने बढ़ाया उत्साह

अमृत विचार: डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय का परिसर रविवार की दोपहर किसी राजनीतिक कार्यक्रम का नहीं, बल्कि उत्सव का गवाह बन गया। मुख्य सभागार के भीतर निर्वाचन की औपचारिकता चल रही थी, लेकिन असली तस्वीर बाहर थी। जहां झंडे, ढोल-नगाड़े, शंखनाद और नारों के बीच भाजपा का संगठन पर्व जश्न में बदल चुका था। हर किसी को 'नया कप्तान' देखने की ललक थी। साथ ही, सरकार और सगंठन के संदेश उत्साह बढ़ा रहे थे।

सुबह से ही विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में भाजपा की प्रांतीय टीम कार्यक्रम को लेकर तैयारी तो अंतिम रूप देने में जुटी थी। जबकि प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं की टोलियां जुटने लगी थीं। कोई पूर्वांचल से आया था तो कोई पश्चिम यूपी से।

लेकिन जैसे ही केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने घोषणा की कि 17वें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी निर्वाचित हैं, कार्यक्रम स्थल जयश्रीराम, वंदे मातरम, भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। अंदर से बाहर परिसर और सड़कों पर शंखनाद, नारों और झंडों लहराकर जश्न शुरू हो गया। लखनऊ मंडल की टीमों ने पटाखे भी फोड़े और जमकर थिरके भी। कई कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। कार्यक्रम में भाजपा के सांसद-विधायक-मंत्री से लेकर संगठनात्मक 98 जिलों से जिलाध्यक्ष और हाल ही में चुने गए 1600 से अधिक मंडल अध्यक्ष भी आए थे। कार्यक्रम स्थल के बाहर का दृश्य किसी चुनावी रैली से कम नहीं था। दिलचस्प यह रहा कि कार्यक्रम स्थल के बाहर किसी तरह की अफरातफरी या असंतोष नजर नहीं आया। सुरक्षा व्यवस्था सख्त थी, लेकिन माहौल सहज।

न्यूज ब्रीफ

संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : बदोसरांय थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीया किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 16 साल की बेटी शनिवार की भोर 4 बजे से घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका सुराग नहीं लगा। परिजनों ने यह भी उल्लेख किया है कि घर पर रखे मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से पहले घंटी आई थी, जिसके बाद वह मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। आशंका है कि इसी मोबाइल धारक द्वारा उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार किशोरी की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

शैक्षिक भ्रमण को रवाना हुए बच्चे

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को ले जाने वाली बसों को बदोसरांय व सैदनपुर से जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बदोसरांय में जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने जबकि सैदनपुर में भाजपा मंडल महामंत्री अमित रामजी व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज सोनी ने बस को रवाना किया।

पत्रक वितरित कर बताया संघ का इतिहास

सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर संघ घर-घर भारत माता के चित्र व संघ का इतिहास बताने वाले पत्रक का वितरण किया जा रहा है। रविवार को ग्राम सभा हरिपालपुर व कमेला में जिला व्यवस्था प्रमुख राज कुमार शर्मा व खण्ड कार्यवाह धर्मेन्द्र मिश्र द्वारा पत्रक वितरित किये गये। इस मौके पर योगेन्द्र मिश्र, आशीष श्रीवास्तव, गया बक्स सिंह पुष्पेन्द्र मिश्र, अजय मिश्र, जंग प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

गांव में सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने से आक्रोश

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड बनीकोडर की ढेमा ग्राम पंचायत व उसके मजरे बसायगपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। महीनों से नियमित सफाई न होने के कारण गांव की गलियों में कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियां बजबजा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के पुराने सफाईकर्मी का कार्यक्षेत्र बदल दिया गया, जबकि नए सफाईकर्मी की तैनाती नहीं की गई। परिणामस्वरूप पूरा गांव सफाई व्यवस्था से वंचित हो गया और मजबूरन ग्रामीणों को खुद ही नालियों की गंदगी साफ करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने स्थायी सफाईकर्मी की तैनाती की मांग की है।

मरीजों को दें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

राज्य सरकार की टीम ने की रामनगर सीएचसी व त्रिलोकपुर पीएचसी की जांच

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने निकली राज्य सरकार की स्वास्थ्य टीम रविवार को रामनगर सीएचसी व त्रिलोकपुर पीएचसी का निरीक्षण किया। टीम ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

टीम ने मरीजों से पूछताछ की तो एंबुलेंस के ईएमटी की लाग बुक भी जांची। इस दौरान टीम के सामने जर्जर आवास व खराब सड़क का मुद्दा भी उठा। अब तक की जांच में टीम ने संतोष जताया है।

सुबह करीब 11 बजे टीम में शामिल डीपीएम उमानाथ एवं डीआईसी उमाशंकर सीएचसी रामनगर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से उपचार की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। पैथोलॉजी लैब में निरीक्षण करते हुए जांच रजिस्टर देखे गए। एंबुलेंस के ईएमटी से लॉग बुक लेकर उसका भी परीक्षण किया गया। टीम ने पीएचसी त्रिलोकपुर का निरीक्षण कर वहां तैनात डॉ. सुनील से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

सीएचसी में जांच करती राज्य सरकार की टीम। ● अमृत विचार

सीएमओ ने किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : रविवार को अवकाश के बावजूद सीएमओ डॉ. अवधेश यादव ने पीएचसी बदोसरांय, सैदनपुर तथा मेलारायगंज स्थित आयुष्मान मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर से हुई, जहां मुख्यमंत्री आरोग्य मेला था। सीएमओ ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाइयों और उपचार की जानकारी ली।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार रात घर से निकले युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। सतरिख के बरगदिया निवासी जियालाल रावत (35) पुत्र छविनाथ का शव रविवार की सुबह गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार जियालाल शनिवार की रात घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी से जियालाल का शव लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अन्तरजनपदीय चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : स्वाट व थाना जहांगीराबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अन्तरजनपदीय चोर गिरोह के पांच शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। चोरों के कब्जे से तमंचे, कारतूस, सोने-चांदी के जेवरात, पीतल के बर्तन, 29 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में मनोज कुमार निवासी अटवा थाना जहांगीराबाद, नीलू निवासी लखनापुर थाना महमूदाबाद सीतापुर, दयाराम व उमेश निवासी अटहरा थाना घुंघेटर तथा रविन्द्र निवासी जाफरपुर थाना महमूदाबाद सीतापुर शामिल हैं। सभी को मुनीमाबाद शराब ठेका के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त एक संगठित अन्तरजनपदीय गिरोह के सदस्य हैं, जो दिन में मोटरसाइकिल से सुनसान व ताला लगे मकानों की रेकी करते थे और रात में चोरी करते थे। गिरोह द्वारा थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के फैजुल्लागंज, बल्लापुरवा मजरे अजगना व इल्मासगंज सहित थाना फतेहपुर व मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रों में कई चोरी की घटनाएं की गई थीं, जिनके संबंध में पूर्व से अभियोग पंजीकृत हैं। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त मनोज कुमार व दयाराम के विरुद्ध थाना जहांगीराबाद में आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए।

भूमि विवाद में मारपीट, 3 घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : थाना जहांगीराबाद क्षेत्र में जमीन पर जबरन कब्जे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर एक ही परिवार के तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मदारपुर मजरे चचेरुवा के विपिन कुमार के अनुसार बुधवार को विपक्षी उनके घर के पास की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे थे। विरोध पर रामकिशोर, संतोष, सुग्रीव, अमर सिंह सहित उनके परिजन व महिलाएं लाठी, बांका आदि लेकर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में बीच-बचाव करने आए उदय प्रताप, कपिल कुमार, श्याम सिंह समेत कई लोग घायल हो गए। बताया गया कि उदय प्रताप का हाथ टूट गया जबकि श्याम सिंह के सिर में गंभीर चोट आने से वह भी अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के बाद ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ितों ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित पक्ष ने थाना जहांगीराबाद में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना बदोसरांय के अमनियापुर निवासी मनोरमा ने तहरीर देकर बताया कि 13 दिसंबर की शाम उनके पुत्र अमित, हरिओम और पुत्री मानसी बाइक से घर लौट रहे थे। रंजिश को लेकर पहले से घात लगाए बैठे शिवमुरली, दीपक, अंकुर मिश्रा, अनिरुद्ध और गोलू ने उनको लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा। हमले में दोनों पुत्रों को गंभीर चोटें आईं। दरियाबाद के भुइंदेपुर मजरे सराय शाह आलम निवासी ऋषि कुमार ने पुलिस को बताया कि 12 दिसंबर को सरकारी नाली निर्माण को लेकर लेखपाल व सचिव की मौजूदगी में विवाद हुआ। दबंगों ने लाठी-डंडा व रॉड से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वह एक ग्रामीण के घर में घुस गए, जहां पीछा कर पहुंचे आरोपियों ने वहां मौजूद व्यक्ति को भी पीटा। आरोप है कि सूचना के बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं हुई।

सराफ के पुत्र से जेवर हड़पे

बाराबंकी, अमृत विचार : बंकी में दोस्ती की आड़ में सर्राफा व्यापारी के पुत्र से सोने चांदी के जेवर हड़प लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जबरन सुलह करवा दी। कोई सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली गई। तब जाकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। उत्तर टोला के रहने वाले रवीन्द्र कुमार रस्तोगी ने न्यायालय को बताया कि उनका पुत्र कक्षा 8 का छात्र है। इस दौरान मो. उमर मिर्जा नामक युवक के संपर्क में आया। उमर ने सोने की नथुनी, टीका, कुंडेदार सोने का सिक्का, सोने का लॉकेट कुल लगभग 11.5 ग्राम सोना तथा करीब 1 किलो 250 ग्राम चांदी के जेवर हड़प लिए। जब दुकान में रखे जेवरात कम होने लगे तब इस बात का पता चला।

हादसों में युवक की मौत, 5 घायल

संवाददाता, रामसनेहीघाट, मसौली

रफ्तार की मार

अमृत विचार : अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसकी मां समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

दरियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को दरियाबाद स्टेशन मार्ग पर मथुरानगर पुलिया के पास आमने-सामने से आ रही बाइक और ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई। हादसे में रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के सुमेरगंज निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद राजन अपनी मां नूरजहां के साथ बाइक से दवा लेकर घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सभी घायलों को सीएचसी मथुरानगर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने मोहम्मद राजन, उनकी मां नूरजहां, ई-रिक्शा चालक बुद्धू और एक अन्य घायल बेबूलाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मोहम्मद राजन ने दम तोड़ दिया। नूरजहां का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

इस हादसे में बाइक सवार हैदरगढ़ क्षेत्र के कुंभी निवासी मुख्तार अली तथा ई-रिक्शा में सवार सराय दूनेली टिकैतनगर निवासी बुद्धू और रानेपुर निवासी बेबूलाल भी घायल हुए। दूसरी घटना मसौली थाना क्षेत्र की है। बाराबंकी-रामनगर हाईवे पर मसौली चौराहे के पास रविवार सुबह रोडवेज बस ने साइकिल सवार और बाइक चालक को टक्कर मार दी। हादसे में थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योरी निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद जब्बार पुत्र इरशाद साइकिल से जाते समय गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बाइक चालक को मामूली चोटें आईं।

भंडारे के साथ श्रीराम कथा का समापन

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : श्री शक्ति धाम महादेव तालाब मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का रविवार को भंडारे के साथ समापन हुआ।

सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास आलोक सरस महाराज ने श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, प्रेम और कर्तव्य पर आधारित प्रसंगों का सरल एवं भावपूर्ण वर्णन किया। आयोजन समिति की ओर से भंडारे की व्यवस्था की गई।

कथा व्यास आलोक सरस ने कहा कि श्रीराम का जीवन आज के समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

बैठक में मौजूद रहे पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रदेशीय सम्मेलन की तैयारी में जुटा शिक्षणेतर संघ

बाराबंकी, अमृत विचार : देश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष नीरज पांडे की अध्यक्षता में डी.ए.वी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 23 दिसंबर को रवींद्रालय, चारबाग लखनऊ में आयोजित होने वाले संघ के प्रदेशीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा करना रहा। बैठक में बताया गया कि प्रदेशीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में गुलाब देवी, माध्यमिक शिक्षा मंत्री तथा डॉ. महेंद्र देव, शिक्षा निदेशक रहेंगे। बैठक में संरक्षक व प्रदेशीय मंत्री शिव कैलाश सोनी, जिला मंत्री पवन कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंह, मंडल उपाध्यक्ष संदीप कुमार, मंडलीय संगठन मंत्री अयोध्या श्री श्रवण कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र किशोर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अलीम, जिला मीडिया प्रभारी अमित कुमार, उप जिला मंत्री अभिषेक सिंह, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, शिव शंकर आदि थे।

छोटी हनुमानगढ़ी मंदिर के चैनल का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाया दानपात्र

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : भिटरिया चौराहा स्थित छोटी हनुमान गढ़ी मंदिर में हुई चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने मंदिर के मुख्य चैनल का ताला तोड़कर नोटों से भरा दानपात्र उठा ले गए। घटना शनिवार की देर रात की बताई जा रही। रविवार की सुबह पूजा के लिए मंदिर पहुंचे पुजारी भैरव प्रसाद तिवारी ने जब मुख्य ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखने पर दानपात्र गायब मिला। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरू की। खाली दानपात्र मंदिर से मात्र करीब 50 मीटर की दूरी पर एक दुकान के पास पड़ा मिला। स्पष्ट है कि चोरों ने मंदिर से कुछ ही दूर बैठकर दानपात्र खोला, नकदी निकाली और फरार हो गए। कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

लालच भक्ति में सबसे बड़ी बाधा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज ने कहा कि लालच भक्ति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। जब मनुष्य भक्ति से हटकर भौतिक आकर्षणों की ओर प्रवृत्त हो जाता है, तब वह ईश्वर-प्राप्ति से भटक जाता है। कथा के दौरान व्यास ने शबरी प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि शबरी की निष्कलंक भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम ने उसके जूठे बेर प्रेमपूर्वक ग्रहण किए और सामाजिक समरसता का महान संदेश दिया। भगवान की भक्ति में जाति-पाति का कोई भेद नहीं होता, केवल प्रेम और श्रद्धा ही प्रधान होते हैं।

रामलीला में भगवान श्रीराम के स्वरूप की आरती करते भक्त। ● अमृत विचार

रावण-बाणासुर संवाद ने किया रोमांचित

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम मेढ़िया में रामलीला प्रांगण में चल रही रामलीला में सीता स्वयंवर व धनुष भंग लीला का दरभंगा बिहार से आये कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। सीता स्वयंवर में आये रावण और बाणासुर में वाक युद्ध हुआ। वाकयुद्ध का दर्शकों ने आनन्द उठाया। मंचित लीला के अनुसार सीता के योग्य वर न मिलने पर पिता के रूप में राजा जनक के करूण विलाप ने दर्शकों को अश्रुपूरित कर दिया। गुरू विश्वामित्र का आदेश प्राप्त कर भगवान राम ने जैसे ही शिव धनुष का खण्डन किया तो समूचे दर्शक दीर्घा में जय श्रीराम का उद्घोष गूंजने लगा। भगवान शिवशंकर के धनुष के खण्डन की आवाज़ सुनकर पहुंचे परशुराम के क्रोध को देखकर सभी भयभीत हो गये। लक्ष्मण जी द्वारा परशुराम के क्रोध का सामना किया गया, परशुराम और लक्ष्मण संवाद सुनकर दर्शक रोमांचित हुए।

गोकुल प्रदेश क्रिकेट टीम में चयनित

बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ के जाफरपुर गांव निवासी गोकुल वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम में बतौर ऑलराउंडर हुआ है। नागेश ट्रॉफी ब्लाइंड क्रिकेट टी-20 नेशनल टूर्नामेंट का यह आठवां संस्करण है। । जाफरपुर के निवासी बैजनाथ के पुत्र गोकुल वर्मा वर्तमान में कक्षा नौ में कानपुर ब्लाइंड स्कूल में अध्ययनरत हैं। क्रिकेट में वह एक ऑलराउंडर के रूप में पहचान बना चुके हैं। वह दाएं हाथ के बल्लेबाज तथा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं।

आस्था

जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया कार्यक्रम

श्री साईं महोत्सव में भजनों से शहर भक्तिमय

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : श्री साईं महोत्सव के तहत बाबा की पावन चरण पादुका के साथ शोभायात्रा जीआईसी ऑडिटोरियम पहुंची। यहां पर दर्शन, पूजन अर्चन के बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन गायक पारस जैन साईं भजनों का ऐसा समां बांधा कि श्रोताओं की तालियां बजती ही रहीं।

महोत्सव का आयोजन श्री शिरडी साईं बाबा सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के सहयोग व मार्गदर्शन में किया गया। शोभायात्रा देर शाम जीआईसी आडिटोरियम पहुंची। यहां डॉ. विवेक वर्मा की धर्मपत्नी डॉ. मीनाक्षी वर्मा, व्यापारी नेता रविन्न खजांची, सरदार चरनजीत सिंह सहित अन्य लोगों ने आरती कर पुष्पवर्षा की। जीआईसी ऑडिटोरियम में बाबा का दरबार आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां देर रात तक श्रद्धालुओं को चरण पादुका के दर्शन कराए गए। सायं छह बजे धूप आरती के बाद अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त भजन गायक पारस जैन 'शिरडी वाले' ने भावपूर्ण भजन संध्या प्रस्तुत की। "साईं नाम की माला जप ले" और "शिरडी वाले साईं बाबा" जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे और पूरा सभागार भक्तिरस में डूब गया। रात में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, बबलू सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, राजेश अरोड़ा 'बब्बू' आदि उपस्थित रहे।

महोत्सव में प्रस्तुति देते भजन गायक। ● अमृत विचार

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

एक्सप्रेस-वे पर टकराए कई वाहन, बस चालक की हुई मौत

घने कोहरे के चलते हुए हादसे के बाद यातायात रहा बाधित, यूपीडा व पुलिस कर्मियों ने घायलों को अस्पताल भेज क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव

अमृत विचार। बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर छाए घने कोहरे के कारण एक के बाद एक आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। इसमें जयपुर से लखनऊ जा रही स्लीपर बस भी पीछे से कंटेनर में घुस गई। जिससे बस चालक की मौत हो गई। वहीं, परिचालक सहित चार लोगों को चोटें आ गई। यूपीडा व पुलिस कर्मियों ने घायलों को अस्पताल भेज क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा कर लेन क्लियर कराई।

राजस्थान प्रांत से टाइल्स लाद कर लखनऊ जा रहा लोडर रविवार भोरपहर छाए घने कोहरे के चलते बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर इंटरचेंज के निकट डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। दृश्यता शून्य होने से पीछे से आ रहा कंटेनर उससे टकरा गया। तभी उसके पीछे जयपुर से लखनऊ जा रही डबल बस कंटेनर में घुस गई। इसके बाद पीछे से आए अन्य वाहन एक के बाद एक टकराते रहे। हादसे से बस सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। यूपीडा व पुलिस की टीम ने यात्रियों को इमरजेंसी दरवाजे से बाहर निकाला। हादसे में राजस्थान के धौलपुर जिला के कोलारी थानाक्षेत्र के चितौरा गांव निवासी बस चालक जितेंद्र सिंह (40) व पुत्र केसरीलाल व परिचालक हरिओम पुत्र मातादीन निवासी मुरैना मध्य प्रदेश व लोडर सवार गुड्डू पुत्र रमेश एव महेंद्र पुत्र प्रभु दयाल निवासी ग्राम फरासपुरा थाना सिकंदरा जनपद दौसा राजस्थान गंभीर घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल जहां पर डाक्टर ने बस चालक जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना की सूचना पर पहुंची बेहटा मुजावर पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। इस पर लखनऊ में जितेंद्र के मामा का बेटा शिवेंद्र चौधरी व भाई नरेंद्र व रोतन के आने पर पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के शव का पोस्टमार्टम कराया।

कंटेनर में पीछे से घुसी बस।

एक्सप्रेस-वे पर छाया कोहरा। अमृत विचार

बस के घायल लाए गए औरास

औरास। बेहटा मुजावर में हुए हादसे में स्लीपर बस में सवार लखनऊ के आलमबाग थानाक्षेत्र के मवईया निवासी शशि पत्नी मंसाराम (56), गोरखपुर जिले के एयरफोर्स स्टेशन निवासी धनराज (36) पुत्र गिरधारी लखनऊ के कृष्णा नगर के गली नंबर 1 निवासी जितेंद्र (54) पुत्र नाथे सिंह भी घायल हुए। सभी जयपुर से बस में लखनऊ जा रहे थे। यूपीडा की टीम उन्हें औरास सीएचसी लाई। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद शशि व धनराज को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया।

आलू लदा ट्रक पलटा, चालक चोटहिल

बांगरमऊ, अमृत विचार। ट्रक चालक पप्पू पुत्र चौबे फरूखाबाद से आलू की बोरियां लादकर सुल्तानपुर जा रहा था। तभी रविवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव मार्ग स्थित भिखारीपुर रुल्ल की पुलिया के पास अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गहरी खंती में पलट गया। राहगीरों ने केबिन में फंसे चालक को किसी तरह बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा।

न्यूज ब्रीफ

18 विवादित जोड़ों की हुई सफल घर वापसी

उन्नाव। एसपी जय प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में महिला हेल्पडेस्क और परिवार परामर्श केंद्र ने थानों में काउंसलिंग के माध्यम से पति-पत्नी के बीच के विवादों को सुलझाया गया, जिसके बाद 18 विवादित जोड़ों को बिना किसी विवाद के साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क में वैवाहिक विवादों से जूझ रहे जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श समिति और महिला हेल्पडेस्क की टीमों ने काउंसलिंग सत्र आयोजित किए। जोड़ों के बीच उपजे मनमुटाव और विवाद को समाप्त किया गया। जिससे उनके बीच आपसी सामंजस्य बहाल हुआ। सबसे अधिक सात जोड़े महिला थाना से विदा किए गए। इसके अतिरिक्त, बांगरमऊ, पुरवा, और सदर से दो-दो जोड़े, जबकि अचलगंज, आसीवन, बिहार, हसनगंज, और गंगाघाट से एक-एक जोड़े को खुशी-खुशी उनके घर भेजा गया। इन सभी जोड़ों ने भविष्य में बिना विवाद के अपना वैवाहिक जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। इस दौरान टीम में डॉ. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति और शिल्पा श्रीवास्तव, महिला थानाध्यक्ष रेखा सिंह, दरोगा संतोष कुमारी, सिपाही सुहावना, पूजा, पूजा यादव, ज्योति, दुर्गेश, शिखा, मीनू, पूनम, लक्ष्मी वर्मा, नीतू व संध्या यादव शामिल आदि मौजूद रहे।

28 को होगा लोकार्पण

उन्नाव। साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था 'आचमन' की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था के अध्यक्ष रामसकल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक संस्था के संरक्षक एवं चौ. खजान सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. मुकेश कुमार सिंह के निज निवास जुराखन खेड़ा में संपन्न हुई। बैठक में संस्था के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष डीके मिश्रा द्वारा लिखित संक्षिप्त पुराण संग्रह के लोकार्पण का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम 28 दिसंबर को गार्डन ग्रीन गेस्ट हाउस, लोक नगर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनपद के अनेक मनीषियों एवं विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर आचमन के संस्थापक संरक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में आचमन परिवार के संरक्षक डॉ. रामनरेश, संजय सिंह, प्रीति सिंह, उमा निवास बाजपेई, मोहनी शंकर पांडे, कैलाश नाथ द्विवेदी, कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रियंका शुक्ला, पंकज लोधी, बालकृष्ण अवस्थी, अतुल शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संचालन विनय त्रिपाठी ने किया।

भंडारे के साथ राम कथा का हुआ समापन

शुक्लागंज। श्री मां गंगा सेवा समिति एवं सनातन परिवार के तत्वावधान में आयोजित अमृतमयी श्री राम कथा का रविवार को समापन हुआ। जहां सुबह के समय आचार्यों ने विधि विधान से हवन पूजन कराया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। 5 दिसंबर से पोनी रोड डॉकतार कॉलोनी में श्री मां गंगा सेवा समित एवं सनातन परिवार की ओर से श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा था। जहां कथा वाचिका कनक पांडेय ने श्रोताओं को श्री राम कथा का रसपान करा रहे थे। रविवार को समापन के बाद आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। जिसके बाद लोक कल्याण के लिये मौजूद लोगों ने हवन वेदियों में भक्तों ने आहूतियां डाली। जिसके बाद कन्यापूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। इस मौके पर श्रीकांत पांडे, संदीप पांडे, बड़े लाल बाजपेई, आशुतोष पांडे, उदित चौरसिया, घनश्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

नवाबगंज। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक रविवार को सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे। पोलियो उन्मूलन अभियान के बीच पहुंचे महानिदेशक ने पोलियो बूथ में जाकर जानकारी ली। इसके बाद सीएचसी के निरीक्षण में खामियां मिलने पर नाराजगी जताई। महानिदेशक डॉ. पवन कुमार को पोलियो बूथ प्रभारी ने बताया कि रविवार दोपहर तक 18 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने अभियान की प्रगति पर संतोष जताया, लेकिन केंद्र की अन्य कमियों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, एमएनसीयू, महिला वार्ड और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का बारीकी से निरीक्षण किया। सरकारी योजनाओं से जुड़े डिस्प्ले बोर्ड खराब मिले। लेबर रूम में फोकस लैंप की कमी, एमएनसीयू में अपर्याप्त रोशनी और ओटी में ऑटो क्लेव खराब पाए जाने पर स्टाफ को लताड़ लगाई। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की कमी पर भी नाराजगी जताई। फायर एनओसी न होने की जानकारी पर संबंधित विभाग से तत्काल समन्वय करने के निर्देश दिए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की गई जान

उन्नाव। अचलगंज थानाक्षेत्र के अमरसस निवासी किशोरी लाल गौतम (50) पुत्र स्व. राम प्रसाद करीब 5 साल से दही औद्योगिक क्षेत्र दही चौकी स्थित एक फैक्ट्री में श्रमिक था। शनिवार देरशाम वह ड्यूटी से घर लौट रहा था। तभी थानाक्षेत्र के जमुका-कोरारी मार्ग पर चंदी खेड़ा गांव के बाहर स्थित एक ईंट भट्ठा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। सड़क पर सिर के बल गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सूचना पर पहुंची पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित के दिया। जामातलाशी में मिले आधार कार्ड से पुलिस ने ग्राम प्रधान से संपर्क कर परिजनों को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

किशोरी लाल (फाइल फोटो)

वार्षिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट छात्र हुए सम्मानित

दीप प्रज्वलित करते एसपी एवं सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। बेनहर इंटरटीट्यूशनल ग्रुप के अंतर्गत बेनहर इंटरनेशनल स्कूल, अब्कसपुर में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'परिवर्तन 2025' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं कॉलेज के संस्थापक सैयद अयाज अली अलवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्होंने अपने छात्र जीवन की स्मृतियां साझा कीं और कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, एडीजे राम राज चौधरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी को प्रबंधक सैयद फैज अली अलवी ने गुलदस्ता, शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक, प्रमाण पत्र व मोमेंटो प्रदान किए गए। वहीं यूपी बोर्ड कक्षा 10 के टॉपर विशेष लोधी एवं सीबीएसई टॉपर यशश्वी द्विवेदी को 5100 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया।

प्रेम प्रसंग में युवक की गलाघोंट कर हत्या

उन्नाव। अचलगंज थानाक्षेत्र के बलिया खेड़ा गांव निवासी सुधीर पाल (24) पुत्र राम संजीवन कोलकाता में ट्रक चालक था। बीती 6 दिसंबर को वह भतीजी की छठी में शामिल होने आया था। उसके आधार कार्ड में कुछ गड़बड़ थी। जिसके करेक्शन के लिए वह रुक गया। मां के मुताबिक बीते शुक्रवार गांव का युवक रंजीत वर्मा ने उसे फोन कर बुलाया जिसके बाद वह बाइक सहित लापता था। रविवार सुबह परिजन तलाश करने पहुंचे तो बदरका निवासी मंगू के खाली पड़े खेत में उसका औंधे मुंह शव पड़ा मिला। जो घास फूस से ढका था। गले में कपड़े की रस्सी का फंदा कसा था। नाक से खून बह रहा था। सीओ मधुप नाथ मिश्र, एसओ बृजेश शुक्ल ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।। उसके पास दो मोबाइल मिले। पैंट व अंडरवियर नीचे खसकी थी। इससे उसकी हत्या किए जाने साक्ष्य स्पष्ट मिले।

सुधीर (फाइल फोटो)

कूटरचित दस्तावेज की मदद से हटवाई गंभीर धारा

नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव में सन-2018 में हुई मारपीट के दौरान राइफल से फायर कर जान से मारने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। लेकिन पीड़ित पक्ष की माने तो कूटरचित दस्तावेजों से आरोपियों व पुलिस की सांठगांठ से कोर्ट को गुमराह कर 307 को धारा हटा दी गई। इस पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बता दें कि 29 दिसंबर-2018 की दोपहर करीब 12 बजे चमरौली ग्राम प्रधान समर बहादुर, शिशिर बहादुर, मुन्नालाल वर्मा व पिंटू उर्फ प्रवीण कुमार ने कथित रूप से आशीष सिंह की गाड़ी रोककर उसे व उसके पिता उदय भान, चाचा उदयवीर पर लाठी-डंडों से हमला किया। आरोप है कि इसी दौरान शिशिर बहादुर ने अपनी लाइसेंसी राइफल से आशीष सिंह के पिता पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। हालांकि वह बाल-बाल बच गए। उदय भान सिंह की तहरीर पर 307 व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। लेकिन विवेचना के दौरान आईओ ने 307 हटा दी थी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने दीक्षित आर्म्स स्टोर, इटावा रोड बकेवर के नाम से फर्जी लेटर पैड, कूटरचित मोहर, प्रोप्राइटर के जाली हस्ताक्षर और फर्जी कस्टडी रजिस्टर तैयार कर अपनी राइफल को घटना वाले दिन जमा दिखा दिया।

इसी आधार धारा हटाई गई। इस पर आशीष ने 17 जनवरी- 2025 को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत इसकी जानकारी मांगी। इस पर 3 मार्च-2025 को आर्म्स स्टोर के प्रोप्राइटर सुधांशु कुमार ने लिखित रूप से स्पष्ट किया कि संबंधित राइफल उक्त अवधि में उनके प्रतिष्ठान में जमा नहीं थी। उनके रिकॉर्ड में इसका कोई उल्लेख नहीं है। पीड़ित का कहना है कि इससे यह साफ हो गया कि कूटरचित दस्तावेजों के जरिए आरोपियों ने अनुचित लाभ लिया।

स्वास्थ्य मेले में 92 मरीजों को दी दवा

शुक्लागंज। रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ अक्षय कुमार, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 92 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, आलोक मिश्रा मौजूद रहे।

बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

मेडल प्राप्त खिलाड़ियों के साथ अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल उन्नाव में एथलेटिक्स चैंपियनशिप टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को फस्ट उत्तर प्रदेश स्कूल गेम्स कमेटी द्वारा सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल हुसैन नगर के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से 10 विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल संघों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित कई स्पर्धाएं आयोजित हुईं। आयोजन समिति के प्रबंधक योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ाना और उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच देना था।

उद्घाटन मुख्य अतिथि आनंद आहूजा चेयरमैन जयपुरिया व हैप्पी फेसेस स्कूल, रोमा आहूजा चेयरपर्सन जयपुरिया व हैप्पी फैसेस स्कूल और संजय राठी अध्यक्ष खेल एसोसिएशन उन्नाव व निधी शर्मा प्रधानाचार्या जयपुरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

शिक्षकों को सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी: वेणु रंजन

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

शुक्लागंज, अमृत विचार। समाज के प्रत्येक वर्ग को सुसंस्कृत और शिक्षित बनाने का दायित्व शिक्षकों के कंधों पर होता है। ऐसे में शिक्षकों को सम्मान मिलना सबसे बड़ी आकांक्षा है।

उक्त विचार शिक्षक नेता वेणु रंजन भदौरिया ने रविवार को कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद मिशन इंटर कॉलेज शुक्लागंज के प्रांगण में शिक्षाविद परिषद शुक्लागंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा। कार्यक्रम का शुभारंभ 400 से अधिक माध्यमिक शिक्षकों द्वारा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। एस एन सेन डिग्री कॉलेज कानपुर की प्राचार्या डॉ. सुमन ने कहा कि शिक्षकों के शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यों को सरल बनाया जाना चाहिए। आरके मिशन कॉलेज कानपुर की शिक्षाविद अल्पना कटियार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम के संचालक सुरेश शुक्ला ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष शिक्षक समागम के रूप में किया जाएगा। शिक्षाविद मयंक शुक्ला ने अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा शिक्षक राजनीति पर पुनर्विचार की आवश्यकता बताई। वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रांतीय मंत्री गौरव शुक्ला और जिला अध्यक्ष गंगासागर यादव ने शिक्षक एकजुटता पर बल दिया।

सिटी डायरी

अप्रशिक्षित स्टाफ के सहारे चलता अस्पताल।

अप्रशिक्षित स्टाफ के सहारे चल रहे निजी अस्पताल, कार्रवाई पर सवाल

बांगरमऊ। हरदोई-उन्नाव रोड, लखनऊ रोड सहित नगर के कई प्रमुख मार्गों पर दर्जनों नर्सिंग होम संचालित हैं। इनमें से अधिकांश में न तो योग्य डॉक्टर तैनात हैं और न ही प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ। इसके बावजूद अस्पतालों के बाहर लगे बोर्डों पर बड़े-बड़े नामचीन डॉक्टरों के नाम अंकित कर मरीजों और उनके परिजनों को भ्रमित किया जाता है। नाम देखकर परिजन गंभीर मरीजों को इन्हीं नर्सिंग होम्स में भर्ती करा देते हैं। जब मरीज की हालत बिगड़ने लगती है तो नर्सिंग होम संचालक आनन-फानन में मरीजों को लखनऊ या कानपुर के निजी अस्पतालों में रेफर कर देते हैं। इस संबंध में जब सीएचसी के अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने स्पष्ट जानकारी न होने की बात कही। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना मिली है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कटान स्थल पर जेसीबी से बनाई जाती स्लोप।

लखनऊ रवाना होने के दौरान झंडा लेकर नारा लगाते विधायक।

कटान रोकने के लिए शुरू हुआ स्लोप बनाने का कार्य

शुक्लागंज। मिश्रा कॉलोनी में गंगा नदी से हो रही कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से अब स्लोप (ढाल) बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसका उद्देश्य कटान से होने वाली संभावित घटनाओं को रोकना और क्षेत्र को सुरक्षित बनाना है। सिंचाई विभाग द्वारा पहले कटान रोकने के लिए बांस-बल्लियां लगाने और झाड़-झंखाड़ रोपित करने का कार्य किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कटान पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता गगन कुमार के निर्देश पर जेसीबी मशीन की सहायता से स्लोप निर्माण कार्य शुरू कराया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन को लेकर उत्साह, पंकज गुप्ता ने बताया पर्व

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में कार्यकर्ता फन्टेसी मोटल से बसों और चौपहिया वाहनों के काफिले के साथ लखनऊ के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते भागीदारी सुनिश्चित की। लखनऊ प्रस्थान से पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और इसमें कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि होता है।

मां की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

हनुमान मंदिर के बाहर जरूरतमंदों को कंबल देते विमल द्विवेदी।

उन्नाव। नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक और भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने अपनी माता जी स्मृति मां प्रेमलता द्विवेदी की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। यह कार्यक्रम रविवार को बड़े हनुमान मंदिर के बाहर और रेलवे स्टेशन के बाहर खुले में बैठे असहाय लोगों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विमल द्विवेदी ने बताया कि उन्हें समाज सेवा और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा अपनी मां से ही मिली थी। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, अखिल मिश्रा, अभी तिवारी, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, अंकुर तिवारी आदि मौजूद रहे।

श्रद्धा | हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजन के बाद शुरू हुई कलश यात्रा

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

उन्नाव, अमृत विचार। श्रीमद्भागवत कथा का पंचम महायज्ञ रविवार को भक्तिमय वातावरण में सनातन परिवार सत्संग सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्य कलश यात्रा के साथ किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कथा के मुख्य यजमान डॉ. संजय मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी बबली मिश्रा ने बड़े हनुमान मंदिर परिसर में राष्ट्रीय कथावाचक संत राम शरण शास्त्री के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत, डॉ. संजय मिश्रा ने भागवत पुराण को अपने सिर पर धारण कर कलश यात्रा को प्रारंभ किया। कलश यात्रा की सबसे मनमोहक प्रस्तुति पीले वस्त्रधारी महिलाओं ने दी, जो अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति लिए सिर पर कलश धारण कर झूमते-नाचते हुए आगे बढ़ रही थीं। यात्रा बड़े हनुमान मंदिर से शुरू होकर झंडेश्वर मंदिर होते हुए कथास्थल नार्मल स्कूल मैदान पहुंची। यात्रा में कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां और हनुमान जी के जीवंत स्वरूप का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। डीजे बैंड और ढोल धुनों पर नगरवासी खूब थिरके, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया।

कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

इस दौरान संयोजक पवन निगम, आशीष निगम, नीरज निगम, सह यजमान सुबोध अस्थाना, डॉ. प्रभात सिन्हा, पालिकाध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा, निम्मी अरोड़ा, ममता द्विवेदी, दिव्या श्रीवास्तव, नीलम सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, और डॉ. मनीष सेंगर, वेंकट मिश्रा, अनुराग राठौर, अशोक रस्तोगी, राम प्रकाश चौरसिया आदि शामिल रहे।

न्यूज ब्रीफ

हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

औरास, उन्नाव। कस्बा निवासी राम अवतार (70) 20 नवंबर को संडीला–औरास मार्ग से जा रहे थे। इसी दौरान कस्बे में एचपी पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया गया। वहां वृद्ध की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान रविवार सुबह राम अवतार की मौत हो गई।

हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल

नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव दिरगज खेड़ा निवासी सुनील (30) पुत्र राजेश अपने चाचा श्रीप्रकाश (58) पुत्र सत्यनारायण के साथ रविवार शाम बाइक से कानपुर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अजगैन बाजार मोड़ के पास हाईवे पर पहुंची, तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

हरदोई से होकर चलने वाली धनबाद–चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन का संचालन एक माह बढ़ा

हरदोई, अमृत विचार। रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। रेल प्रशासन ने हरदोई से होकर गुजरने वाली स्पेशल ट्रेन संख्या 03311-12 धनबाद–चंडीगढ़ के संचालन काल में एक महीने का विस्तार कर दिया है। पहले सीमित अवधि के लिए चलाई जा रही इस ट्रेन को यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए आगे भी चलाने का निर्णय लिया गया है।

रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 03311 धनबाद से चंडीगढ़ के लिए अब 13 जनवरी तक संचालित की जाएगी। यह स्पेशल ट्रेन सप्ताह में दो दिन, मंगलवार और शुक्रवार को धनबाद से रवाना होगी। ट्रेन दिल्ली के रास्ते चंडीगढ़ पहुंचेगी और अपने निर्धारित समय पर हरदोई स्टेशन पर दोपहर 3 बजकर 26 मिनट पर

पहुंचेगी। इस समय-सारणी से हरदोई सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 03312 चंडीगढ़ से धनबाद के लिए अब 15 जनवरी तक चलाई जाएगी। यह डाउन ट्रेन सप्ताह में गुरुवार और रविवार को चंडीगढ़ से प्रस्थान करेगी। दिल्ली होते हुए यह ट्रेन हरदोई से गुजरते हुए धनबाद पहुंचेगी। डाउन में यह ट्रेन हरदोई स्टेशन पर अपने तय समय शाम 5 बजकर 9 मिनट पर पहुंचेगी।रेल प्रशासन का कहना है कि इस ट्रेन के संचालन अवधि में विस्तार से उन यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा, जो उत्तर भारत से झारखंड और आसपास के राज्यों की यात्रा करते हैं। त्योहारों, पारिवारिक कार्यक्रमों और आवश्यक यात्राओं के कारण इस रूट पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही थी, जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

स्थानीय यात्रियों और व्यापारियों ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि स्पेशल ट्रेन के चलते लंबी दूरी की यात्रा आसान हो जाती है और कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना भी बढ़ती है। कुल मिलाकर, रेल प्रशासन का यह कदम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया एक सकारात्मक प्रयास माना जा रहा है।

69 बूथों पर पिलाई गई पोलियो की ड्रॉप

पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन जिले में 12 हजार से अधिक बच्चों ने पी दवा

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार। बच्चों को शारीरिक अपंगता से बचाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश पर रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के पहले दिन नगर व आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाए गए बूथों पर नवजात से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज से संचालित इस अभियान के तहत नगर में कुल 69 बूथ लगाए गए थे। इन बूथों पर सुपरवाइजरों की निगरानी में 207 वैक्सीनेटरों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। पहले दिन राजमार्ग, स्टेशन रोड, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। स्वास्थ्य

पीएचसी के बाहर बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाते प्रभारी चिकित्साधिकारी।

आशा वर्कर्स के न आने से हुई परेशानी

15 दिसंबर से उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर आशा वर्कर्स के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का असर रविवार को शुरू हुए पल्स पोलियो अभियान में पहले ही दिन देखने को मिला। नगर में पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए 59 आशा वर्कर्स की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन हड़ताल की घोषणा के चलते सभी आशा वर्कर्स समय पर अभियान में शामिल नहीं हुईं। स्थिति को संभालने के लिए पीएचसी प्रभारी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, डब्ल्यूएचओ समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सुबह करीब आठ बजे से ही आशा वर्कर्स को बुलाने के लिए लगातार फोन किए जाते रहे। काफी प्रयासों के बाद लगभग 11 बजे आशा वर्कर्स पोलियो ड्रॉप की किट लेकर अस्पताल पहुंचीं और इसके बाद बूथों पर जाकर बच्चों को दवा पिलाने का कार्य शुरू किया गया।

कर्मियों के अनुसार अभियान के पहले दिन कुल 12 हजार 45 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। न्यू पीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश चंद्रा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि सोमवार से डोर टू डोर अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसके तहत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगे। अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को भी चिन्हित कर उन्हें दवा दी जाएगी, ताकि क्षेत्र को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाया जा सके।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैने अपना नाम RAJESH KUMAR की जगह RAJESH KUMAR S KANOJIYA रख लिया है आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SHIVLAL R/O-POORA BARAUNA NAYAMATPUR, HASANGANJ DIST-UNNAO-229841(U.P)

सूचना

मैने अपना नाम ANEESH RIZVI की जगह ANEESUN NISA RIZVI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O-AKHLAQ HUSSAIN RIZVI R/0-292/116 SHAHANSHAH BUILDING, NAKHAS CROSSING TULSIDAS MARG, DIST-LUCKNOW-226004 (U.P.)

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक 2282998 तथा इंटर का अंक पत्र अनुक्रमांक 1715796 बीते 12 दिसंबर को घर से आते समय कहीं गिर गया, काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला। अगर किसी को मिले तो हमारे पते पर भेजने की कृपा करें। **लल्लन पुत्र किशोरी लाल, निवासी– ग्राम सिरसा, थाना –नवाबगंज, गोंडा, मोबाइल नं.–8169680353**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति रणजीत प्रसाद द्विवेदी पुत्र स्व0 बाबूलाल निवासी पियरियामाफी छीबों राजापुर चित्रकूटकी मृत्यु दिनांक 22/08/2025 को हो गयी है मेरे पति पेशे से अधिवक्ता थे जिनका प्रमाण पत्र खो गया है जिसका सी0ओ0पी0 नम्बर 095673/2018 है तथा अधिवक्ता पंजीयन क्रम संख्या उ0प्र0 4041/1983 है। **तुलसा देवी पत्नी स्व0 रणजीत प्रसाद द्विवेदी**

बिना सूचना के घंटों बंद रही विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता रहे परेशान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार। रविवार को पोनी रोड रहमत नगर मोड़ के पास लंबे समय से लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर को हटाने का कार्य किया गया। यह कार्य बिना किसी पूर्व सूचना के दोपहर करीब साढ़े बारह बजे शुरू कराया गया, जिसके चलते फीडर चार की बिजली आपूर्ति अचानक बंद हो गई। इसके बाद ट्रांसफार्मर हटाने के साथ मेंटिनेंस कार्य शुरू किया गया।

बिजली आपूर्ति बंद होने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ढाई बजे के बाद भी जब बिजली नहीं आई तो उपभोक्ताओं ने सबस्टेशन पर फोन कर जानकारी ली, तब जाकर उन्हें आपूर्ति बंद रहने का कारण पता चला। करीब चार घंटे बाद शाम को कार्य समाप्त होने पर बिजली आपूर्ति बहाल की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में अवर अभियंता चांद बाबू ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर को हटाने के साथ आवश्यक मेंटिनेंस कार्य किया जाना था, जिसके कारण आपूर्ति बाधित रही।

मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी।

वहीं विद्युत विभाग ने बताया कि उपकेंद्र पर अनुरक्षण कार्य के चलते रविवार को 11 केवी फीडर नेहरू बाग, मगरवारा औद्योगिक व गायत्री नगर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही।

पुल निर्माण के नाम पर मिट्टी की अवैध बिक्री का आरोप, होगी जांच

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

अमृत विचार। मोहान क्षेत्र में सई नदी पर बन रहे पुल के नाम पर मिट्टी की खोदाई कर अवैध बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मिट्टी की परमीशन पुल निर्माण के लिए ली गई थी, लेकिन उसी की आड़ में दिन-रात मिट्टी बेचकर मुनाफा कमाया जा रहा है। मिट्टी की अवैध ढुलाई के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया।

मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीएम हसनगंज प्रज्ञा पांडे ने मौके पर जांच के लिए लेखपाल को भेजा। जानकारी के अनुसार सई नदी पुल निर्माण में मिट्टी भराई का ठेका बाबा कंस्ट्रक्शन नामक फर्म को दिया गया है। निर्धारित किया गया था कि मिट्टी बीबीपुर चिरियारी क्षेत्र से लाई जाएगी, लेकिन आरोप है कि ठेकेदार पुल के नाम पर आसपास से मिट्टी खोदकर डंपरों के जरिए खुलेआम बिक्री कर रहा है। रविवार को कोतवाली क्षेत्र के मटरिया में दिनदहाड़े मिट्टी से भरे डंपर देख ग्रामीणों ने एसडीएम को सूचना दी, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कराई गई। सेतु निगम की प्रोजेक्ट मैनेजर पूजा श्रीवास्तव ने बताया कि पुल निर्माण के लिए आवश्यक मिट्टी लगभग पूरी हो चुकी है। कहा कि यदि ठेकेदार अतिरिक्त मिट्टी बाहर बेच रहा है तो यह उनके कार्यक्षेत्र का विषय नहीं है, फिर भी मामले को देखा जाएगा। एसडीएम प्रज्ञा पांडे ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर अवैध मिट्टी खनन या बिक्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रकाशनार्थ / निविदा सूचना

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
30वॉ वृत्त (वि0 / यॉ0), लो0नि0वि0,
96 महात्मागॉधी मार्ग, लखनऊ

पत्रांकः–2884 / 36 सी0बी0 30 / 2025 दिनांकः–10.12.2025

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएँ अधोहस्ताक्षरी के ओर से आइटम रेट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18.12.2025 से 22.12.2025 तक की अपरान्ह 04.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर निविदा विद्युत अनुरक्षण खण्ड नं0–1 / 2, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

मुहरबन्द निविदाएँ दिनांक 22.12.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे उक्त कार्यालय में प्राप्त की जायेगीं तथा दिनांक 22.12.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारो अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगीं। यदि दिनांक 22.12.2025 को अवकाश होता है तो निविदाएँ अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगीं। निविदा के साथ 100 / – का जनरल स्टैम्प जिस पर रू0 1 / – का रेवेन्यू स्टैम्प ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षरित किया हुआ लगा हो, जमा करना अनिवार्य होगा। निविदाओं को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1–	मुख्य भवन (मण्डप) विधान भवन में वोल्टास मेक सेन्ट्रल ए0सी0 प्लाण्ट के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।	8.99 लाख	0.90 लाख	12 माह	766.00	लोक निर्माण विभाग में विद्युत कार्यो हेतु ए श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार जो वोल्टास कम्पनी द्वारा इस कार्य हेतु अधिकृत हो एवं शासकीय भवनों में इस प्रकृति के कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो, ही निविदा के पात्र होगें।
2–	वी0वी0आई0पी0 गेस्ट हाउस (साकेत) में वोल्टास मेक सेन्ट्रल ए0सी0 प्लाण्ट के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।	5.84 लाख	0.59 लाख	12 माह	766.00	लोक निर्माण विभाग में विद्युत कार्यो हेतु ए श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार जो वोल्टास कम्पनी द्वारा इस कार्य हेतु अधिकृत हो एवं शासकीय भवनों में इस प्रकृति के कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो, ही निविदा के पात्र होगें।
3–	विधान भवन मुख्य भवन एवं गेट नं0–8 के समीप स्थित फायर हाइड्रेन्ट पम्प रूम तथा एड्रेसेबल फायर एलार्म डिटेक्शन सिस्टम व पब्लिक एड्रेस सिस्टम कन्ट्रोल रूम के कम्प्रेहेन्सिव अनुरक्षण (सी.ए.एम. सी.) का कार्य। (सामग्री सहित छः माह हेतु)	7.99 लाख	0.80 लाख	06 माह	766.00	लोक निर्माण विभाग में विद्युत कार्यो हेतु ए श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार जिन्हे इसी प्रकार के कार्यो का अनुभव हो, ही निविदा के पात्र होगें।

निविदा की अर्हताएंः–
1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 20.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में विद्युत अनुरक्षण खण्ड नं0–2, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0, जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत अनुरक्षण खण्ड नं0–2, लो0नि0वि0, लखनऊ के पक्ष में बंधक हो, लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

UP – 242391 **दिनांकः** 12/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत अनुरक्षण खण्ड नं0–2
लो0नि0वि0, लखनऊ

अधीक्षण अभियन्ता
30वॉ वृत्त (वि0 / यॉ0)
लो0नि0वि0, लखनऊ

गर्म वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के खिले चेहरे

हरदोई, अमृत विचार। सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था सुभाष चंद्र बोस जन कल्याण समिति के तत्वावधान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शीत ऋतु में वस्त्र वितरण कार्यक्रम की श्रृंखला के प्रथम चरण के तहत स्थानीय कांशीराम कालोनी में रविवार को निर्धन व्यक्तियों को वस्त्र वितरित किए गये। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार मिश्र ने कहा कि सुभाष समिति वर्ष 2001 से शीत ऋतु में निरंतर अनेक चरण में निर्धन व्यक्तियों को वस्त्र वितरित करने का कार्य कर रही है। समिति का प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक निर्धन व्यक्तियों को ठंड से राहत प्राप्त हो सके। वरिष्ठ सदस्य श्रवण मिश्र राही ने कहा कि समिति द्वारा लगभग 7 चरणों में वस्त्र व कंबल वितरण कार्यक्रम सुनिश्चित है। समिति द्वारा ऐसे सेवा कार्य नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम में पुरुषों, महिलाओं, बालिकाओं तथा बच्चों सहित लगभग एक सौ व्यक्तियों को गर्म कपड़ों के साथ ही उनकी आवश्यकता के अनुसार वस्त्र प्रदान किए गये। इस सेवा कार्य में वरिष्ठ सदस्य सीमा मिश्र, राजेश पटेल, राधेश्याम कश्यप, संतोष कुमार तथा महेश मिश्र का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

कीचड़युक्त सड़क पर चल पाना दुश्वार

संवाददाता, परियर,उन्नाव

अमृत विचार। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के मरौदा मझवारा से सफीपुर जाने वाली सड़क पर मरौदा सुचित गांव स्थित पंचायत घर के सामने कीचड़ व जलभराव के कारण स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाली के कारण इस मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के किनारे नाली का निर्माण न होने के कारण आस-पास के घरों का गंदा पानी सीधे रास्ते में जमा हो जाता है, जिससे हर समय कीचड़ भरा रहता है। यह सड़क न केवल गांव के मुख्य आवागमन का रास्ता है, बल्कि इसी मार्ग पर बाजार, प्राइमरी स्कूल, जूनियर विद्यालय और पंचायत भवन भी

मरौदा मझवारा के मुख्य मार्ग पर भरा कीचड़। अमृत विचार

स्थित हैं। स्कूल और कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को मजबूरन इसी कीचड़ भरे रास्ते से आना-जाना पड़ता है। कई छात्रों के कपड़े रोज इस गंदगी से खराब हो जाते हैं, जिससे उन्हें शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचने में बड़ी परेशानी होती है। ग्रामीण सुरेन्द्र यादव, पवन, कल्लू, गोलू, धर्मेंद्र, मनमोहन सहित अन्य लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन अब तक किसी ने भी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि, ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम विकास अधिकारी विनय त्रिपाठी ने बताया जो काम ग्राम सभा से होने वाला होगा। वह सोमवार को करा दिया जाएगा।

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

Be a part of a dedicated and growing academic team !

NOW HIRING !

Join a Leading Institution Shaping Future Nurses

VACANCIES

- Associate Professor
- Assistant Professor
- Nursing Tutor

REQUIREMENTS

- ✓ Relevant qualifications as per INC Norms
- ✓ Strong teaching ability
- ✓ Commitment to academic excellence
- ✓ Passion for guiding nursing Students

CONTACT DETAILS

Mob : 7521001992, 9412151327
Email : vacn201@gmail.com, varunarjun2016@gmail.com

NH-30, Banthra, Shahjahanpur

चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस ने चोरी के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात व नकदी बरामद की है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि थाना गंगाघाट पर 13 दिसंबर को चोरी का मामला दर्ज किया गया था। उसी मामले में रविवार को उपनिरीक्षक मूलचंद पाठक ने पुलिस टीम के साथ ग्राम देवाराकला पुलिया के पास से वांछित अभियुक्त जितेन्द्र कुमार निवासी ग्राम मूरतखेड़ा को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से चोरी के आभूषण व 200 रुपये नकद बरामद किए गए। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है।

एल&टी फायनांस लिमिटेड
(पहले इसे एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड कहा जाता था)
पंजीकृत कार्यालय: एल&टी फायनांस लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
सीआईएन नं.: L67120MH2008PLC181833
शाखा कार्यालय: उत्तर प्रदेश

L&T Finance

सोना नीलामी की सूचना

एतद्द्वारा सभी संबंधितों की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि कंपनी की निम्नलिखित शाखाओं में संबंधित कर्ज संख्याओं के अंतर्गत गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों, जिनका मोचन कराया जाना बकाया था और जिन्हें कंपनी द्वारा बार–बार सूचना देने के बावजूद संबंधित ग्राहकों द्वारा अब तक नहीं चुकाया गया है, उनकी नीलामी कंपनी के संबंधित शाखा कार्यालयों में **सोमवार 22 दिसंबर 2025** को निम्नलिखित विवरणों के अनुसार की जाएगी:–

1. सहारनपुर शाखा – एल&टी फायनांस लिमिटेड, 2ए 1095, भीम राव अंबेडकर मार्ग, क्लॉक टॉवर के पास, मुख्य चौक, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश. पिन कोड – 247001. फ़ोन – 9875942895 कर्ज संख्या – 163210000004879, 163210000004880, 163210000006080, 163210000006153, 163210000006106, 163210000004901, 163210000006294, 163210000006118, 163210000006236 (समय सुबह 11:00 बजे).

कृपया ध्यान दें कि यदि किसी कारणवश नीलामी उपरोक्त दिनांक पर पूरी नहीं हो पाती है, तो यह बिना किसी पूर्व सूचना के **29 दिसंबर 2025** को उसी स्थान और समय पर आयोजित की जाएगी.

ध्यान दें: संबंधित ग्राहक नीलामी के दिनांक से पहले आभूषणों को मुक्त करवा सकते हैं.

ध्यान दें: एल&टी फायनांस प्रायवेट लिमिटेड के पास अपने विवेकाधीन, किसी भी कर्ज खाते के अंतर्गत किसी भी आभूषण को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी सूची से हटाने का अधिकार है.

ध्यान दें: बोलीकर्ताओं से निवेदन है कि वे पहचान पत्र, पैन कार्ड और पंजीकृत डीलरों के मामले में टिन नंबर प्रस्तुत करें. सफल बोलीकर्ता से पूरी नीलामी की राशि तुरंत आरटीजीएस/किसी अन्य अनुमत माध्यम से कंपनी को हस्तांतरित करने का निवेदन किया जाता है.

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
एल&टी फायनांस लिमिटेड के लिए

उपरोक्त सूचना के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया 1800 268 0000 पर या संबंधित शाखा से संपर्क करें.

दिनांक: 15.12.2025
स्थान: उत्तर प्रदेश

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

हरदोई

न्यूज ब्रीफ

भूमि विवाद में चले चले ईंट-पत्थर

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद के चलते जमकर ईट-पत्थर चलाए गए हैं, जिसमें दोनों पक्ष से चार लोग घायल हुए हैं। पुसि ने घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। पीड़ित पक्ष ने फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। हरपालपुर थाना क्षेत्र के जनक पुरवा गांव निवासी शिशुपाल सिंह ने सांडी थाना क्षेत्र के चौधरियापुर तिराहा के पास जमीन बैनामा कराई थी। जिस पर वह निर्माण कर रहे थे, तभी चौधरईयापुर गांव निवासी विपक्षी संतोष, शैलेंद्र पुत्रगण कैलाश राजपूत ने निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट व ईंट पत्थर चले। विवाद के दौरान दो राउंड फायर भी होने का अरोप है। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राकेश यादव में बताया फायरिंग की बात सामने आ रही है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

किसान सम्मान निधि के लिए परेशान महिला

पाली, हरदोई। कस्बा स्थित ब्लॉक कृषि केंद्र पर एक महिला किसान को अपनी समस्या के समाधान के लिए कई दिनों से भटकना पड़ रहा है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। मोहल्ला बिरहाना निवासी शीलमा देवी पत्नी अरविंद ने आरोप लगाया है कि उनकी किसान सम्मान निधि की पिछली दो किस्तें नहीं आई हैं, जबकि इससे पहले नियमित रूप से धनराशि उनके खाते में आ रही थी। पीड़िता के अनुसार वह बीते चार दिनों से लगातार ब्लॉक कृषि केंद्र के चक्कर काट रही हैं, लेकिन वहां तैनात बाबू उन्हें कभी एक तो कभी दूसरे कक्ष में भेजकर टाल देते हैं। न तो समस्या का स्पष्ट कारण बताया जा रहा है और न ही समाधान की कोई समय-सीमा दी जा रही है।

हरदोई मेला महोत्सव में मचाई धूम

रंगारंग कार्यक्रम में देर रात तक डांडिया व गरबा की धुनों में थिरके लोग

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शहर के नुमाइश मैदान में चल रहे हरदोई मेला महोत्सव के 11वें सीज़न के अंतर्गत शनिवार की रात डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने हिस्सा लिया और नॉनस्टॉप म्यूजिक पर देर रात तक डांडिया व गरबा की धुनों पर जमकर थिरके। इस दौरान मनोरंजन को और रोचक बनाने के लिए कई खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी व विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला जिलाध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कहा कि मेला महोत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करने का भी सशक्त प्रयास है। डांडिया नाइट में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा भी की गई। म्यूज़िकल चेयर में आराध्या त्रिपाठी, नॉनस्टॉप डांसिंग में नीरजा दीक्षित, पुरुष नृत्य में अंकित मिश्रा, मिसेज़ डांडिया क्वीन का खिताब नीलम अजीत, मिस डांडिया क्वीन का खिताब शनाया सिंह तथा सर्वाधिक ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी का पुरस्कार सोनाक्षी कश्यप ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन मणिका गुप्ता ने किया, जबकि निर्णायक की भूमिका खुशबू टंडन ने निभाई। संचालन मुख्य आयोजक रविकिशोर गुप्ता एवं कुलदीप द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य आयोजक रविकिशोर गुप्ता के साथ आयुषी रस्तोगी, अजीत शुक्ल, करुणाशंकर द्विवेदी, गौरव शुक्ला, रज्जन सिंह, अतिशय पांडेय, शरद कश्यप, विपिन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व दर्शक मौजूद रहे।

डांडिया का प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

लखनऊ में कार्यक्रम के दौरान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके।

पीके वर्मा व श्रीकृष्ण शास्त्री बने भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के निर्विरोध सदस्य

हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचन के तहत प्रदेश भाजपा कार्यालय लखनऊ मे नामांकन उपरांत रविवार को क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा अवध क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा व पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री को राष्ट्रीय एवं प्रदेश भाजपा संगठन ने भाजपा की राष्ट्रीय परिषद का निर्विरोध सदस्य निर्वाचित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता पीके वर्मा ने राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं अंतिम के सिद्धांत अनुसार भाजपा द्वारा प्रदान किये गए। इस नवीन उत्तरदायित्व को पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से निभाने का संकल्प लेते हुए केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

करंट की चपेट में आकर ट्रैक्टर चालक की मौत

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। घूरे को पलटते समय कंप्रेसर ट्राली हाई टेंशन लाइन से टच हो गई जिससे ट्राली जलने लगी और ट्रैक्टर चालक करंट की चपेट में आ गया। तत्काल उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी रितेश 28 वर्ष पुत्र रामकृष्ण राजपूत खेत में ट्रैक्टर ट्राली से घूरा डाल रहा था। कंप्रेसर ट्राली से उसने जैसे ही घूरा पलटा तो ट्राली ऊपर उठ गई और अचानक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई जिससे ट्राली भयंकर रूप से जलने लगी। चालक की सीट पर बैठा रितेश भी जलने लगा। तत्काल रितेश को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक विवाहित था उसके एक बच्चा भी है। चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना दी है।

सीएचसी गेट के पास खुले पड़े हैं विद्युत तार

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई,

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट नंबर-2 के पास लगा ट्रांसफार्मर मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए खतरा बना हुआ है। ट्रांसफार्मर के नीचे विद्युत बॉक्स में खुले तार पड़े हैं, जिनमें करंट प्रवाहित होने की आशंका है। अस्पताल आने-जाने वाले मरीज, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग इसी रास्ते का उपयोग करते हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, ये खुले तार काफी समय से असुरक्षित स्थिति में हैं, लेकिन इन्हें ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। बरसात के मौसम में पानी भरने से स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर यह लापरवाही संबंधित विभागों की कार्यशैली पर सवाल उठाती है। ग्रामीणों और मरीजों के परिजनों ने इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्युत विभाग के जेई संतोष कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही लाइनमैन को मौके पर भेजकर खुले तारों को ठीक कराया जाएगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

अस्पताल के पास लगे ट्रांसफार्मर के खुले पड़े तार। अमृत विचार

समिति के संरक्षक के निधन पर शोक सभा

हरदोई, अमृत विचार। श्री गोविन्द वृद्धजन सेवा एवं गो विज्ञान समिति के द्वारा रविवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम होना था। संस्था संरक्षक अशोक कुमार गुप्ता (बघौली वाले) के आकस्मिक निधन होने के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। उनके निधन पर रविवार को संस्था परिवार शोक व्यक्त करने एवं उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने शहीद उद्यान परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। उप प्रबंधक सोनू गुप्ता ने बताया कि संस्था के संरक्षक अशोक गुप्ता का निधन को हो गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

पिहानी सीएचसी में प्रसूता की मौत

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

- परिजनों ने इलाज में लापरवाही व नर्स पर वसूली का लगाया आरोप

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ढोकईया चंदेली गांव निवासी रोशनी (22) पत्नी रामबाबू की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रथम प्रसव के बाद मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिजनों के अनुसार, रोशनी को रविवार तड़के सुबह 3 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। सुबह करीब 10 बजे उसने एक पुत्र को जन्म दिया। मृतका की सास आशा देवी का आरोप है कि वार्ड में भर्ती होने के कुछ समय बाद रोशनी के पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने उसे ग्लूकोज लगा दिया, जिसके बाद महिला की हालत और बिगड़ती चली गई। आरोप है कि इलाज के नाम पर नर्स ने दो हजार रुपये भी वसूले। प्रसूता की हालत गंभीर होने पर भी कोई चिकित्सक देखने नहीं आया। जिससे स्थिति और बिगड़ गई और अंततः रोशनी की मौत हो गई। नवजात पूरी तरह स्वस्थ बताया जा रहा है। रोशनी की शादी को करीब दो वर्ष हुए थे। मृतका का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। पुलिस ने मायके और ससुराल, दोनों पक्षों से लिखित सहमति/बयान लेकर शव उन्हें सौंप दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भावनाथ पांडे सीएचसी पिहानी पहुंचे। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की गई है। सीएमओ के अनुसार प्रसव के दौरान मृत्यु के कई चिकित्सकीय कारण हो सकते हैं, जो जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होंगे। फिलहाल अस्पताल स्टाफ के खिलाफ परिजनों में नाराजगी है। उन्होंने निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

हादसों में घायल दो लोगों की मौत

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। बाज़ार से लौट रहा अधेड़ तेज़ रफ्तार की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा था, हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने जवाब दे दिया। जिसके बाद घर लाते समय रास्ते में ही अधेड़ की मौत हो गई। इसके अलावा अरवल थाने के देवकली तिराहे पर 9 नवंबर को बाइक से टकरा कर घायल हुए अधेड़ को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

सुरसा थाने के उमरापुर निवासी वीरेंद्र पाल (53) 25 नवंबर की शाम पड़ोस की खुटेहना की बाज़ार से लौट रहा था। खुटेहना मोड़ पर तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, उसे मेडिकल कालेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया। वीरेंद्र पाल के बड़े भाई रामचन्द्र ने बताया कि ट्रामा सेंटर से जवाब देने पर निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, शनिवार की शाम वहां भी डाक्टरों ने जवाब दे दिया। लखनऊ से घर लाते समय रास्ते में मौत हो गई। वीरेंद्र पाल के परिवार में पत्नी सरला पाल व दो बेटे शास्वेंद्र पाल, पियूष पाल और एक बेटी भावना पाल है।

वीरेंद्र पाल की फाइल फोटो।

वाहन ने बाइक व साइकिल में मारी टक्कर, दो लोग घायल

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। बिलग्राम-कटरा बिल्हौर मार्ग पर भिखापुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार सहित बाइक सवार भी घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब साइकिल सवार युवक आटा पिसवाकर घर लौट रहा था। साइकिल सवार प्रवीण कुमार (25) पुत्र जगरूप कुमार निवासी ग्राम भीखपुर मजरा रोशनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार अनिकेत पुत्र मुनेश्वर निवासी ग्राम सदरियपुर थाना बिलग्राम भी हादसे में चोटिल हो गया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम लाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रवीण को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जबकि बाइक सवार अनिकेत का उपचार सीएचसी में किया गया। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप

संवाददाता, हरदोई

- महिला ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट व निर्वस्त्र करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी थी तहरीर

अमृत विचार। महिला ने पड़ोसी दबंगों पर घर में घुसकर पिटाई करते हुए निर्वस्त्र करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने उसकी तहरीर बदलकर हल्की कर दी। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है, साथ ही सुरसा थाना पुलिस की शिकायत भी की है। कहा कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

मामला सुरसा थाने के बरहा मजरा खजुरहरा का है। वहां की एक महिला का आरोप है कि 8 दिसंबर को उसके पड़ोसी संजय, उसका भाई रतन, सत्येंद्र और उसका भाई नरेंद्र उसके घर में घुस आये। आरोपी उसके पति से हुए विवाद की रंजिश में पीड़िता को पकड़ कर पिटाई करते हुए निर्वस्त्र कर दिया। शोर सुनकर उसका पति और पड़ोसी दौड़ कर पहुंचे। उसके बाद आरोपी जान से मारने के लिए धमकाते हुए चले गए। महिला का आरोप है कि उसके पति ने पुलिस को दी तहरीर में निर्वस्त्र करने का आरोप लगाया, लेकिन पुलिस ने उसकी तहरीर बदल दी और बीएनएस की धारा 3(5)/333/115(2)/352/351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित महिला ने आगे कहा है कि पेशबंदी के लिए पुलिस की आरोपियों के बीच रिपोर्ट दर्ज करने की बातचीत हो रही है।

हल्का दरोगा पर आरोपियों से साठगांठ का आरोप

घर में घुस कर निवस्त्र की गई महिला ने बताया कि हल्का दरोगा और आरोपियो. के बीच गहरी सांठगांठ है, इतना ही नहीं आरोपियों का बचाव करने के लिए जो कहानी बनाई जा रही है, उसकी स्क्रिप्ट खुद दरोगा जी अपनी ही कलम से तैयार कर रहें हैं। हालांकि पुलिस की तरफ से कहा जा रहा है कि इस तरह का आरोप सरासर बेबुनियाद है, पूरे मामले की जांच की आज रही है, जो भी आरोपी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अम्बे मोटर्स में हुआ न्यू बाइक लंचिंग कार्यक्रम

रूपापुर, हरदोई, अमृत विचार। अम्बे मोटर्स रूपापुर में न्यू लांच हुई बजाज कम्पनी की मोटरसाईकिल के बारे मे एजेंसी के मालिक करगिल विजेता महेन्द्र कुमार शुक्ला और उनके पुत्र अंकित शुक्ला एडवोकेट के द्वारा दी गयी जानकारी और रूपापुर चौकी इंचार्ज शिव शंकर मिश्रा के द्वारा न्यू लांच हुयी मोटरसाईकिल के ऊपर से पर्दा हटाया गया। बाइक देख कर खुश हुए लोग बाइक के बिक्री मूल्य पूछने लगे पल्सर एन 160 यू जी यु यस डी ऊपर से नीचे की ओर दबने वाले साकर आर पीएम टार्क एडवांस एंड टीवीटी फीचर्श के साथ बजाज एजेंसी रूपापुर मे उपलब्ध है। इस मौके पर एजेंसी पर रहने वाले सभी कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को थाना क्षेत्र के बरनई गांव में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया। हरपालपुर थाने की मिशन शक्ति टीम व समाजसेविका शालिनी सिंह ने 150 महिलाओं व छात्राओं को आपातकाल में प्रयोग किये जाने वाले हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। महिला आरक्षी आशा सिंह व विनीता शर्मा, आरक्षी ओम प्रकाश मौर्य सहित मिशन शक्ति टीम ने रविवार को थाना क्षेत्र के बरनई गांव पहुंचकर महिलाओं एवं किशोरियों तथा छात्राओं को अराजक तत्वों से बचाव के तरीके बताए। महिला आरक्षी आशा व विनीता शर्मा ने महिलाओं को किसी तरह आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090, 1076, 112 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी। इस अवसर पर समाज सेविका शालिनी सिंह सहित संस्था के सदस्य सर्वेन्द्र, पुष्पेंद्र, जितेंद्र, राजू, हिमांशु, मदनपाल, सर्वेश, पप्पू, भूरा मौजूद रहे।

जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद मिशन शक्ति टीम। अमृत विचार

दो खनन माफिया गिरफ्तार, वाहन सीज

हरदोई, अमृत विचार। सण्डीला पुलिस ने मिट्टी का खनन कर रहे दो खनन माफिया को पकड़ कर उनके पास से एक जेसीबी, चार डंपर और एक स्कार्पियो को कब्ज़े में लेते हुए उसे सीज कर आगे की जांच तेज कर दी है। शनिवार की देर रात सण्डीला पुलिस को निर्देश दिए गए कि कोतवाली के महसोना गांव में मिट्टी का खनन हो रहा है। एसएचओ विद्यासागर पाल ने पुलिस टीम के साथ महसोना पहुंचकर छापा मारा। वहां खनन करा रहे इकबाल निवासी हरदासपुर कोतवाली कछौना व ज़हूर निवासी कोड़रा कहचारी थाना कासिमपुर को गिरफ्तार कर जेसीबी, चार डंपर व स्कार्पियो को कब्ज़े में ले लिया। वाहनों को सीज कर आगे की जांच की जा रही है।

पासी समाज ने सौंपा कोतवाल को ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। मिश्रिख से लोकसभा सांसद अशोक रावत के लोकसभा में दिए बयान को लेकर कई संगठन आमने-सामने आ गए हैं। सांसद ने अपने बयान में महाराजा सल्हिय सिंह और महाराजा मल्ल्य सिंह जैसे ऐतिहासिक महापुरुषों को पासी जाति से जोड़ा था। लेकिन अखिल भारतीय अर्कवंशी क्षत्रिय महासंघ/ट्रस्ट ने इसे तथ्यहीन, अपमानजनक और समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया। संगठन ने सांसद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इसके जवाब में पासी समाज के लाखन आर्मी जिला अध्यक्ष प्रमोद पासी के नेतृत्व में कछौना कस्बे में सैकड़ों लोग एकत्रित हुए। उन्होंने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल निर्भय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। अशर्फी लाल वर्मा ने बताया कि सांसद ने पासी समाज का मुद्दा उच्च सदन में उठाया था। अर्कवंशी समाज ने इसका विरोध करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर सांसद के खिलाफ नारे लगाए। पासी समाज ने चेतावनी दी कि यदि विरोध करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जिला स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। डॉ. नृपेंद्र वर्मा ने कहा कि सांसद हमेशा पासी समाज के पक्ष में खड़े रहे हैं और कभी जाति की राजनीति नहीं करते। पूर्वज राजा हमारे समाज के थे और रहेंगे।

आयोजन

प्रसिद्ध संकटा देवी मंदिर कैंपस में जय भोले सेवा समिति ने लगवाया नेत्र चिकित्सा शिविर

75 मरीजों को ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। प्रसिद्ध संकटा देवी मंदिर कैंपस में रविवार को जय भोले सेवा समिति द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांडी विधान सभा क्षेत्र के भाजपा विधायक की पत्नी और समाजसेवी निरमा देवी रहीं। जय भोले सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के गरीब बेसहारा मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कानपुर के शंकरा हॉस्पिटल के कुशल डाक्टरों द्वारा करवाया जाता है। रविवार को कानपुर से आई डा. चित्रांशा और उनकी टीम के अभय यादव, आरती पाल, गोविंद त्रिवेदी, डा. पुनीत आदि के द्वारा क्षेत्र से आए 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 75 मरीजों को मोतिया बिंद के ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने बताया कि संस्था द्वारा गरीबों का निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाता है। इस अवसर पर समिति पदाधिकारी स्वामी वृंदानंद महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूजा गुप्ता, अवंतिका तिवारी, मानसी राजपूत, तैय्यब खां, शिवांनंद, प्रमोद कुमार मौजूद रहे। बेनीगंज संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व दवा वितरण कैम्प लगाया गया। कैम्प में पहुंचे नगर के मरीजों की आम्रपाली हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क जांच, परामर्श व मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई गई। कैम्प में नगर क्षेत्र के लगभग 150 मरीजों की जांच व उपचार किया गया।भरखनी संवाददाता के अनुसार निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

शाहाबाद में मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करती चिकित्सक। अमृत विचार

खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों के साथ सांसद जय प्रकाश रावत। अमृत विचार

खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ियों ने दिखाया जोश

हरदोई, अमृत विचार। रविवार को स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में आयोजित हुए दो दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण सांसद जयप्रकाश रावत ने किया। सांसद ने कहा कि इस खेल स्पर्धा में जिस तरह खिलाड़ियों ने अपनी क्षमताओं का पूरे जोश के साथ प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए उन्हें यकीन है कि यह खिलाड़ी बहुत जल्द जिले का नाम प्रदेश व देश स्तर पर रोशन करेंगे। सांसद ने अभी हाल ही में जिले का नाम विभिन्न खेलों में रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया, जिसमें कृष्णा मिश्रा खेलो इंडिया फुटबॉल, अनुपम पाल कॉमनवेल्थ पदक विजेता जूडो, गौरव अवस्थी साउथ एशियन गेम्स स्वर्ण पदक विजेता जूडो, विशाल सिंह खेलो इंडिया पहला गेम्स पिस्टल शूटिंग, दिव्यांश वैष्णव खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार ,जिला व्यायाम शिक्षक कृष्ण बिहारी अवस्थी , जिला ओलंपिक संघ की सचिव पूनम तिवारी, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

गांव में लगी पुलिस की रात्रि चौपाल

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव रावल के ग्राम सचिवालय के परिसर में शनिवार की रात्रि चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में पहुंचे क्षेत्राधिकारी हरियावां अजीत चौहान ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों व ग्रामीणों के साथ-साथ गांव की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। सीओ ने मिशन शक्ति तहत महिलाओं की सुरक्षा, गांव स्तर पर निगरानी व्यवस्था और आपसी सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग और सोशल मीडिया के बढ़ते खतरों के प्रति सतर्क रहने की अपील की।

न्यूज ब्रीफ

सड़क किनारे मिला युवक का शव

नेरी, सीतापुर, अमृत विचार : महोली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग युवक का क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। घटना का कारण हादसा बताया जा रहा है। महोली कोतवाली क्षेत्र का भुड़िया गांव के नजदीक युवक हादसे का शिकार हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। नेरी चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसने काली पैंट, जामुनी शर्ट, बैंगनी रंग का स्वेटर, काला ऊनी जैकेट और काले-सफेद रंग का मफलर पहन रखा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अलाव जलवाये जाने की लोगों ने की मांग

नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार : तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में पर्याप्त मात्रा में अलाव जलाने की मांग की गई है। पंडित ज्ञान चन्द्र सैनी, राहुल, सुमिरन, दशरथ आदि का कहना है कि काली पीठ चौक के पास अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं है। इसको लेकर सूचना दी जा चुकी है। तब जबकि इस स्थान पर बड़ी संख्या में हर घंटे श्रद्धालुओं का गुजरना होता है।

चोरी के माल के साथ ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : चोरी और छिनैती की घटनाओं में शामिल ऑटोलिफ्टर प्रदीप मौर्या को रामकोट पुलिस ने खगेशियामऊ मोड़ के पास गिरफ्तार किया। एएसपी विनायक भोसले ने बताया कि शातिर के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, परचून का सामान, 900 रुपये नकद, एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने 11 दिसंबर को परचून दुकान से चोरी, राहगीर से मोबाइल छीनने और एक बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

बाइक चोरी मामले में एक माह बाद केस दर्ज

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : लालपुर बाजार में सब्जी खरीदने आए एक ग्रामीण की बाइक चोरी के मामले में करीब एक माह बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। सकरन के शीतलपुरवा मजरा करमूडीह निवासी रामकुमार ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 9 नवंबर को लालपुर बाजार में सब्जी खरीदने आया था। इस दौरान उसकी बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित ने घटना की सूचना उसी दिन लालपुर चौकी इंचार्ज को दी थी, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। बाद में जिलाधिकारी से शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चोरी गई बाइक की तलाश की जा रही है।

डेयरी संचालक की गोली मारकर हत्या

सिधौली में महमूदाबाद चौराहे पर हुई वारदात, बीकेटी निवासी युवक सहित 3 नामजद

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : दुकान से निकले डेयरी संचालक की शनिवार देर रात गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। हाईवे स्थित सिधौली के महमूदाबाद चौराहे के नजदीक सिर पर गोली मारकर हुई हत्या के मामले में परिवार के लोगों ने लखनऊ के बीकेटी निवासी युवक सहित तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

राहुल फाइल फोटो।

वारदात के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

एएसपी का कहना है कि जांच में पता चला है कि एक आरोपी की पुत्री और मृतक के बीच नजदीकियां थीं, जिसको लेकर पूर्व में विवाद हो चुका है। फिलहाल कुछ संदिग्ध पकड़े गए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

सदरपुर निवासी राहुल यादव पुत्र सूर्य प्रकाश यादव सिधौली कस्बा स्थित महमूदाबाद चौराहे पर डेयरी संचालक था। अनुपम यादव के मुताबिक, उसका भाई राहुल यादव रोज की तरह डेयरी बंद कर घर जाने के लिए निकला ही था, चौराहे के नजदीक उसे लखनऊ के बीकेटी निवासी अभिषेक, सदरपुर निवासी महेश और मटरू ने घेर लिया और गोलियां बरसाना शुरू कर दीं। सिर पर गोली लगते ही राहुल सड़क पर गिर पड़ा। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उधर, खबर पाकर परिवार के लोग भी आ गए। राहुल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया, जहां कुछ देर बाद राहुल यादव की मौत हो गई।

वाहन की टक्कर से वृद्धा ने तोड़ा दम

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार : लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर सरवरपुर गांव के पास रविवार सुबह हाईवे पार कर रही एक वृद्धा को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

केसरिया गांव निवासी कुशमा (60) पत्नी माखन सड़क पार करने लगीं तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कमलापुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की।

ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, दबने से चालक की गयी जान

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूसू पुरवा मजरा अनिया कलां में गौशाला जाने वाले मार्ग के पास नहर किनारे यूरिया-खाद से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक किसान की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

तालगांव थाना क्षेत्र के कैमहरा निवासी दिनेश यादव (35) हरगांव से गन्ना बेचकर यूरिया खाद की बोरियां लादकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह अनिया कलां गौशाला जाने वाले खरंजा के निकट नहर रोड पर पहुंचे, तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली का ब्रेक फेल हो गया। नियंत्रण खोने से ट्रॉली पलट गई और दिनेश उसके नीचे दब गए। हरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कार-बाइक भिड़ंत में तीन गंभीर : शहर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे-30 पर शनिवार देर रात वैदेही वाटिका के पास कार और बाइक की भिड़ंत हो गयी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पुराना सीतापुर निवासी जीशान (20), फैज (22) और मोहम्मद एलियान (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

सब्जी खरीदने को रेलवे क्रॉसिंग पर रोका इंजन

सीतापुर, अमृत विचार : शहर के करीब खैराबाद क्षेत्र के टप्पा खजुरिया के पास एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। राहगीरों का दावा है कि सब्जी खरीदने के लिए रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन का इंजन खड़ा कर दिया गया। जिससे फाटक बंद रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब 15 मिनट तक लोग जाम में जूझते नज़र आए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक इंजन क्रॉसिंग पर खड़ा हो गया। न तो कोई ट्रेन गुजरने वाली थी और न ही कोई सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि इंजन में सवार रेलवे कर्मचारी नीचे उतरकर पास की दुकानों से सब्जी खरीदने लगे। इस दौरान स्कूली बच्चे, मरीज और कामकाजी लोग बैरियर खुलने का इंतजार करते रहे।

करीब 15 मिनट बाद कर्मचारी वापस लौटे, तब जाकर इंजन आगे बढ़ा और फाटक खोला गया। लोगों ने रेलवे की लापरवाही पर नाराजगी जताई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सवाल उठ रहे हैं। जीआरपी इंस्पेक्टर अरविंद पांडे और स्टेशन अधीक्षक आरके शुक्ला ने मामले से अनभिज्ञता जताई है।

शिव शक्ति सेवा समिति के प्रांगण का शुभारंभ

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार : लाल महेंद्र शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में ककईयापारा गांव स्थित नवीन प्रांगण का उद्घाटन गुरुदेव भगवान के सानिध्य में किया गया। उद्घाटन के साथ ही पीड़ित और जरूरतमंद लोगों की सेवा का कार्य भी विधिवत शुरू हो गया। कार्यक्रम में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और प्रयागराज समेत आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की सामूहिक आरती हुई। पूज्य गुरुदेव की चरण वंदना के बाद सत्संग में मानव कल्याण, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया गया।

डीएम ने अपने सामने बंटवाया खाद्यान्न

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने विकास खंड रेउसा में उर्वरक दुकानों, उचित दर की दुकानों और जल जीवन मिशन योजनाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी।

सबसे पहले थानगांव स्थित बी-पैक्स उर्वरक दुकान का निरीक्षण करते हुए डीएम ने किसानों से संवाद कर उनकी पासबुक देखीं और खाद के निर्धारित शुल्क की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि तय दर से अधिक वसूली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण में 150 किसानों की पासबुक न होने पर जिला कृषि अधिकारी को अभियान चलाकर पासबुक बनवाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद डीएम ने थानगांव की उचित दर की दुकान व जन सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर ई-पॉस मशीन से पर्ची निकलवाकर अपने सामने राशन वितरण कराया। चावल-गेहूं की गुणवत्ता, तौल कांटा और स्टॉक रजिस्टर भी जांचे गए। अंत में जगदीशपुर हजरिया व घेवड़ा गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन कार्यों से क्षतिग्रस्त सड़कों का रिस्टोरेशन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार व अन्य मौजूद रहे।

खाद की दुकान का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद करते जिलाधिकारी।

दोबारा लगवाएं इंटरलॉकिंग : डीएम

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : डीएम डॉ. राजा गणपति आर. पालिका कार्यालय ठीक 11 बजे पहुंचे। सभी पटलों का निरीक्षण किया। इसका पता चलते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उन्होंने सभी के आवेदन लिए और आश्वस्त किया कि प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई होगी। डीएम एचआरडी इंटर कॉलेज के निकट अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर डीएम ने इंटरलॉकिंग को उखाड़ कर दोबारा लगवाए जाने का आदेश ईओ नीलम चौधरी दिया। तत्पश्चात बाबा मंशाराम मंदिर के पास पानी के डाली गई पाइप लाइन की भी खुदाई कराई और उसकी गुणवत्ता की जांच की।

कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

सांडा, सीतापुर, अमृत विचार : बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। बाल विकास परियोजना सकरन कार्यालय महराज नगर में सीडीपीओ शबीना फातिमा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ऐप पर ऑनलाइन डेटा भरने, सुबह केंद्र खोलने के समय ऑनलाइन फोटो अपलोड करने और बच्चों की गतिविधियों के फोटो अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही सभी को लम्बाई और वजन कैसे करें इसके विषय में भी जानकरी के साथ प्रशिक्षण दिया। इसमें बच्चों का वजन ऑनलाइन दर्ज करना और लाभार्थियों को फेस कैप्चरिंग के माध्यम से राशन वितरण गतिविधियां भी शामिल थीं।

66 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा शिविर

अमृत विचार टीम, सीतापुर

अमृत विचार : जिले के 66 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान चिकित्सीय परीक्षण के दौरान दवाओं का वितरण भी किया गया।

लहरपुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉ. अख्तर हुसैन ने 65 मरीज, अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 60 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉ. आदित्य ने 56 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढखेरा में डॉ. तलत जहां ने 74 मरीज और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरुल्लापुर में किसी भी डॉक्टर की नियुक्ति न होने से फार्मासिस्ट अशोक ने 71 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी।

चिकित्सीय परामर्श देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेरी मे 22 मरीजों को जांच कर दवा वितरित की गई। डॉ. सुनीता शुक्ला ने बताया कि सर्दी जुकाम बुखार के मरीज इस समय ज्यादा आ रहे हैं। परसदा, लौली, मधवापुर, भिठौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओ के टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने पर ज्यादा फोकस रहा। इसके साथ ही सर्दी-जुकाम व अन्य रोगों से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया।

जीआरपी जवानों ने वृद्ध को ट्रेन की चपेट में आने से बचाया

सीतापुर, अमृत विचार: शहर के रेलवे जंक्शन पर जीआरपी जवानों की तत्परता से एक बुजुर्ग की जान बच गई। लापरवाही से रेलवे लाइन पार कर रहे बुजुर्ग के सामने ही ट्रेन आ रही थी। खतरे को भांपते हुए मौके पर तैनात जीआरपी जवानों ने बिना देर किए बुजुर्ग को पटरी से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया।

थाना जीआरपी में तैनात हेड कांस्टेबल राकेश कुमार खरवार और हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बुजुर्ग को ट्रेन की चपेट में आते देखा तो तुरंत दौड़ पड़े। दोनों जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना बुजुर्ग को ट्रैक से खींच लिया। कुछ ही क्षण बाद उसी ट्रैक से ट्रेन गुजर गई। समय पर कार्रवाई न होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस पूरी घटना का वीडियो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में जवानों की फुर्ती और सूझबूझ साफ नजर आ रही है। घटना के बाद बुजुर्ग काफी घबराए हुए थे, जिन्हें समझाकर सुरक्षित स्थान पर बैठाया गया।

सिटी डायरी

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

सीतापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के तहत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समस्त योजनाओं का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने, लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण एवं पोर्टल पर सही डाटा भरने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), फैमिली आईडी, छात्रवृत्तियाँ, पर्यटन विभाग और सेतु निर्माण जैसी योजनाओं की प्रगति में सुधार के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने निवेश बढ़ाने, कमालपुर चीनी मिल के शीघ्र संचालन और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

दिव्यांग जनों के लिए विशेष शिविर कल

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : विकास खंड परिसर में मंगलवार को दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

धोखाधड़ी के 3 आरोपी गिरफ्तार, एक बिहार का

सीतापुर, अमृत विचार : जनपद में क्रिप्टो एक्सचेन्ज एप के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली नगर व स्वाट टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार शातिरों मे बिहार के करसंडा निवासी अमित शर्मा, मुजफ्फरनगर के सलारपुर निवासी सचिन कुमार और कानपुर के यशोदानगर के शौर्य वर्धन सिंह सेंगर शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से 4 लैपटॉप और 6 मोबाइल बरामद हुए हैं। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों ने एप के माध्यम से निवेशकों को झांसा देकर उनके खातों और मोबाइल का उपयोग कर अवैध लेनदेन किया। पुलिस जांच कर रही है कि ठगी का कुल मापदंड कितना हुआ और अन्य संलिप्त व्यक्ति कौन हैं।

नौवा महमूदपुर के गन्ना क्रय केंद्र पर खड़ीं गन्ना लदी ट्रालियां।

किसानों ने गन्ना क्रेंद पर किया हंगामा

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार : गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों ने हंगामा किया। डीएम ने गन्ना क्रय केंद्रों के जिम्मेदारों को निर्देशित किया है कि किसानों को गन्ना क्रय केंद्रों पर किस भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए और इसके साथ ही सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों से गन्ने की उतरवाई के नाम पर वसूली न करने का साफ निर्देश है। मामला हरगांव चीनी मिल के अंतर्गत नौवा महमूदपुर स्थित गन्ना क्रय केंद्र का है। किसानों का आरोप है कि जब वह अपना गन्ना क्रय केंद्र पर ले गए तो उतरवाई के नाम पर किसानों से 4 रुपए प्रति कुंतल की मांग की गई। किसानों ने विरोध किया। केंद्र के जिम्मेदारों के और किसानों के बीच बहस हुई जिसके बाद गन्ने की तौल बंद कर दी गई।

परसेंडी की आधा दर्जन से अधिक ग्राम सभाओं में जलापूर्ति बाधित

सीतापुर, अमृत विचार : जल जीवन मिशन के तहत जनपद में शुरू हुई पाइपलाइन परियोजना ने ग्रामीणों में उम्मीद जगाई थी कि अब घर-घर नल से पानी पहुंचेगा। लेकिन विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत बिरैचा की स्थिति इन दावों के विपरीत दिखाई देती है। ग्रामीणों के अनुसार, चार वर्षों में यहां न तो पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकी और न ही योजना के तहत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हो पाई। शिवसागर, मुन्ना गुप्ता, राजेश जायसवाल, रामू, पूर्व प्रधान रामचंद्र और गोवर्धन भार्गव का कहना है कि चार वर्ष पूर्व पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गईं लेकिन टंकी स्थापित नहीं की गई। महसिंहपुर और भवानीपुर के दृगपाल, अमित, विश्वनाथ, पुरुषोत्तम, कमलेश, पिंटू, पंकज, सूरज और शुभम ने बताया कि टूटी सड़कों की मरम्मत नहीं हुई। जल निगम के अवर अभियंता वरुण शुक्ला ने बताया कि फंड की कमी के कारण समय सीमा दिसंबर 2028 तक बढ़ा दी है। धनराशि उपलब्ध होने पर कार्य कराया जाएगा। जल निगम के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विगत डेढ़ वर्ष से शासन से धनराशि प्राप्त नहीं हो सकी है। इसी कारण कार्य की गति धीमी हुई है। क्षतिग्रस्त सड़कों को संज्ञान मिलते ही ठीक कराया जाएगा।

महफिल में गूंजा भाईचारे का पैगाम

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : मिरदही टोला में हिन्दू-मुस्लिम एकता मंच की ओर से आयोजित अदबी महफिल में शायरी और साहित्य के माध्यम सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। महफ़िल देर रात तक चली।

अदबी महफिल की सदारत हाजी मोहम्मद अहमद, आखिर बिसवानी और निजात नय्यर शकेब ने की। कार्यक्रम का आगाज कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुआ। नात-ए-पाक और शायरी के बीच उर्दू अदब के संरक्षण और आपसी भाईचारे पर विचार रखे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज मोहम्मद आफाक बिसवानी की तिलावत से हुआ।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शायर और साहित्यकार। ● अमृत विचार

इसके बाद शफीक बिसवानी और अतीक फतेहपुरी ने नात-ए-पाक पेश की। संयोजक मोहम्मद साद ने कहा कि अदबी महफिलें केवल शायरी का मंच नहीं होतीं, बल्कि नई नस्ल को आदाब-ए-गुफ्तगू से परिचित कराती हैं। शेरी नशिस्त में आकिल बिसवानी, अनवर बिसवानी, अतीक बिसवानी, शफीक बिसवानी, सिराज मोहम्मदवी और अतीक फतेहपुरी व अन्य शायरों ने अपनी शायरी पेश की।

मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रोक ग्रामीणों का हंगामा

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारे पुरवा में ग्रामीणों ने ईंट भट्ठों पर जा रही मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोककर विरोध प्रदर्शन किया। धूल, गंदगी और दुर्घटना की आशंका को लेकर नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना दी।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारे पुरवा में रविवार को ग्रामीणों ने गांव के पास खनन कर ईंट भट्ठों पर ले जाई जा रही मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोक लिया। ग्रामीणों का आरोप था कि ओवरलोड ट्रॉलियों से उड़ रही धूल-मिट्टी से सड़क के साथ-साथ घरों में मिट्टी भर जाती है। तेज रफ्तार में लगातार निकल रही ट्रॉलियों के कारण बच्चों और ग्रामीणों को हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को दी। हंगामे की सूचना पर ग्राम प्रधान वसीम बानो मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद राजस्व निरीक्षक अमर सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि खनन की रॉयल्टी जमा है और आगे से मिट्टी से भरी ट्रॉलियां तिरपाल से ढककर, ट्रॉली की ऊंचाई तक ही लदी हुई, धीमी गति से चलाई जाएंगी। साथ ही मार्ग की सफाई कर पानी का छिड़काव कराया जाएगा।

महाराज हंसा पासी की मूर्ति का अनावरण

महोली, सीतापुर, अमृत विचार : हंसा पासी पार्क में रविवार को महाराज हंसा पासी की प्रतिमा का अनावरण क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बीते वर्षों में कई सरकारें रहीं, लेकिन पासी समाज के इतिहास और महापुरुषों को वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद, संजीव सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, भारत पासी सहित महाराज सीता पासी सेवा संस्थान के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

राहत | निर्देश के बाद हरकत में आया विभाग, रेगुलेटर पुल का निर्माण कार्य शुरू

नाव से मिलेगा छुटकारा, पुल बनेगा सहारा

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार : बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में नाव की आवाजाही का दर्द अमृत विचार ने साझा किया, जिसका संज्ञान जिलाधिकारी ने लिया। आदेशों के बाद हरकत में आए विभाग ने रेगुलेटर पुल के निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया।

विकास खण्ड क्षेत्र रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत कनरखी सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता रहा है। नाव की सवारी ने कई बार हादसों को जन्म देने का कार्य किया। जनहित मुद्दे को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसका संज्ञान जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने लिया। गंभीर प्रकरण में डीएम के निर्देश के बाद बंगाली पुरवा के पास स्थित बांध के पास निकली गोबरहिया नदी पर रेगुलेटर पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ। बता दें कि इसको लेकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व विधायक ज्ञान तिवारी की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया था, लेकिन विभाग की ओर से निर्माण कार्य को लेकर निष्क्रियता बरती जा रही थी।

पुल निर्माण कार्य करते श्रमिक। ● अमृत विचार

प्रधान प्रतिनिधि सोनू निषाद, प्रधान प्रतिनिधि, मोहन निषाद, प्रधान प्रतिनिधि श्रीराम निषाद बताते हैं कि रेगुलेटर पुल बहाव के हिसाब से तीन लेयर में बनाया जाएगा। लालचंद निषाद और दिलीप सिंह का कहना है कि पुल बन जाने से चहलारी घाट से 42 किलोमीटर का सीधा रास्ता बाराबंकी स्थित गणेशपुर तक जुड़ जाएगा। बेनीराम और झखरी निषाद बताते हैं कि पुल निर्माण से आवागमन में लोगों को घुमावदार रास्ते से राहत मिलेगी।

क्रॉस कंट्री रेस

सीतापुर, अमृत विचार : मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में छठवीं सीतापुर क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन हुआ। समाजसेवी सागर गुप्ता ने रेस प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई और प्रतिभाग कर रहे विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कोच ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला स्तर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है जो कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हैं। इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को हरी झण्डी दिखाते सागर गुप्ता। अमृत विचार

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार,15 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

श्रीकृष्ण बाल लीलाओं की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के देहली स्थित श्रीराम-जानकी मन्दिर परिसर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ के पांचवे दिन कथा वाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने पूतना वध, वकासुर वध तथा भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का वर्णन किया। कंस ने कारागार में जाकर जैसे ही देवकी की आठवे लाल को जमीन पर पटकना चाहा कन्या कंस के हाथों से छूट गई और .आकाश में बिजली चमकने लगी, तभी आकाश मार्ग से गर्जना हुई कि कंस तेरा काल पैदा हो चुका है। जिसके बाद कंस ने श्री कृष्ण को मारने के लिए पूतना, वकासुर जैसे राक्षसों को भेजा किन्तु भगवान श्री कृष्ण ने सभी का वध कर दिया। कथा वाचिका ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित ने 21 किलो लड्डुओं के साथ आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर राकेश त्रिवेदी, अमित मिश्रा, नीरज अवस्थी, विकास बाजपेई, अंगद राही, राजनरायन चौरसिया, यजमान बाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे।

घर से 19 बोरा धान उठा ले गये चोर

ऊंचाहार, रायबरेली। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे चंदऊ मजरे पट्टी रहस कैथवल निवासी समरजीत मौर्य का गांव में एक अन्य मकान है। जिसमें उन्होंने अनाज रखा था। शनिवार की रात इस घर में चोर घुस गए और घर में रखा 19 बोरा धान उठा ले गये। रविवार को जानकारी होने पर पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। कोतवाल अजय कुमार राय का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है, चोरों का पता लगाया जा रहा है।

रामजानकी मंदिर से करोड़ों की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी

घटिया पुलिसिंग के चलते हुई वारदात, चोरों ने मुख्य गेट का तोड़ा ताला

संवाददाता डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार। गांव में बने राम जानकी मंदिर के गेट का ताला तोड़कर करोड़ों रुपये की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गईं। सुबह साफ-सफाई करने पहुंचे मंदिर के पुजारी ने जब मुख्य गेट का टूटा ताला और अष्टधातु की मूर्तियां गायब देखीं तो उनके होश उड़ गये। अष्टधातु की करोड़ों रुपये की मूर्तियां चोरी होने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जैसे-जैसे खबर फैलती गई लोगों का मजमा लगता रहा। क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस गश्त की पोल खोल दी। कस्बे के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। शनिवार की रात मंदिर में हुई वारदात के बाद से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बरारा गांव में लगभग 200 वर्ष पुराना

राम जानकी मंदिर से गायब अष्टधातु की राम लक्ष्मण और सीता की मूर्ति। अमृत विचार

राम जानकी मंदिर है। इस मंदिर के पुजारी राजाराम वाजपेई हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंदिर में 30 से 35 किलो की अष्टधातु की राम लक्ष्मण और माता सीता की मूर्तियां लगी हुई थीं जिनकी कीमत लगभग 10 से 15 करोड रुपये आंकी जा रही है। पुजारी ने बताया कि जब वह सुबह मंदिर की सफाई करने पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और मंदिर के अंदर की मूर्तियां गायब थीं। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। मंदिर में हुई चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इसके पूर्व भी कोतवाली क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं जिसकी जांच करने में पुलिस अभी तक असफल है। रामपुर बरारा के मंदिर से करोड़ों की मूर्तियां चोरी करके चोरों ने पुलिस को एक बार फिर चुनौती दी है।

बहरहाल क्षेत्र में इन दिनों घटिया पुलिसिंग से क्षेत्रीय जनता में भारी आक्रोश है। मंदिर के पुजारी राजाराम वाजपेई ने डलमऊ कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

पुरानी रंजिश में 3 महिलाओं को पीटा, दो की हालत गंभीर

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के उड़वा में पुरानी रंजिश को लेकर दलित महिलाओं को दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया। इसमें तीन महिलाएं घायल हो गई। घायलों को जगतपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद दो महिलाओं को जिला चिकित्सालय भेजा गया। रविवार को सरोज पत्नी अनूप कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। तभी पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर बचाने दौड़ी शीतू और संगीता को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इसमें तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी घायल महिलाओं को सीएससी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सरोज व सीतू की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जगतपुर थानेदार पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच-पड़ताल कराकर कर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा।

शिविर में रोगी का नेत्र परीक्षण करते स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

58 रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित

लालगंज, रायबरेली। सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की ओर से रविवार को चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. इंसाफ़ बक्श, डॉ. मुकेश खरे, डॉ. केदार मौर्या, डॉ. वेंकटेश एवं उनकी टीम ने लगभग 198 रोगियो का नेत्र परीक्षण किया। इसके अलावां 58 रोगियो को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हित कर उन्हें अस्पताल भेजा गया। प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने सतगुरु नेत्र चिकित्सालय की टीम को सम्मानित किया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और महामंत्री शिवम गुप्ता ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

डॉक्टर से चेन लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। तीन दिसंबर को डॉक्टर के सिर पर तमंचे की बट मार कर सोने की चेन लूटने वाले पांच बदमाशों को पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की टीम ने गेगासो के शिवपुरी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाशों सहित तीन रेकी करने वालों को रविवार को जेल भेज दिया है।

मदनापुर गांव के डॉ. बृजेंद्र बहादुर सिंह तीन दिसंबर को भोजपुर कस्बे से क्लीनिक बंद कर घर जा रहे थे। रास्ते में गांव से दो सौ मीटर पहले दो बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया था। बदमाशों ने विरोध करने पर चिकित्सक के सिर पर तमंचे की बट मार कर उसे घायल कर दिया था। उनके घायल होने के बाद दूसरे बदमाश ने डाक्टर के गले से चेन छीन ली। चिकित्सक के बेटे की तहरीर पर केस दर्ज कर किया गया था। बीती शाम गेगासो के शिवपुरी तिराहे के पास उन्नाव के बारा थाने के दऊदा खेड़ा गांव का अर्पित पटेल इसी गांव का सौरभ वर्मा पुत्र रमेश चंद्र पटेल उर्फ लाल पटेल उन्नाव जिले के विहार थाने के निहाल खेड़ा मजरे धनकोली गांव का रंजीत पासी पुत्र स्व. श्याम बाबू पासी सरेनी थाने के हरीपुर गांव का रहने वाला वासुदेव सिंह उर्फ रिशु पुत्र उमेश बहादुर सिंह व रना पुर गांव का रमन त्रिवेदी उर्फ अनंत त्रिवेदी पुत्र शारदा शंकर त्रिवेदी किसी वारदात की योजना बनाते देखे गये तो पुलिस टीम ने उन्हें ललकारा और पांचो को गिरफ्तार कर लिया। मामले में तमाम जलालत झेलने के बाद पुलिस को सफलता मिली है।

सरेनी पुलिस की गिरफ्त में चोर और बदमाश। अमृत विचार

अनूप बने अखिल भारतीय हिंदू महासभा में प्रदेश उपाध्यक्ष

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। अखिल भारतीय हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश इकाई में संगठनात्मक विस्तार के क्रम में शनिवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए अनूप अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, मुख्य मोर्चा (उत्तर प्रदेश) के पद पर मनोनीत किया। प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि अनूप अग्रवाल का मनोनयन संगठन की हिंदू हितैषी विचारधारा, राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के उद्देश्यों के अनुरूप किया गया है।

अनूप अग्रवाल।

उन्होंने कहा कि अग्रवाल लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और युवाओं को संगठित करने की क्षमता रखते हैं। उनके मनोनयन से संगठन को गौ रक्षा, राष्ट्र धर्म, सामाजिक समरसता और सेवा भाव के क्षेत्र में नई दिशा एवं नई ऊर्जा प्राप्त होगी। अनूप अग्रवाल ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विवेक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, प्रदेश संयोजक राजेंद्र अवस्थी, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, अमन अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह, गंगेश चौरसिया, प्रवेश सिंह आदि मौजूद रहे।

सबसे दिव्य व रहस्यमयी प्रतीक माने जाते हैं ज्योतिर्लिंग : सत्यांशु महराज

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव कोल्हौर मजरे पट्टी रहस कैथवल में चल रहे शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक सत्यांशु महराज ने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंगों के महात्म की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि "ज्योतिर्लिंग" सबसे दिव्य और रहस्यमयी प्रतीक माने जाते हैं। "ज्योति" का अर्थ है प्रकाश, और "लिंग" का अर्थ है चिन्ह। अर्थात, ज्योतिर्लिंग वह प्रकाश-स्वरूप चिन्ह है जिसमें भगवान शिव स्वयं अनंत ऊर्जा के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव संसार के सभी प्राणियों के कल्याण हेतु सदा तीर्थों में भ्रमण करते रहते हैं। वे जहां-जहां जाते हैं, वहां लिंग रूप में निवास करते हैं। जो शिव को लिंग रूप में देखता है, वह केवल प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य को अनुभव करता है - वह सत्य जो समस्त सृष्टि में व्यापी है, जो हमारे भीतर भी है और ब्रह्मांड के हर कण में भी। इस मौके पर राजा चौरसिया, गंगा प्रसाद चौरसिया, हरिशरण सिंह, आजाद चौरसिया, सचिन चौरसिया, राघव, अजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया शानदार खेल का प्रदर्शन

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। सूबेदार एवं लाल साहब स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता दिन पांचवें दिन दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये। पहला सेमीफाइनल मैच टाउन क्लब लालगंज और सद्भावना स्पोर्टिंग क्लब गोरखपुर के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल की शुरुआत की। मध्यांतर के बाद के खेल में भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं हुई। इस प्रकार मैच का निर्णय टाई बेकर से किया गया। जिसमें गोरखपुर दो के मुकाबले चार गोलों से विजई रही। गोरखपुर के खिलाड़ी भीष्म यादव, सरफुद्दीन अनस शेख, वह आलम ने गोल किया जबकि लालगंज के खिलाड़ी आकाश और गौरव गेंद को बाहर मार गए जिससे उन्हेंपराजय का मुंह देखना पड़ा। आज का दूसरा सेमीफाइनल मैच डीएफए कानपुर और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के मध्य खेला गया। हरचंदपुर के विधायक राहुल लोधी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल प्रारंभ कराया मैच के शुरू के पांचवें मिनट में कानपुर के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी द्वारा डी रेखा के अंदर बाएं छोर से फेंकी गई गेंद को कानपुर से दाहिने छोर से आए खिलाड़ी प्रथम सिंह ने गेंद को जाल में डालकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मध्यांतर के बाद खेल में डी रेखा के अंदर मिली गेंद को कानपुर के खिलाड़ी धीरज यादव ने गोल करके टीम की बढ़त दो गोलों से कर दी। खेल के 59वें मिनट में गोलकीपर से टकराकर लौटी गेंद को लखनऊ के खिलाड़ी मिसाल खान ने गोल करके अपनी टीम का खाता खोला। खेल के 72वें मिनट में कानपुर के खिलाड़ी ऋतुराज ने गोल करके कानपुर की बढ़त तीन गोलों की कर दी। यही मैच का निर्णय गोल साबित हुआ कानपुर तीन एक से विजई रही। कल फाइनल मैच सद्भावना क्लब गोरखपुर और डी एफ ए कानपुर के मध्य होगा। इस मौके पर लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, बैजनाथ विश्वकर्मा, निरंजन राय, नरेंद्र बहादुर सिंह, राजेंद्र कुमार, राजू भैया, उमेश श्रीवास्तव रहे।

फुटबॉल मैच का शुभारंभ करते आयुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह। अमृत विचार

मदारीगंज के पास सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

ऊंचाहार, रायबरेली। प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंधरी पुरथाना गांव की सीता देवी (32) वर्ष रविवार की दोपहर रिश्तेदार शिवचंद (34) निवासी इटैली थाना सलोन के साथ बाइक से केवाईसी कराने ऊंचाहार जा रही थी। रास्ते में मदारीगंज के पास चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इधर घटना के बाद मौके पर लोग जुट गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों का इलाज किया गया है।

आरपीटी पब्लिक स्कूल में आयोजित नेत्र शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

नेत्र शिविर में 85 रोगियों ने कराया उपचार

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के आरपीटी पब्लिक स्कूल ओसाह में प्रबन्धक संजय मोहन त्रिवेदी के नेतृत्व में आर्यावर्त आई हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर की ओर से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोगियों की आंखों की जांच के लिए अस्पताल की चार सदस्यीय विशेषज्ञ टीम मौजूद रही। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ शिवम एवं किरण ने कुल 85 नेत्र रोगियों का परीक्षण कर 15 नेत्र को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

वहीं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क आई ड्रॉप एवं आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर मनोज त्रिपाठी, मनीष दीक्षित, नेहा शर्मा, आयुष्मान मित्र सुमित आदि लोग उपस्थित रहे।

बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

रायबरेली, अमृत विचार। राही ब्लॉक के सेमरा में बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि खेल कूद से आपसी मेल-जोल बढ़ने के साथ ही स्वस्थ मनोरंजन को बढ़ावा मिलता है। एएसपी संजीव सिन्हा ने कहा कि खेल से युवाओं में छिपी प्रतिभा उजागर होती है। आयोजक ग्राम प्रधान चंदन सिंह ने सभी का स्वागत किया।

धर्म परिवर्तन करा हिंदू युवती से किया निकाह, एफआईआर

सलोन, रायबरेली। कोतवाली अंतर्गत कस्बे की एक हिन्दू युवती का धर्म परिवर्तन कराकर समुदाय विशेष के युवक ने निकाह कर लिया। युवक पर शादी करके युवती की जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि रोज मारने पीटने के साथ उसके साथ दुष्कर्म और गर्भवती होने पर आरोपी द्वारा गर्भपात कराया गया। पीड़िता ने कोतवाली में अर्जी देकर पति समीर समेत उसके दोनों भाइयों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। कस्बे की एक युवती को तीन वर्ष पूर्व समीर घोषी पुत्र मुंशीरजा घोषी निवासी घोषी का पुरवा प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गया था। आरोप है कि उसे ब्लैकमेल कर मस्जिद में उसका धर्म परिवर्तन कराया गया। इसके बाद समीर ने उससे निकाह कर लिया। रविवार को कोतवाली पहुंची पीड़िता ने पुलिस को अर्जी देकर बताया कि समीर ने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद हालात बद से बद्तर हो गए। बताया कि आये दिन उसे गालियां दी जाती थी और उसे मारते पीटते थे। आरोप है कि युवक उसके साथ दुष्कर्म भी करता था। पीड़िता के मुताबिक गर्भवती होने पर आरोपित ने उसका गर्भपात भी करा दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार गला घोंट के जाने से मारने की भी कोशिश गई थी, लेकिन मदद को कोई नही था। कोतवाल राघवन कुमार का कहना है कि तहरीर देकर महिला ने समीर उसके भाई वसीम और मोहर्रम अली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। तहरीर के आधार पर एफआरआई दर्ज की गई है।

सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए बच्चे। अमृत विचार

बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

रायबरेली, अमृत विचार। राही ब्लॉक क्षेत्र के सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कॉलेज, बेला खारा में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुमित कुमार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अभियंता महासंघ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खेलकूद व वाद विवाद प्रतियोगिता मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सुमित कुमार ने विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक आज की आवश्यकता जरूर है। लेकिन यह एक ज़रूरी शत्रु भी है। भविष्य में बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का उपयोग बढ़ेगा और निरंतर शोध के माध्यम से पारंपरिक प्लास्टिक को पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों पर विचार करना होगा। विद्यालय के संस्थापक ओम प्रकाश मौर्य, व्यवस्थापक अशोक कुमार मौर्य, प्रधानाध्यापक अनिल यादव रहे।

किदवई पार्क में मौजूद विजेता व उपविजेता टीम। अमृत विचार

बछरावां ने नीलमथा को दी शिकस्त

बछरावां, रायबरेली। कस्बे के रफी अहमद किदवई पार्क में ग्रामीण टेनिस क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बछरावां टीम ने नीलमथा लखनऊ को रोमांचक मुकाबले में पांच विकटों से शिकस्त दी। आज के मैच में सोमेंद्र सिंह ने अपनी टीम की जीत में 65 रनों का योगदान दिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी नीलमथा की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 132 का लक्ष्य बछरावां टीम के सामने रखा। जिसे बछरावां ने 9 गेंद शेष रहते 5 विकेट के नुकसान पर प्राप्त कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ दा मैच सोमेंद्र सिंह रहे। विजेता टीम को ट्रॉफी व उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार दिया गया।

नहर में नहीं छोड़ा गया पानी, सैकड़ों बीघा फसल पर संकट

- खजूर गांव और ऊंच गांव की नहर के भरोसे है सैकड़ों किसानों की रबी की फसल

सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। नहर पटरियों की सफाई न कराकर नहर विभाग द्वारा किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। खजूर गांव और ऊंच गांव से आने वाली नहर के दम पर खेतों में बोई गई गेहूं की फसल को समय से पानी न मिलने से सैकड़ों किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। अब तक नहर में पानी न मिलने से किसान चिंता में डूबे हैं। किसानों ने नहर विभाग से नहर में पानी छोड़ने की मांग की है।

सरेनी ब्लाक के भगवंत नगर, सरेनी गोविन्दपुर नीबी, दुधवन, तेजगांव, हमीरगांव, हुल्लापुर, कंजास, देवपुर, इब्राहिमपुर, उमरापुर पल्टीखेड़ा आदि गांव के सैकड़ों किसान खजूर गांव और ऊंच गांव से आने वाली नहर के भरोसे प्रत्येक वर्ष खेतों में फसल की बुवाई करते हैं। इसके बावजूद इस फसली में अभी तक न तो नहर की सफाई कराई गई और न ही नहर में पानी ही छोड़ा गया है। आक्रोशित किसानों का कहना है कि यदि नहर की सफाई और उसमें पानी नहीं छोड़ा गया तो बिन पानी के उनके खेतों में बोई गई रवि की फसल सूख जाएगी। इससे न सिर्फ भारी मात्रा में उनका नुकसान होगा बल्कि उनका परिवार की भूखों मरने की कगार पर पहुंच जाएगा। किसानों ने बताया कि वे पहले से ही आर्थिक बोझ तले दबे हुए हैं जिससे काफी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नहर में पानी आ जाए तो अच्छा होगा।



नहर पर उगी झाड़ियां। अमृत विचार

सूर्यबली सिंह।

रामू सिंह।

चंद्रकांत।

टिंकू मिश्रा।

कुंवर लाल यादव।

शिशिर बाजपेयी।

> रबी फसल की बुवाई को ध्यान में रखते हुए नहर की सफाई की जा रही है। 15 दिसंबर के आसपास नहर में पानी आने लगेगा। नहर विभाग पर तीन हजार एकड़ में बोई गई फसल की सिंचाई का जिम्मा है। इस पर कार्य किया जा रहा है।
>
> -तिलक कुमार, जेई, नहर विभाग

पानी को लेकर आंदोलन के मूड में किसान

पहुरी गांव के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामू सिंह, सूर्यबली सिंह, नीबी, सब्जी गांव के चन्द्रकान्त पूर्व मंडल महामंत्री, दरियाखेड़ा गांव के कुंवर लाल यादव, तिवारीपुर कला के टिंकू मिश्रा, सब्जी गांव के शिशिर वाजपेयी नहर में पानी न छोड़े जाने से बेहद नाराज हैं। उनका कहना है कि प्रति वर्ष नहर विभाग के अधिकारियों द्वारा नहर की सफाई में भारी लापरवाही बरती जाती है। उनका कहना है कि जब खेतों में रवि की फसल की बुवाई करा दी जाती है तब भी नहर की सफाई नहीं कराई जाती है। नहर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है। सभी ने एक स्वर में कहा है कि यदि नहर की सफाई और उसमें पानी समय से नहीं छोड़ा गया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेा।

न्यूज ब्रीफ

सड़क दुर्घटना में युवक हुआ घायल, रेफर

संग्रामपुर, अमेठी। क्षेत्र के नेवादा कनू निवासी रघुनाथ वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद उम्र 45 अपनी पुत्री गुंजन को दिल्ली भेजने के लिए अपनी दो पहिया वाहन (बिक्की) से अन्तू रेलवे स्टेशन ले जा रहे थे। घर से तीन किलोमीटर ही अमेठी-चंद्रिकन मार्ग शंकर पुर मोड़ के पास चंद्रिकन दिशा से रही तेज गति से कार से सामने से टक्कर मार दी जिससे दो पहिया सवार रघुनाथ वर्मा का दाहिना पैर फैक्चर हो गया और पीछे बैठी लड़की दूर जाकर गिरी। सूचना पर एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया जहां रघुनाथ वर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चोटिल रघुनाथ वर्मा की पुत्री ने बताया कि आज मैं दिल्ली जाने के लिए अन्तू स्टेशन से प्रतापगढ़ के लिए जाने वाली गाड़ी पकड़वाने के लिए अपनी बिक्की से अन्तू रेलवे स्टेशन ले जा रहे थे कि चंद्रिकन-अमेठी मार्ग के पास चंद्रिकन दिशा से आ रही तेज गति से कार ने टक्कर मार दी जिससे मेरे पिता को गहरी चोट आई है।

शराब के लिए पैसा देने से मना किया तो भाई को जमकर पीटा

बछरावां, रायबरेली। शराब पीने के लिए पैसा न देने पर नंदाखेड़ा गांव के लवकुश पुत्र सहदेव ने अपने बड़े भाई अंकुश की अपने साथी के साथ मिलकर पिटाई कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इस मामले में घायल ने थाने में तहरीर दी है साथ ही कार्रवाई की भी मांग की है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

ईंट से कूंचकर मजदूर की हत्या, आरोपी हुआ फरार

निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल में वारदात को दिया गया अंजाम

संवाददाता जगदीशपुर, अमेठी

अमृत विचार। ईंट से कूंचकर मजदूर की हत्या कर दी गई। रविवार की सुबह वह साइकिल से काम पर जाने के लिए निकला था। निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल में वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह व सीओ दिनेश मिश्रा और फारेंसिक टीम ने जांच पड़ताल शुरू की। उन्होंने लोगों से बात करके घटना की जानकारी ली। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हारीमऊ गांव के पास बन रहे अंत्येष्टि स्थल के पास की है। यहां रविवार की सुबह गूगोंमऊ गांव निवासी मनोज सिंह उर्फ मुख्खन (40) की ईंट से कूंचकर हत्या कर रोड के किनारे फेंक दिया और शव के बगल ही साइकिल को ऊपर से डाल दिया उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। वह अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य में केयर टेकर के रूप में काम कर रहा था। सुबह साइकिल से कार्यस्थल जा रहा था। रास्ते में हत्या कर दी गई। ग्रामीणों ने सड़क किनारे उसका शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंझले भाई अजीत सिंह ने बताया कि मनोज मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अकेले रहकर काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि किसी से विवाद की जानकारी होने से इंकार किया है। परिजनों के मुताबिक मनोज की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व शुकुल बाजार क्षेत्र में हुई थी। कुछ समय बाद आपसी मतभेद के चलते वह अलग रहने लगा उसकी कोई संतान नहीं थी। घटना की जानकारी मिलने पर मां सूर्य कुमारी, बड़े भाई विजय सिंह समेत अन्य परिजन मौके पर पहुंचे परिवार में शोक की लहर है।

मनोज सिंह।

मौके पर जांच करते एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह व सीओ दिनेश मिश्रा। अमृत विचार

उधर, इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर स्थलीय निरीक्षण किया गया। लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक के भाई अजीत सिंह की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

मौके से साइकिल और लकड़ी के फट्टे बरामद

पुलिस जांच के दौरान निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल परिसर से घटना स्थल से मृतक की साइकिल और खून से सनी ईंट व लकड़ी के फट्टे बरामद हुए हैं। इन्हें सबूत के तौर पर कब्जे में लिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हत्या के कारणों की पड़ताल में जुट गई है। घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर तक खून के छींटे शव मिलने की जगह तक पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या अंत्येष्टि स्थल परिसर में ही की गई। रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

हरदी टीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

61 ने कराया उपचार

जगतपुर, रायबरेली। रविवार को हरदी टीकर पीएचसी में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 61 मरीज ने पंजीकरण कराया। पीएचसी के डॉ. सुफैल अंसारी ने बताया कि आरोग्य मेले में आने वाले सभी रोगियों का उपचार किया गया। इस दौरान उन्होंने दमा, टीबी रोगियों को ठंड से बचाव के उपाए भी बताए। इसके अलावा खांसी, जुखाम, बुखार, शुगर, हाइपरटेंशन, सर दर्द आदि रोगों का उपचार किया।

असलहा लहराते युवक का वीडियो हुआ वायरल, इलाके में दहशत

संवाददाता संग्रामपुर, अमेठी

अमृत विचार। अमेठी जिले में युवाओं के बीच अवैध असलहों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपनी 'धाक' जमाने का खतरनाक चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसका ताजा और गंभीर मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक युवक द्वारा बाइक के साथ खुलेआम अवैध असलहा लहराते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया गया है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वायरल वीडियो संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा गाँव का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक युवक बिना किसी डर के अवैध हथियार तमंचा के साथ बाइक के पास पोज दे रहा है।

असलहा के साथ युवक। अमृत विचार

वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया है। संग्रामपुर थाना पुलिस ने इस गंभीर मामले का संज्ञान लिया है और वीडियो के आधार पर युवक की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की भी गहन जांच-पड़ताल कर रही है कि वीडियो में दिख रहा असलहा अवैध है या नहीं और युवक को यह हथियार कहां से प्राप्त हुआ।

रैली में जयघोष करते लोग। अमृत विचार

राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् से गुंजायमान हुआ कस्बा

जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार। राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के एक सौ पचास वर्ष होने के अवसर पर रविवार को रैली का आयोजन किया गया जो कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए कस्बा चौराहा पर समाप्त हुई। कस्बा स्थित सतेश्वर मन्दिर से राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की रैली निकाली गई। इस दौरान प्रमुख राजेश विक्रम सिंह ने कहा कि पूर्व के जिम्मेदार लोगों द्वारा वन्दे मातरम् में काट छाट करना बड़ा ही निंदनीय कार्य था जो अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हमारे महापुरुष वन्दे मातरम् गाते हुए फांसी के फंदे से झूल गए। रैली कस्बा के शांति मार्केट, गुलाब गंज चौराहा आदि स्थानों से होते हुए कस्बा चौराहे पर समाप्त हुई। इस अवसर पर डॉ. पवन तिवारी, रामहेत, मान सिंह राठौर, दीप चन्द्र कौशल, विनय सिंह, अश्वनी पांडेय, बबलू शुक्ला, हरि भान सिंह, अजय सिंह, भीम सिंह आदि मौजूद रहे।

हिन्दू समाज की एकता ही ब्राह्मण धर्मः दिनेश तिवारी

अमेठी, अमृत विचार। रविवार को बाबा बालकदास कुटी के पास स्थित अमेठी जनपद मुख्यालय पर ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के मुद्दों और विस्तार पर चर्चा हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने नवीन दायित्वों की घोषणा की तथा संगठन के एजेंडों पर चर्चा-परिचर्चा भी हुई। अभिमन्यु उपाध्याय तथा हरिकेश मिश्र को सर्वसम्मति से मुख्य कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, भूपेन्द्र मिश्र तथा मनोज तिवारी को महामंत्री नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदेश, जनपद तथा अनेक ब्लॉकों की कार्यकारिणी में भी व्यापक बदलाव किए गए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि हिन्दू समाज की एकता ही ब्राह्मण धर्म है। राष्ट्र की एकता और अखंडता ही हमारा ध्येय है। इस अवसर पर अभिजित त्रिपाठी, प्रिंस शुक्ला, अनिरुद्ध मिश्र, एडवोकेट राजन शुक्ल तथा अजय यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

सीएमओ ने परखी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत

औचक निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जिले में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं को नजदीक से देखने के लिए रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह खुद क्षेत्र में निकले। उन्होंने एक-एक कर पीएचसी और सीएचसी का खुद निरीक्षण किया। जेठूमवाई, शिवगंज, सीएचसी चंदेरिया, भेटुआ और गोसाईगंज, विशेषरगंज, संग्रामपुर का दौरा किया। जहां-जहां मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगा था वहां रुककर व्यवस्थाएं देखीं और मरीजों से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान सभी जगह डॉक्टर, नर्स और दवा वितरण से जुड़े कर्मचारी मौजूद मिले। पर्ची कटने से लेकर मरीजों की जांच और दवा मिलने तक की पूरी व्यवस्था सीएमओ ने देखी।

निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

उन्होंने साफ कहा कि कोई भी मरीज बिना जांच और दवा के वापस नहीं जाना चाहिए,

- **मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों की उमड़ी भारी भीड़, पोलियो बूथ का भी किया उद्घाटन**

चाहे भीड़ कितनी ही क्यों न हो। गोसाईगंज आरोग्य मेले में सबसे ज्यादा चहल-पहल देखने को मिली। यहां कुल 105 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। अधिकतर मरीज बुखार, सर्दी-खांसी, ब्लड प्रेशर, शुगर और त्वचा रोग से परेशान मरीज आए थे। डॉक्टरों ने सभी को देखकर दवाएं दीं और जरूरी सलाह भी दी। सीएमओ ने मौके पर कहा कि सरकार चाहती है कि गांव तक इलाज पहुंचे और गरीब को भटकना न पड़े। अमेठी जिले में कुल 926 पोलियो बूथ की संख्या है। कुल पांच वर्ष के बच्चों की संख्या 3 लाख 16 हजार 224 है जिसमें से 1 लाख 50 हजार 823 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

जनपद में 1.50 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

अमेठी, अमृत विचार। जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से एक बार फिर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 3 लाख 16 हजार 224 बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ अमेठी के सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने जिला अस्पताल में नवजात शिशु को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले दिन जनपद के सभी सुनिश्चित बूथों पर स्वास्थ्य टीमों द्वारा कैंप लगाकर बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई गई। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के पहले दिन 1 लाख 50 हजार 823 बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए मोबाइल स्वास्थ्य टीमें भी कार्य कर रही हैं।

1000 जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

संग्रामपुर, अमेठी

अमृत विचार। विकास खंड के धोयें गांव निवासी समाजसेवी रिंकू शुक्ला ने रविवार को टीकरमाफी क्षेत्र स्थित झाउ बाबा परिसर में एक कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 1000 जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से राहत देने के उद्देश्य से कंबल बांटे गए। यह कार्यक्रम श्री श्री 1008 स्वामी विरक्तानंद महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। स्वामी विरक्तानंद महाराज के आशीर्वचनों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समाजसेवी रिंकू शुक्ला ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने मानव सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। शुक्ला ने यह भी जानकारी दी कि भविष्य में भी इसी तरह के जनसेवा और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस कंबल वितरण कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर डीके यादव, शारदा मिश्र, पंडित शुक्ल, पप्पू शुक्ल, मंत्री यादव, बृजलाल, अंगद शुक्ल, बड़े लाल मिश्र, देवी मिश्र, देवेंद्र पांडे और राम बहादुर गुप्ता सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को कंबल बाटते समाजसेवी। अमृत विचार

येलो स्ट्रिप पर वाहन के चढ़ते लगेगा झटका, खुलेगी नींद और बचेगी जान

- **लखनऊ-प्रयागराज मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर दुर्घटना में अब तक जा चुकी हैं कई जानें**
- **ब्लैक स्पॉट घोषित होने के बाद जागा एनएचआई विभाग, हादसों पर रोकथाम के लिए उठाया कदम**

आशीष मिश्रा, बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे में बना रेलवे ओवरब्रिज कई वर्षों से मौत का कुआं साबित हो रहा है। अब तक इस ओवरब्रिज से गिरकर लगभग दो दर्जन लोगों की जानें जा चुकी हैं और सैकड़ो लोग घायल हो चुके हैं। ब्लैक स्पॉट घोषित होने के बाद एनएचआई की नींद टूटी और अब हादसों के रोकथाम के लिए ओवरब्रिज पर येलो स्ट्रिप लगाई गई है जिससे हादसे तो कम होंगे ही साथ ही चालक भी तेज झटकों के साथ अपने वाहन की स्थिति को संभाल पाएगा।

लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर बछरावां कस्बे के निकट रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण लगभग डेढ़ दशक पूर्व हुआ था। इस पुल की डिजाइनिंग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने निर्माण के समय ही सवाल खड़े किए थे, परंतु उसे नजरअंदाज कर दिया गया था। इस पुल से लगभग दो दर्जन लोगों की गिरकर जाने जा चुकी हैं। 2024 में आलू से लदा ट्रक पुल से नीचे गिर गया था जिसमें ड्राइवर और क्लीनर की मौत हो हुई थी। इसी तरह से यहां ट्रक सामान सहित ओवर ब्रिज से 25 फीट नीचे गिरे और दर्जनों लोग घायल भी हुए थे। शिकायतों के बाद एनएचआई ने यहां पर बेरी कटिंग कर लोहे की जाली लगवाई, परंतु यह प्रयास असफल रहा।

ब्लैक स्पॉट घोषित होने के बाद अब ओवरब्रिज पर लगाई येलो स्ट्रिप जिसे स्पीड ब्रेकर का छोटा रूप कह सकते हैं। येलो स्ट्रिप लगने के बाद जैसे ही वाहन इन यलो स्ट्रिप पर चढ़ता है तेज झटके लगने शुरू हो जाते हैं जिससे वाहन चालक कितना भी नींद या सुस्ती में हो या कहीं कुछ और सोच रहा हो उसका मस्तिष्क तुरंत अलर्ट मोड में आ जाएगा और वह अपने वाहन की गति सीमा के साथ-साथ पूरे नियंत्रण में होगा। इस यलो स्ट्रिप के लगने से अब दुर्घटनाओं के काम होने के आसार हैं। इस कार्य के लिये समाजसेवी व व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर ने कहा कि इस कार्य से रात में कोहरे के कारण होने वाली घटनाओं में कमी आयेगी।

लखनऊ-प्रयागराज मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर लगाया गया येलो स्ट्रिप।

ब्रिज का घुमावदार होना है हादसे की वजह

लखनऊ से रायबरेली की ओर जाते समय इस ओवर ब्रिज पर चलना किसी खतरे से खाली नहीं है। यह ओवर ब्रिज इतना घुमावदार बना हुआ है कि जब तक चालक कुछ समझ पाता है तब तक वह हादसे का शिकार हो जाता है। गौर किया जाए तो लगभग हादसों की संख्या एक दर्जन से ज्यादा की है। डेढ़ दशक के दौरान इस ओवर ब्रिज से गिरकर लगभग दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी हैं। इनमें अधिकांश युवक ही शामिल है। कई सामान लदे ट्रक भी इस ब्रिज के नीचे गिर चुके हैं।

ओवरब्रिज के विद्युत पोल से स्ट्रीट लाइटें गायब

घुमावदार ओवर ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट के लिए खंभे तो लगाया जा चुके हैं परंतु एक दो विद्युत पोल को छोड़कर किसी में भी लाइट जलती हुई नजर नहीं आती है।आलम यह है कि लाइट न जलने से वाहन चालक को कुछ समझ नहीं आता है कि वह किस दिशा में जा रहा है। इससे भी हादसा होने के पूरे आसार बने रहते हैं। येलो स्ट्रिप लगाकर हादसों पर रोकथाम के लिए विभाग द्वारा प्रयास किया गया है।

ट्रक की टक्कर से भाई की मौत, बहन घायल

फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार। रविवार की सुबह रायबरेली-सुल्तानपुर राजमार्ग पर फुरसतगंज के जमालपुर गोसाई ताल के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे। ट्रक के पहिए के नीचे आने से भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहन मामूली रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान सूरतगढ़ निवासी विकास मौर्य (19) के रूप में हुई है। वह अपनी बहन पिंकी मौर्य को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पिंकी ने बताया कि विकास परिवार का एकमात्र कमाऊ सहारा था। उसके एक बड़े भाई और पांच बहनें हैं, जिनमें से तीन बहनों और बड़े भाई की शादी हो चुकी है। पिता किसान हैं और मां गृहिणी हैं। परिजनों के अनुसार, विकास पढ़ाई छोड़कर ड्राइविंग कर परिवार की जिम्मेदारियां संभालना चाहता था और बहनों की शादी में सहयोग करने का सपना देखता था।

विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

प्रतियोगिता

संवाददाता तिलोई, अमेठी

अमृत विचार। ब्लॉक व कस्बा तिलोई स्थित एसपीएन इंटर कॉलेज के मैदान में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग अमेठी के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का समापन खंड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा व शिक्षक नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह ने विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती वॉलीबॉल, बैडमिंटन महिला व पुरुष वर्ग में संपन्न कराया गया। संपन्न हुए खेलों में गोला फेंक जूनियर बालिका में आराधना यादव तिलोई प्रथम तथा महिमा वर्मा तिलोई द्वितीय रही। गोला फेंक जूनियर बालक में अनस सिंहपुर प्रथम तथा शरद सोनकर बहादुरपुर द्वितीय रहे। लंबी कूद सब जूनियर बालक में निखिल रास्ता मऊ सिंहपुर प्रथम तथा सोहित सेमरौता तिलोई तृतीया रहे। बैडमिंटन सीनियर बालक एकल में शिवेंद्र सोनकर तिलोई प्रथम तथा जितेंद्र कुमार द्वितीय रहे। गोला फेंक सब जूनियर बालिका वर्ग में सबीहा बानो तिलोई प्रथम तथा आरती तिलोई द्वितीय रही। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, ओंकारनाथ, शशि सिंह, प्रभात कुमार, ताज मोहम्मद, सूर्यकांत शुक्ला, रामसागर शुक्ला, अनुपम शुक्ला, शुभम तिवारी रहे।

खेलकूद प्रतियोगिता में मिले जीत के प्रमाण-पत्र के साथ प्रतियोगी। अमृत विचार

कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में जिले के भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

लालगंज, रायबरेली। उप्र के भाजपा अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव में रायबरेली के भी सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।रायबरेली से शामिल होने वाले लोगों में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, जंग बहादुर सिंह, भाजपा नेता जेपी सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह रहे।

घायल अवस्था में मिला घर से लापता अधेड़

कुंडा, प्रतापगढ़। महेशगंज के बहोरिकपुर गांव निवासी 56 वर्षीय चंद्रपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह नौ दिसंबर की सुबह खेत की ओर जाने की बात कहकर घर से निकले थे,लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर उनका कोई पता नहीं चल सका। तीन दिन बाद चंद्रपाल अपने खेत के पास झाड़ियों में गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। परिजन उन्हें इलाज के लिए कुंडा स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां करीब 24 घंटे बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची महेशगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चंद्रपाल के बेटे संदीप पाल ने नामजद तहरीर थाने में दी। आरोप लगाया कि उनके पिता का अपहरण कर पट्टीदारों ने मारपीट की और घायल अवस्था में छोड़ फरार हो गए। इससे उनकी मौत हो गई। परिजनो ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अस्पतालों के निरीक्षण में मरीजों ने बताई व्यवस्था की हकीकत

प्रतापगढ़, अमृत विचार। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रो. डा. राजेश कुमार राय रविवार को प्रतापगढ़ में रहे। उन्होंने मेडिकल कालेज, राजा प्रताप बहादुर अस्पताल व महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पतालों में भर्ती मरीजों से सुविधाओं की जानकारी ली। उनसे पूछा कि उनकी जांच कहां से हुई और दवाएं अस्पताल से मिल रही हैं कि नहीं।

डॉ. राजेश सबसे पहले मेडिकल कालेज पहुंचे। यहां उन्होंने एमबीबीएस के छात्राओं से बातचीत के बाद मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद वह राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे। यहां उन्होंने मरीज को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। मरीजों से बातचीत की। इसके बाद वह महिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने आयुष्मान वार्ड में भर्ती महिला से पूछा कि ऑपरेशन हुआ है। आपकी जांच अस्पताल में हुई या बाहर से दवाएं कहां से मिल रही है। इस पर महिला ने बताया कि उसकी सारी जांच अस्पताल से हुई हैं और दवाई भी यही से मिली। यहां दिव्यांग शौचालय बंद मिला। शौचालय में पानी नहीं आ रहा था। इस पर सफाई कर्मचारी के सुपरवाइजर को बुलाकर चेतावनी देते हुए फटकार लगाई।

जिस प्रकार शरीर में दृष्टि है, उसी प्रकार आत्मा में तर्क है।
अरस्तु, दार्शनिक

चौधरी का चयन

उत्तर प्रदेश भाजपा की कमान पंकज चौधरी को सौंपा जाना एक संगठनात्मक नियुक्ति मात्र नहीं, बल्कि आने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों की दृष्टि से एक सुविचारित राजनीतिक-रणनीति का संकेत है। ऐसे समय में जब 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षा के अनुरूप सफलता नहीं मिली, संगठन के शीर्ष पर यह बदलाव कई स्तरों पर संदेश देता है। सबसे पहले, पंकज चौधरी का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना जाना यह दर्शाता है कि भाजपा नेतृत्व फिलहाल किसी गुटीय संघर्ष से बचना चाहता है, हालांकि इसे संगठन के पूरी तरह गुटबाजी-शून्य होने का प्रमाण मानना अतिशयोक्ति होगी।

उत्तर प्रदेश जैसा विशाल और विविध राज्य स्वाभाविक रूप से आंतरिक समीकरणों से भरा रहता है, पर निर्विरोध चयन यह दिखाता है कि शीर्ष नेतृत्व ने संतुलन साधते हुए सर्वमान्य चेहरे पर सहमति बनाई है। मुख्यमंत्री पहले ही पूर्वांचल से हैं और अब प्रदेश अध्यक्ष भी उसी क्षेत्र से है सुनना क्षेत्रीय वर्चस्व की बहस को जन्म देता है। प्रश्न यह है कि क्या इससे राजनीतिक असंतुलन पैदा होगा? वस्तुतः भाजपा का संगठनात्मक ढांचा केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि जातीय और सामाजिक संतुलन पर भी आधारित रहता है। पूर्वांचल को अध्यक्ष पद देना दरअसल उस क्षेत्र में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने की कोशिश है, जहां 2024 में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं हुआ। पंकज चौधरी के चयन के पीछे कुर्मी समुदाय का समीकरण भी स्पष्ट दिखता है। उत्तर प्रदेश में कुर्मी मतदाता लगभग 8 प्रतिशत माने जाते हैं, जो कई सीटों पर निर्णायक भूमिका में रहते हैं। समाजवादी पार्टी लंबे समय से पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) समीकरण के जरिए इन्हें साधने की कोशिश कर रही है। ऐसे में कुर्मी समुदाय से प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह पिछड़े वर्गों में अपनी पैठ और गहरी करना चाहती है। यह रणनीति सपा के सामाजिक गठजोड़ की काट के रूप में देखी जा सकती है। इससे पहले भी कुर्मी समुदाय से भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं।

पंकज चौधरी का राजनीतिक सफर पार्षद से लेकर विधायक और सांसद तक का रहा है। उन्होंने जीत और हार-दोनों का स्वाद चखा है। यही अनुभव उन्हें जमीन से जुड़ा नेता बनाता है। संगठन और प्रशासन, दोनों का अनुभव होने से सरकार और पार्टी के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद की जा सकती है। संघ नेतृत्व से उनके अच्छे संबंध योगी सरकार को भी संगठनात्मक मजबूती देगा, हालांकि नए प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं हैं। पंचायत चुनावों में जमीनी संगठन को सक्रिय करना, जातीय संतुलन बनाए रखना, आंतरिक असंतोष को नियंत्रित करना और विपक्ष के पीडीए नैरेटिव का प्रभावी जवाब देना। यदि पंकज चौधरी इन मोर्चों पर संतुलित और समावेशी नेतृत्व दिखा पाते हैं, तो उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के संगठनात्मक विकास और चुनावी सफलता की कामना असंगत नहीं होगी। अंततः यह नियुक्ति भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें सामाजिक विस्तार और संगठनात्मक मजबूती को साथ-साथ साधने की कोशिश साफ नजर आती है।

युद्ध के नए फ्रंट पर टिकी निगाह

नवीन गुप्ता
बरेली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी, टैरिफ वार की नीति से तंग भारत, रूस और चीन के व्यापार को लेकर त्रिगुट बनाने के साथ ही जियो पॉलिटिक्स में तेजी से बदलाव होने लगा है। युक्रेन से युद्ध में उलझे रूस को लगातार धमकियां दे रहे अमेरिका को भी अब अपनी नीति में बदलाव को मजबूर होना पड़ा है। अप्रत्याशित रूप से अमेरिका ने जहां अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी) में बदलाव करते हुए रूस को खतरे के तौर पर न देखने का निर्णय लिया, वहीं भारत को भरोसेमंद सहयोगी बताने को मजबूर हो गया। रूस और अमेरिका में तनाव तो कम हुआ, लेकिन चीन-जापान, थाईलैंड-कंबोडिया और पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव से पूरी दुनिया चिंतित है, क्योंकि ये देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं। अगर युद्ध के नए फ्रंट खुलते हैं, तो जनहानि तो होगी ही भारत समेत कई देशों की अर्थव्यवस्था पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा।

2014 में क्रीमिया को रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से ही अमेरिका प्रशासन रूस को खतरा मानता चला आ रहा है। युक्रेन-रूस युद्ध रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार रूसी राष्ट्रपति को बर्बाद करने की धमकियां देते आ रहे हैं। अमेरिका ने रूस पर टैरिफ तो नहीं लगाया था, लेकिन भारत और चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाया। टैरिफ के दम पर ही उसने अपने मित्र राष्ट्र जापान को भी झुकने को मजबूर किया। भारत, ब्राजील और चीन ने अमेरिकी टैरिफ के आगे झुकने से इंकार किया। अब भी ये देश तनकर खड़े हैं।

अमेरिका से व्यापार में आई दिक्कत को ध्यान में रखकर नया बाजार भी तलाश रहे हैं और इस घाटे को पूरा करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के बाद अचानक अमेरिका के रुख में परिवर्तन आया है। रूस-भारत की गहरी होती दोस्ती को देखते हुए अमेरिका के सुर दोनों देशों के प्रति बदल गए हैं और उसके रवैये में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जल्द ही भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता भी होने के संकेत मिलने लगे हैं।

> रूस-भारत की गहरी होती दोस्ती को देखते हुए अमेरिका के सुर दोनों देशों के प्रति बदल गए हैं। उसके रवैये में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

एक फ्रंट से आई खुशी की खबर तो राहत देने वाली है, लेकिन पड़ोस में अशांति से चिंतित होना स्वाभाविक है। ताइवान पर चीन के संभावित हमले को ध्यान में रखकर ही जापान की प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों संसद में बयान दिया था और कहा था कि इस युद्ध में वह भी चीन के विरुद्ध खड़ा होगा। इससे चीन चिढ़ा हुआ है और युद्ध की धमकियां भी दे रहा है। जापान के रक्षा मंत्रालय लगातार दावा कर रहा है कि चीन की नौसेना का एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग जापान के पास देखा गया। चीन वहां अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है। इससे जापान चिंतित है और उसने भी ओकिनावा के पास प्रशांत महासागर में लड़ाकू विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग का अभ्यास करके चीन को बता दिया है कि वह हर खतरे से निपटने को तैयार है।

जापान का आरोप है कि चीनी लड़ाकू विमानों ने उसके सैन्य एयरक्राफ्ट पर फायर कंट्रोल रडार लॉक किया, जो सीधे संभावित मिसाइल अटैक की चेतावनी माना जाता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने इसे अपनी रक्षात्मक नीति बताया है। दोनों देशों के बीच संभावित युद्ध के खतरे से दुनिया का चिंतित होना स्वाभाविक है। चीन के जापान पर बढ़ते दबाव पर अमेरिका, आस्ट्रेलिया आदि देशों की निगाह है। अगर यह युद्ध छिड़ता है, तो इसका सीधा नकारात्मक असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा, क्योंकि इससे समुद्री मार्ग से व्यापार प्रभावित होगा।



जापान से युद्ध छिड़ने का मतलब है कि ताइवान से भी युद्ध छिड़ जाएगा। उधर, थाइलैंड द्वारा कंबोडिया पर की गई एयरस्ट्राइक से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। कंबोडिया की सेना कभी भी इसका जवाब दे सकती है। पूर्व में छिड़े युद्ध का अमेरिका ने समाधान करा दिया था, लेकिन अब दोनों देश फिर आमने-सामने आ गए हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। युद्ध की स्थिति में भारतीय उत्पादों का निर्यात प्रभावित होगा, वहां से जिन उत्पादों का आयात होता है, उनके आवागमन में रुकावट आएगी। ऐसी स्थिति में वे महंगे होंगे। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से तनाव के कारण अपने व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए हैं।

भारत से अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कवायद तेज कर दी है। अब पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति पुनः बन रही है। पाकिस्तान अक्सर अफगानिस्तान की सीमा में बमबारी कर देता है। इससे बेगुनाह नागरिकों की मौत होती है। इसका जवाब देने को अफगान तालिबान तैयार है। पाकिस्तान बार-बार तहरीके तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों को संरक्षण देने का आरोप तालिबान सरकार पर लगाता है। तालिबान सरकार इन आरोपों को खारिज करती है। ऐसे में पाकिस्तान एयर स्ट्राइक करके अफगानिस्तान के नागरिकों को मौत की नींद सुला देता है। ऐसे में दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। अगर युद्ध होगा तो इसका असर भारत-अफगानिस्तान के बीच होने वाले कारोबार पर सीधा-सीधा पड़ेगा। साथ ही बेगुनाह नागरिकों की मौत भी होगी।

भारत के जो प्रोजेक्ट अफगानिस्तान में प्रगति पर हैं, उन पर भी सीधा असर पड़ेगा। ऐसे में भारत सरकार की निगाह भी चीन-जापान-ताइवान, पाकिस्तान-अफगानिस्तान और कंबोडिया-थाइलैंड के बीच तनाव पर लगी हुई है। एशियाई देशों में युद्ध जैसे हालात तो हैं ही, अमेरिका और वेनेजुएला के बीच भी युद्ध कभी भी छिड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति कई बार वेनेजुएला के राष्ट्रपति को धमकी दे चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि युद्ध कभी भी छिड़ सकता है।

आमने सामने

चुनाव आयोग को वोट बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए, जिससे वोट बढ़े। इसके उलट देखा जा रहा है कि यूपी में करीब तीन करोड़ वोट कटने जा रहा है। भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर साजिश कर रहे हैं कि जहां-जहां भाजपा हारी है, वहां-वहां वोट काट दें। यह लोकतंत्र के खिलाफ षड्यंत्र है।
-अखिलेश यादव, सपा मुखिया

अगर अखिलेश सरकार में रहते कुछ काम करते तो जनता उन्हें सत्ता से बाहर नहीं करती। आज यूपी का मॉडल अन्य राज्य अपना रहे हैं, जबकि अखिलेश के राज में राज्य केवल दंगाग्रस्त था। कानून-व्यवस्था भाषणों से नहीं, कार्रवाई से सुधरती है।
-सुरेश खन्ना
मंत्री, उत्तर प्रदेश

दिल्ली की दूषित हवा से अर्थव्यवस्था पर भी संकट

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

दिल्ली की हवा अब केवल सांस लेने का माध्यम नहीं रही, बल्कि यह लोगों की सेहत और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के लिए एक बड़ा खतरा बन चुकी है। हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच राजधानी जहरीले धुएं की मोटी चादर में ढक जाती है। कई दिनों तक दिल्ली का AQI 350 से 450 के बीच बना रहता है, जबकि सुरक्षित स्तर 50 से नीचे माना जाता है। कुछ इलाकों में यह 500 के पार भी पहुंच जाता है, जो सीधे 'गंभीर आपात स्थिति' मानी जाती है। इस स्तर की हवा में कुछ घंटे भी रहना फेफड़ों और दिल के लिए खतरनाक हो सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ता है। हर सर्दी में सांस, दमा, सीओपीडी, दिल के दौरे और स्ट्रोक के मरीजों की संख्या 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। अकेले दिल्ली में हर साल करीब 55 से 60 हजार समय से पहले मौतों का एक बड़ा कारण वायु प्रदूषण बनता जा रहा है। यह एक स्वास्थ्य संकट के साथ-साथ एक बड़ा आर्थिक संकट भी है।

दिल्ली के परिवारों पर इलाज का आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। एक सामान्य सांस के मरीज का सालाना इलाज खर्च 12,000 से 25,000 रुपये तक पहुंच जाता है, जबकि गंभीर मरीजों का खर्च इससे कई गुना अधिक होता है। हर साल दिल्ली में प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों पर करीब 8,000 से 10,000 करोड़ रुपये केवल इलाज पर खर्च हो जाते हैं। इसमें अस्पताल का खर्च, दवाइयां, जांच, ऑक्सीजन सपोर्ट और घरेलू उपचार सब शामिल हैं। मध्यम और गरीब वर्ग के लिए यह खर्च उनकी साल भर की बचत खत्म कर देता है। कई परिवार कर्ज लेकर इलाज करवाने को मजबूर हो रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि प्रदूषण के कारण केवल एक सीजन में ही औसतन 10 से 15 स्कूल दिवस बर्बाद हो जाते हैं। इससे भविष्य की कार्यशक्ति कमजोर होती है, जिसका आर्थिक नुकसान आने वाले वर्षों में और बढ़ेगा।

> खराब हवा के कारण केवल कार्यक्षमता में कमी से ही दिल्ली को सालाना लगभग 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

खराब हवा का असर काम करने की क्षमता पर भी सीधा पड़ रहा है। जब AQI 300 से ऊपर जाता है, तो दफ्तरों में कर्मचारियों की उत्पादकता 10 से 15 प्रतिशत तक गिर जाती है। लगातार सिर दर्द, थकान, आंखों में जलन और सांस फूलने के कारण लोग पूरे मन से काम नहीं कर पाते। दिल्ली देश का सबसे बड़ा सेवा और कारोबार केंद्र है। केवल IT, बैंकिंग, बीमा, सरकारी दफ्तर और कॉरपोरेट सेक्टर में ही रोजाना करीब 50 लाख से ज्यादा लोग काम करते हैं। अगर इनमें से बड़ी आबादी आधी क्षमता से भी काम करे, तो हर साल हजारों करोड़ रुपये की उत्पादकता का नुकसान होता है। अनुमान है कि खराब हवा के कारण केवल कार्यक्षमता में कमी से ही दिल्ली को सालाना लगभग 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

निर्माण और छोटे उद्योगों पर प्रदूषण की मार और भी सीधी है। जब AQI 400 के पार जाता है, तो GRAP के तहत निर्माण कार्य बंद कर दिए जाते हैं। हर साल औसतन 15 से 25 दिन निर्माण गतिविधियां ठप रहती हैं। दिल्ली-एनसीआर में रोज निर्माण क्षेत्र से करीब 800 से 1,000 करोड़ रुपये का कारोबार जुड़ा होता है। ऐसे में केवल निर्माण पर ही हर साल 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये तक का सीधा नुकसान होता है। इसके साथ ही ट्रक प्रतिबंध, डीजल वाहनों पर रोक और फैक्ट्रियों की बंदी से लॉजिस्टिक्स और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी भारी क्षति होती है। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों और ढाबों की बिक्री 30 से 40 प्रतिशत तक गिर जाती है।

पर्यटन और होटल उद्योग भी इस प्रदूषण संकट से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सर्दियों में दिल्ली का टूरिस्ट सीजन चरम पर होता था, लेकिन अब कई विदेशी और घरेलू पर्यटक अपनी यात्रा टाल देते हैं। खराब दृश्यता के कारण फ्लाइट्स और ट्रेनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। अनुमान है कि स्मॉग सीजन के दौरान होटल और पर्यटन उद्योग का कारोबार औसतन 25 से 30 प्रतिशत तक घट जाता है। इससे होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, टूर गाइड और स्मारकों से जुड़े हजारों लोगों की आय पर सीधा असर पड़ता है। केवल इस सेक्टर में ही सालाना 3,000 से 5,000 करोड़ रुपये की कमाई प्रभावित हो रही है। बीमा उद्योग पर भी प्रदूषण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। सांस और दिल से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते मामलों के कारण दिल्ली-एनसीआर में हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पिछले कुछ वर्षों में औसतन 10-15% तक बढ़ चुका है। कंपनियों के लिए क्लेम का जोखिम बढ़ रहा है व लोगों के लिए बीमा लेना महंगा होता जा रहा है।

रियल एस्टेट और निवेश के क्षेत्र में भी हवा की गुणवत्ता अब एक बड़ा फैक्टर बन गई है, जिन इलाकों में AQI तुलनात्मक रूप से कम रहता है और हरियाली ज्यादा है, वहां मकानों की कीमतें 10 से 20 प्रतिशत तक ज्यादा देखी जा रही हैं। बड़ी कंपनियां भी अब अपने निवेश और कार्यालय के लिए ऐसे शहर चुन रही हैं, जहां हवा बेहतर हो। अगर दिल्ली की प्रदूषित छवि बनी रही, तो आने वाले वर्षों में निवेश का बड़ा हिस्सा अन्य शहरों की ओर शिफ्ट होने की आशंका बढ़ती जाएगी, जिससे दिल्ली की आर्थिक रफ्तार पर सीधा असर पड़ेगा।

प्रसंगवश

टीईटी की अनिवार्यता के साथ बदलाव जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2025 के फैसले में फिर स्पष्ट कर दिया था कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य है। इसके बाबजूद नौ दिसंबर 2025 को राज्यसभा में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया गया। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की छूट भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ने वाला है। टीईटी को आरटीई एक्ट-2009 के तहत कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के लिए अनिवार्य बनाया गया था, ताकि बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा का अधिकार मिले, लेकिन पिछले दस साल से देश के लाखों शिक्षक, खासकर 2010-2015 के बीच नियुक्त हुए, जो इस परीक्षा के कारण नौकरी, प्रमोशन और मानसिक शांति खोने की कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2025 के फैसले में फिर स्पष्ट कर दिया था कि टीईटी अनिवार्य है। इसके बाबजूद नौ दिसंबर 2025 को राज्यसभा में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया गया। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की छूट भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ने वाला है।

अंबिका अंबी
लेखिका

सबसे बड़ा फायदा शिक्षकों को होगा। लाखों शिक्षक, जिनमें अधिकांश 45-55 साल के हैं, एक लिखित परीक्षा के दबाव से मुक्त हो जाएंगे। ग्रामीण इलाकों में जहां पहले से शिक्षकों की कमी है, यह कमी पूरी होगी। शिक्षकों में प्रमोशन रुकने का डर खत्म होगा, वेतन विसंगतियां दूर होंगी और शिक्षक संगठनों का आंदोलन शांत हो जाएगा। कई राज्यों में भर्ती प्रक्रियाएं भी तेज होंगी, क्योंकि बीएड करने वाले बिना टीईटी दिए नौकरी पा सकेंगे। वर्तमान टीईटी का स्वरूप ही सबसे बड़ी समस्या है।

यह परीक्षा आज भी 10-12 साल पुराने सिलेबस और रटंत-आधारित प्रश्नों पर टिकी है, जबकि कक्षा में बच्चे डिजिटल टूल्स, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग और भावनात्मक बुद्धिमत्ता की अपेक्षा करते हैं। कई अनुभवी शिक्षक जो रोज़ कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, वे लिखित परीक्षा में असफल हो रहे हैं, क्योंकि उनका कौशल अब पेपर टेस्ट में नहीं, बल्कि वास्तविक शिक्षण में नजर आता है।

दुनिया के कई विकसित देशों ने शिक्षक प्रमाणीकरण को लचीला और बहु-आयामी बना दिया है। अमेरिका में नेशनल बोर्ड सर्टिफिकेशन, फिनलैंड में पोर्टफोलियो मूल्यांकन और सिंगापुर में परफार्मेंस बेस्ड असेस्मेंट जैसे मॉडल सफलतापूर्वक चल रहे हैं। भारत में भी निष्ठा, दीक्षा और एनसीईआरटी के मौजूदा ढांचे का उपयोग कर एक हाइब्रिड प्रमाणीकरण प्रणाली बनाई जा सकती है, जिसमें लिखित परीक्षा का वेटेज सिर्फ 30-40 प्रतिशत हो और बाकी कक्षा-प्रदर्शन, सहकर्मी समीक्षा तथा छात्र फीडबैक पर आधारित हो, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा और शिक्षकों के साथ भी न्याय होगा।

दूसरी तरफ शिक्षा की गुणवत्ता पर गहरा सवाल खड़ा होता है। टीईटी का मकसद सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि बाल मनोविज्ञान, शिक्षण शास्त्र और विषय की बुनियादी समझ जांचना था। यदि अनुभव के नाम पर इसे पूरी तरह हटा दिया गया तो 15-20 साल पुरानी डिग्री या प्रशिक्षण आज भी प्रासंगिक है, कैसे हो सकती है? खासकर तब जब एनईपी-2020 खुद निरंतर प्रशिक्षण और मूल्यांकन पर जोर दे रही है। एक तरफ हम विकसित शिक्षा नीति एवं विकसित भारत का सपना देख रहे है, दूसरी तरफ समय के साथ गुणवतापूर्ण न्यूनतम मानक को ही ढीला करने को तैयार हैं।

सोचने वाली बात यह है कि समस्या टीईटी से नहीं, बल्कि उसके कठोर एवं एकमात्र मानदंड के रूप में प्रयोग में है। इसका समाधान लिखित टेट में छूट नहीं, बल्कि अनुभवी शिक्षकों के लिए एक अलग 'अनुभवी शिक्षक प्रमाणीकरण कार्यक्रम' शुरू करना हो सकता है।

सोशल फोरम

छवियों की गिरफ्त और नार्सिसस की कहानी

आजकल हरदम फोटो खींचने और सहेज लेने का एक नशा सा हो चला है। लोग कहीं भी जाते हैं, उस पल को जीते नहीं हैं, उसे पकड़ लेना चाहते हैं। यहां तक की पूजा और श्मशान जैसी जगहों पर भी, जिंदगी को महसूस करने की जगह उसे जमा करना चाहते हैं। यह आदत कभी-कभी एक पुरानी ग्रीक कहानी याद दिलाती है, जिसे ओविड ने मेटामोर्फ़ोज़ में दर्ज की थी, कहानी है नार्सिसस की ।

प्रदीप चौधरी
चिकित्सक

वह एक लड़का था, बेहद सुंदर, लोग उसे देखकर ठहर जाते थे, लेकिन उसके भीतर एक अजीब सा खालीपन था, वह किसी पर ध्यान नहीं देता था, किसी की भावना को लौटाता नहीं था। एक दिन वह जंगल में घूमते हुए एक शांत जलाशय तक पहुंचा। पानी बिल्कुल स्थिर था, जैसे समय रुक गया हो। नार्सिसस ने जैसे ही झुककर देखा, उसे अपनी ही छवि दिखाई दी, पर वह समझ नहीं पाया कि सामने उसका प्रतिबिंब है। वह उस सुंदर चेहरे पर मोहित हो गया। वह बार-बार उसे छूने की कोशिश करता, पानी हिल जाता और चेहरा टूट जाता। फिर वह झुकता, फिर वही आकर्षण। धीरे-धीरे उसके भीतर की भूख, प्यास, सब धुंधली हो गईं। वह वहीं बैठा रह गया, क्योंकि उसे लगा कि जीवन का सबसे सुंदर हिस्सा उसी पानी में है। अंत में वह वहीं मर गया और उसकी जगह एक फूल उग आया, जिसे आज भी नार्सिसस कहते हैं।

यह कहानी केवल एक सुंदर लड़के की मृत्यु की कथा नहीं है। यह उस मानसिक पैटर्न की कहानी है, जिसमें मनुष्य अपनी ही छवि की गिरफ्त में आ जाता है। वह अपनी पहचान, अपनी भावनाओं, अपने संबंधों को बाहरी चमक के मुकाबले कम आंकने लगता है।

आज की दुनिया में यह कहानी और भी समझ आती है। हम अपनी छवि को लेकर जितने सतर्क हो गए हैं, उतने शायद किसी युग में नहीं थे। हर मुस्कान फोटो में ढल जाती है, हर जगह हम कैमरे की नजर से गुजरकर ही जीवित रहते हैं। जैसे हमारी उपस्थिति तभी मान्य होती है, जब वह एक स्क्रीन के लिए उपयुक्त हो। नार्सिसस की असली गलती यह थी कि उसने प्रतिबिंब को वास्तविकता समझ लिया। हमारे समय में भी यही खतरा सबसे गहरा है। जब दिखना, होना बन जाता है, जब चमक, सत्य को पीछे छोड़ देती है, जब हम अपने ही बनाए फ्रेम का हिस्सा बन जाते हैं, तब मन धीरे धीरे अपने भीतर की आवाज खो देता हैं।

सामयिकी

ड्रग तस्करों के खिलाफ राज्यों की साझा पहल

देश के लगभग हर राज्य में नशीले पदार्थों का बढ़ता घातक कारोबार गंभीर संकट की आहट सुना रहा है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना, इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने को अपराध की गलियों से गुजरने में गुरेज नहीं करते। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे के लिए पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है।

बीते दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। इस रणनीतिक महत्व के सेमिनार का आयोजन हरियाणा के खाद्य और औषधि प्रशासन ने किया था, जिसका मकसद सीमावर्ती राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, सूचना साझेदारी और तेज प्रवर्तन तंत्र विकसित करना था।

रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। उल्लेखनीय है कि इस पहल में सीमावर्ती राज्यों पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड व दिल्ली, महाराष्ट्र तथा हरियाणा के औषधि नियंत्रकों व वरिष्ठ अधिकारियों समेत 70 अधिकारियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों ने अनुभव साझा करके भविष्य के लिए कारगर रणनीति को अंजाम देने पर गंभीर मंथन किया। बैठक में स्वीकार किया गया कि नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं।

यह जहरीला कारोबार सिर्फ स्थानीय मुद्दा नहीं है, बल्कि विभिन्न राज्यों के बीच साझा चुनौती बना हुआ है, जिसका मुकाबला डेटा साझेदारी और पारदर्शी समन्वय से ही संभव है। खासकर सीमावर्ती राज्यों को तो अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय तस्करों से मुकाबले के लिए मिलकर काम करना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि चंडीगढ़ में आयोजित सेमिनार के निष्कर्ष राज्य व केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि साझी रणनीति तय की जा सके। दरअसल, हाल के दिनों में पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने देश की चिंता बढ़ाई है।

सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सीमा पार से ड्रोन के जरिये लगातार नशीले पदार्थ व हथियार भेजने के मामले प्रकाश में आए हैं। संकट का एक पहलू यह भी है कि सीमावर्ती जिलों में किशोरों को नशे की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। पंजाब सरकार के विशेष अभियान के दौरान भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई है। अनेक तस्कर व दोहरी भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों तक भी कानून के हाथ पहुंचे हैं, लेकिन अभी भी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है। उम्मीद है कि सात राज्यों के सामूहिक प्रयास से नशे और नकली दवाइयों के कारोबार पर अंकुश लगेगा और प्रभावी कार्रवाई हो पाएगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

बरेली में थार प्रेमियों ने शहर में एक अनोखा क्लब 'थारिएंस क्लब बरेली' बनाया है। यह क्लब न केवल थार मालिकों को एक मंच देता है, बल्कि शहर में सामाजिक सरोकारों के लिए अपनी पहचान भी बना रहा है। क्लब में फिलहाल 30 सक्रिय थार संचालक सदस्य जुड़े हुए हैं। इनमें (डाक्टर, सीए और उद्यमी) शामिल हैं।

-महिपाल गंगवार, बरेली

थारिएंस क्लब में महिलाएं भी हैं खूब सक्रिय

क्लब के सचिव सुबोध भारद्वाज बताते हैं कि क्लब में कई महिलाएं सदस्य भी सक्रिय हैं, जो थार खुद चलाती हैं और ऑफ-रोडिंग इवेंट्स में अपना हुनर दिखाती हैं। इससे क्लब का दायरा सिर्फ पुरुषों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह परिवारों के लिए एक सकारात्मक और सुरक्षित मंच बन गया है। वह बताते हैं कि थारिएंस क्लब के सदस्यों का मानना है कि थार ने उन्हें एक नए समुदाय से जोड़ा है। पहले वे सिर्फ गाड़ी तक सीमित थे, लेकिन क्लब से जुड़ने के बाद उन्हें समाजसेवा, नई जगहें देखने और समान विचारधारा वाले लोगों से मिलने का मौका मिला।

थार के शौक को सिर्फ घूमने-फिरने तक सीमित न रखें

थार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष राजीव खुराना बताते हैं कि यह क्लब केवल शौक के लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए बनाया गया है। उनके अनुसार हम चाहते थे कि थार के शौक को सिर्फ घूमने-फिरने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे एक जिम्मेदारी से भी जोड़ा जाए। थारिएंस क्लब उतराखंड में नदी वाले स्थानों पर राइडिंग के साथ हर 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालने के साथ-साथ समय पर जलसंरक्षण आदि को लेकर सामाजिक अभियान चलाता है, जिसमें सभी 30 थारें एक साथ निकलती हैं।

बरेलियंस का नया टशन
थारिएंस क्लब

बरेली शहर में अब तक 450 से अधिक बिक चुकी हैं थार

स्थानीय डीलरों के अनुसार बरेली में महिंद्रा थार की ऑन-रोड कीमतें वेरिएंट के हिसाब से 15.5 लाख रुपये से 21 लाख रुपये तक जाती हैं, जबकि टॉप मॉडल की कीमत 22 लाख रुपये के करीब पड़ती है। शहर में थार के लॉन्च होने के बाद से अब तक लगभग 450 से अधिक थारें बिक चुकी हैं, जो युवाओं की पसंद का मजबूत संकेत देती हैं। मजेदार बात यह भी है कि थार खरीदने वाले कई युवा पहले से एसयूवी चला रहे थे, लेकिन जब से थार गाड़ी लांच हुई लोग इसे सिर्फ गाड़ी नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल मान रहे हैं। खासकर वीकेंड पर यह गाड़ी बरेली के आसपास के हिल स्पॉट्स या नदी किनारे ऑफ-रोडिंग के लिए खूब दिखाई देती है। शहर में शादी-ब्याह के अवसर हों या किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी, थार का प्रवेश ही माहौल को अलग बना देता है।

इसलिए बढ़ी थार की लोकप्रियता

थार की लोकप्रियता के पीछे इसके मजबूती और विशेषताएं सबसे बड़ा कारण हैं। मूसाराम इंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक दिनेश अग्रवाल बताते हैं कि थार में वह सब कुछ है, जो भारतीय सड़क और कठिन रास्तों के लिए जरूरी है। इसका पेट्रोल और डीजल इंजन न केवल दमदार पावर देते हैं, बल्कि हर तरह के रास्ते पर कमाल का परफॉर्मेंस दिखाते हैं। थार को खास इसलिए माना जाता है, क्योंकि यह सिर्फ शहर की गाड़ी नहीं है, बल्कि पहाड़, रेगिस्तान, कीचड़-हर जगह अपनी पकड़ बनाए रखती है। यही नहीं थार का ग्राउंड क्लीयरेंस, चार बाई चार ड्राइव, वॉटर वेडिंग क्षमता और टॉर्क इसे अपनी श्रेणी की अन्य एसयूवी से आगे रखते हैं। इसलिए थार सिर्फ युवा ही नहीं, परिवारों में भी पसंद की जा रही है।

मॉय फर्स्ट राइड

हॉर्न, ब्रेक और हौसलों के बीच मेरा सफर

मैंने जब पहली बार कार चलाना सीखने का निर्णय लिया, तो मन में उत्साह के साथ-साथ डर भी था। बचपन से ही कार चलाते हुए लोगों को देखकर लगता था कि यह कोई बहुत कठिन काम है, जो शायद मेरे बस का नहीं। घर में अक्सर यही सुनने को मिलता था-"तुमसे नहीं होगा", "यह काम पुरुषों का है" या "ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ही ठीक हैं।" लेकिन कहीं न कहीं मन में यह इच्छा थी कि मैं भी आत्मनिर्भर बनूं और बिना किसी पर निर्भर हुए खुद गाड़ी चला सकूं।

यह इच्छा मैंने डरते-डरते अपने पति को बताई, तो उन्होंने दो मिनट सोचकर कहा ठीक है, कल सुबह से तुम्हारी कार की क्लास शुरू होगी। पहले दिन जब मैं ड्राइविंग स्कूल पहुंची, तो दिल तेज-तेज धड़क रहा था। इंस्ट्रक्टर ने जब कार की सीट पर बैठने को कहा, तो हाथ-पैर जैसे सुन्न हो गए। स्टेयरिंग पकड़ते ही लगा कि मैं किसी बड़ी जिम्मेदारी को थाम रही हूं। क्लच, ब्रेक और एक्सीलेरेटर तीनों को समझना अपने-आप में एक चुनौती था। शुरुआत में कार बार-बार बंद हो जाती थी और पीछे से हॉर्न की आवाजें आत्मविश्वास को और डगमगा देती थीं।

सबसे मुश्किल था सड़क का डर। सामने से आती गाड़ियां, अचानक मोड़ लेते वाहन और पैदल चलते लोग सब कुछ मुझे घबराहट में डाल देता था। कई बार लगा कि शायद मैं यह सीख ही नहीं पाऊंगी। एक दिन तो गलती से ब्रेक की जगह एक्सीलेरेटर दब गया और इंस्ट्रक्टर को तुरंत कंट्रोल संभालना पड़ा। उस दिन घर आकर मैंने खुद से कहा "बस, अब नहीं।" पर अगले ही पल मन ने समझाया कि डर से भागने से कुछ हासिल नहीं होगा। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ता गया। रोज सुबह थोड़ा जल्दी उठकर ड्राइविंग क्लास के लिए जाना अब मेरी दिनचर्या का हिस्सा बन गया। इंस्ट्रक्टर की सीख और खुद पर भरोसा दोनों ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। अब कार कम बंद होती थी और गियर बदलते समय हाथ नहीं कांपते थे। जब पहली बार मैंने बिना किसी मदद के कार स्टार्ट की और कुछ दूरी तक सही तरीके से चला पाई, तो वह खुशी शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

कार सीखने का सबसे बड़ा सबक यह था कि सड़क पर धैर्य सबसे जरूरी है। जल्दीबाजी या घबराहट दोनों ही नुकसानदेह हैं। मैंने सीखा कि दूसरों की गलती पर भी संयम बनाए रखना जरूरी है। कई बार पुरुष ड्राइवर ताने मारते या मजाक उड़ाते, लेकिन मैंने खुद को कमजोर नहीं पड़ने दिया। धीरे-धीरे मैं समझने लगी कि आत्मविश्वास ही सबसे बड़ा हथियार है। जिस दिन मैंने ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास किया, उस दिन मेरी आंखों में खुशी के आंसू थे। यह सिर्फ एक लाइसेंस नहीं था, बल्कि मेरी आजादी की चाबी थी। अब मैं बच्चों को स्कूल छोड़ने, बाजार जाने या अचानक किसी काम से बाहर निकलने के लिए किसी पर निर्भर नहीं थी। परिवार वालों का नजरिया भी बदल गया। वही लोग, जो पहले मना करते थे, अब गर्व से कहते हैं- "हमारी बेटी बहुत अच्छी ड्राइवर है।"

आज जब मैं खुद कार चलाकर सड़क पर निकलती हूं, तो महसूस होता है कि यह सिर्फ ड्राइविंग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का अनुभव है। कार सीखना मेरे लिए एक कौशल ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और खुद पर भरोसा करने की सीख भी था। हर महिला को यह अनुभव जरूर लेना चाहिए, क्योंकि जब हम डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ते हैं, तभी हमें अपनी असली ताकत का एहसास होता है।

-डॉ. आरती मोहन
कानपुर

सर्दियों में टायर प्रेशर का रखें ध्यान

यदि आप दोपहिया या कार के मालिक हैं और आपको महसूस हो रहा है कि कड़ाके की इस सर्दी में आपकी गाड़ी के टायरों की हवा कुछ कम हो गई है, तो घबराने की कोई जरूरत नहीं है। ऐसा होना तापमान में गिरावट के कारण बिल्कुल सामान्य प्रक्रिया है। ठंड के मौसम में टायर सिकुड़ने लगते हैं, जिसके कारण उनके भीतर का एयर प्रेशर घट सकता है, लेकिन टायर प्रेशर को नजरअंदाज करना सही नहीं है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव कार या दोपहिया वाहन के संतुलन, सुरक्षा और माइलेज पर पड़ता है। सर्दियों में गाड़ी के टायर का प्रेशर कम न हो, इसके पीछे के सामान्य कारणों और उनसे बचने के आसान उपायों की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

टायर प्रेशर घटने का वैज्ञानिक कारण

सर्दी बढ़ने पर टायर अचानक लीक नहीं होने लगते, बल्कि इसके पीछे वैज्ञानिक कारण होता है। कम तापमान में हवा के कणों की गति धीमी हो जाती है और वे कम स्थान घेरते हैं। इसी वजह से जैसे-जैसे तापमान घटता है, टायर के अंदर का प्रेशर भी कम होने लगता है। माना जाता है कि हर 10 डिग्री सेल्सियस तापमान गिरने पर टायर का एयर प्रेशर लगभग 1 पीएसआई (पाउंड प्रति वर्ग इंच) तक घट सकता है।

टायर की रबर का सख्त होना

सर्दियों में टायर की रबर सामान्य से थोड़ा सख्त हो जाती है। इससे टायर की हवा कम नहीं होती, जिससे रबर की लचक घटने से सील वाले हिस्से उतने प्रभावी नहीं रह जाते। यदि टायर में पहले से कहीं मामूली सी लीकेज मौजूद है, तो सर्दियों में हवा का प्रेशर गिरना ज्यादा स्पष्ट रूप से महसूस होने लगता है।

सुरक्षा के लिए उपाय

- **नियमित जांच रखें, सुरक्षा बढ़ाएं-** टायर प्रेशर की नियमित जांच करना बेहद जरूरी है। महीने में कम से कम एक बार और लंबी यात्रा पर निकलने से पहले टायर का प्रेशर अवश्य जांच लें। इसके लिए वाहन में एक पोर्टेबल टायर प्रेशर गेज रखना उपयोगी होता है, जिससे आप स्वयं आसानी से टायर की हवा चेक कर सकते हैं।
- **सही टायर प्रेशर रखें -** टायर में हमेशा वही हवा भरवानी चाहिए, जो वाहन निर्माता कंपनी के मानक हैं। इसकी जानकारी आमतौर पर गाड़ी के ऑनर मैनुअल में या ड्राइवर साइड के दरवाजे के अंदर लगे स्टिकर पर आसानी से मिल जाती है।
- **टेम्परेचर में बदलाव पर नजर रखें :** मौसम में होने वाले तापमान के उतार-चढ़ाव का टायर प्रेशर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। इसलिए मौसम के बदलाव और आवश्यकता के अनुसार टायर की हवा को समय-समय पर जांचकर उसे एडजस्ट करते रहना चाहिए।
- **विंटर-ग्रेड टायर करें प्रयोग :** यदि आप ऐसे क्षेत्र में रहते हैं, जहां सर्दियों में कड़ाके की ठंड पड़ती है, तो विंटर-ग्रेड टायर का उपयोग करना अधिक उपयुक्त होता है। ये टायर ठंडे मौसम में बेहतर पकड़ बनाए रखते हैं और वाहन की परफॉर्मेंस को भी बेहतर बनाते हैं।

योनो एप के उपयोगकर्ताओं को 20 करोड़ करने का लक्ष्य

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस सेठी ने कहा कि बैंक सोमवार को योनो एप का नया संस्करण पेश करने के साथ अगले दो वर्षों में इसके उपयोगकर्ता आधार को दोगुना कर 20 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है। योनो 2.0 एक बड़ा अपग्रेड है, जो ग्राहकों को बेहतर अनुभव देगा और बैंक के लिए एक मजबूत डिजिटल मंच उपलब्ध कराएगा। इसकी सभी विशेषताएं 6–8 महीनों में चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

इफको एमडी ने 10% लाभ वृद्धि का रखा लक्ष्य

नई दिल्ली। भारतीय किसान उर्वरक सहकारी संस्था लिमिटेड (इफको) के प्रबंध निदेशक केजे पटेल ने 2025-26 में शुद्ध लाभ में 10 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है। यह अनुमान ऐसे समय में सामने आया है, जब इफको को अपने प्रमुख नैनो उर्वरकों को देश में अपेक्षित स्तर तक अपनाए जाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है और संस्था किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तेज कर रही है। पटेल ने कहा कि उनकी रणनीति का केंद्र इफको की सबसे बड़ी ताकत 36 हजार सहकारी संस्थाओं और पांच करोड़ से अधिक किसानों के साथ उसका स्थायी संबंध है। हाल ही में उन्होंने 32 वर्षों तक प्रबंध निदेशक रहे यू एस अवस्थी से कार्यभार संभाला है।

गोदरेज ने 2,600 करोड़ से अधिक के घर बेचे

नई दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हैदराबाद में परिचालन के पहले वर्ष में 2,600 करोड़ की आवासीय संपत्तियां बेची हैं। रियल एस्टेट कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने ने बताया कि कंपनी इस शहर में कारोबार का विस्तार करने की योजना बना रही है, जहां विकास के अपार अवसर हैं। इस साल जनवरी में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कोकापेट में अपनी पहली परियोजना शुरू करके हैदराबाद के आवास बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की। गोदरेज प्रॉपर्टीज की कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि कंपनी ने हैदराबाद के बाजार में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है।

मिनी ब्रांड को मजबूत करेगी बीएमडब्ल्यू

नई दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता बीएमडब्ल्यू अगले साल भारत में अपने ''मिनी'' पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है, ताकि मेट्रो शहरों से बाहर बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में फिलहाल मिनी कूपर, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू और मिनी कन्वर्टिबल शामिल हैं। ब्रांड को बड़े शहरों से आगे स्वीकृति मिलने के साथ कंपनी छोटे शहरों और कस्बों में अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने पर भी ध्यान दे रही है।

कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता लाना जरूरी

संसदीय समिति ने बढ़ती निर्भरता और भू-राजनीतिक जोखिमों को देश के लिए बड़ी चुनौतियां बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

- **संसद में पेश रिपोर्ट में समिति ने कहा- भारत अपनी जरूरतों का 89% करता है आयात**

संसदीय समिति ने कच्चे तेल के आयात पर भारत की भारी निर्भरता और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों को देश के लिए बड़ी चुनौतियां बताते हुए सरकार से आपूर्ति स्रोतों में विविधता बढ़ाने और जोखिम प्रबंधन तंत्र को मजबूत करने का आग्रह किया है।

पिछले सप्ताह संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में लोक उपक्रम समिति ने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 89 प्रतिशत आयात करता है। इस वजह से देश संघर्ष, प्रतिबंध, तेल उत्पादक देशों में नागरिक अशांति और स्वेज नहर तथा लाल सागर जैसे प्रमुख पोत परिवहन मार्गों में व्यवधान जैसी वैश्विक घटनाओं के प्रति संवेदनशील हो जाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव जैसी हालिया घटनाओं ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की नाजुकता को उजागर किया है।

समिति ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और सरकारी तेल कंपनियों से कच्चे तेल की आपूर्ति के स्रोतों को भौगोलिक और अनुबंधीय दोनों स्तरों पर विविध बनाने की सिफारिश की है। समिति ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करने और वैकल्पिक आयात मार्ग विकसित करने पर भी जोर दिया।

कोयला खनन की मंजूरी प्रक्रिया बनाएं आसान

नई दिल्ली। संसदीय समिति ने भूमिगत कोयला खनन की अनुमति के लिए नीति को सरल बनाने और मानकीकृत प्रोटोकॉल अपनाने का सुझाव दिया है। समिति का कहना है कि बड़ी खुली कोयला खदानों जैसी जटिल मंजूरी प्रक्रिया लागू किए जाने से कम पर्यावरणीय प्रभाव वाली परियोजनाओं में भी देरी होती है। सरकार ने 2030 तक भूमिगत कोयला खदानों से 10 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। कोयला, खान और इस्पात संबंधी स्थायी समिति ने रिपोर्ट में कहा कि भूमिगत कोयला खनन से सतह पर होने वाला व्यवधान न्यूनतम रहता है, जिससे भूमि, वन और बुनियादी ढांचे का संरक्षण होता है। इसके साथ ही भूमि पुनर्वास की लागत और अप्रत्यक्ष ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आती है। यह पद्धति उच्च गुणवत्ता वाले गहरे कोयला भंडार तक पहुंच की अनुमति देती है और मौसम की परवाह किए बिना पूरे वर्ष संचालन सुनिश्चित करती है। कम पर्यावरणीय प्रभाव के बावजूद, कई भूमिगत परियोजनाओं को बड़ी खुली कोयला खदानों जैसी ही मंजूरी और दस्तावेजी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिससे परियोजनाओं में देरी होती है। इसलिए समिति ने भारत में भूमिगत कोयला खनन प्रथाओं के लिए नीति को सरल बनाने और मानकीकृत प्रोटोकॉल की आवश्यकता पर जोर दिया है। समिति ने खुले में खनन के लिए भी एकल-खिड़की मंजूरी प्रणाली के तहत मानक संदर्भ शर्तें (टीओआर) और मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) लागू करने की सिफारिश की है।

बजट 2026-27

निवेश-प्रेरित वृद्धि के लिए सीआईआई ने रखा सुधारों का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्रीय पूंजीगत व्यय में 12 और राज्यों को दी जाने वाली सहायता में 10% की वृद्धि की जाए**
- **सतत निवेश वृद्धि को बढ़ाने और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था में भारत को बनाए रखना उद्देश्य**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आगामी आम बजट 2026-27 के लिए व्यापक सुधारों का प्रस्ताव रखा है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक, निजी और विदेशी निवेशों को शामिल करते हुए सतत निवेश वृद्धि को बढ़ावा देना और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की गति को बनाए रखना है।

सीआईआई ने सुझाव दिया कि वित्त वर्ष 2026-27 में केंद्रीय पूंजीगत व्यय में 12 प्रतिशत और राज्यों को दी जाने वाली पूंजीगत व्यय सहायता में 10 प्रतिशत वृद्धि की जाए, इसके अलावा 2026-32 के लिए 150 लाख करोड़ की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) 2.0 शुरू की जाए, जिन कंपनियों ने महत्वपूर्ण नए निवेश, उत्पादन या कर योगदान के महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल किए हैं, उन्हें अतिरिक्त कर रियायतें या अनुपालन में ढील दी जाए। इसमें यह भी कहा गया है कि त्वरित मूल्यह्रास लाभ को पुनः लागू किया जाए ताकि नए पूंजीगत व्यय और तकनीकी उन्नयन को और अधिक प्रोत्साहन दिया जा सके, विशेषकर लघु, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और विनिर्माण उद्योगों के लिए, बशर्ते कि यह उपाय ऐसा हो कि आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिले लेकिन न्यूनतम वैकल्पिक कर की देयता उत्पन्न न हो।

एसआईएफसी के गठन की भी सिफारिश

सीआईआई ने राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना निधि (एनआईआईएफ) को मजबूत करने का सुझाव दिया और इसके लिए एक संप्रभु निवेश रणनीति परिषद (एसआईएफसी) के गठन की भी सिफारिश की, ताकि निवेश राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हो सके। सीआईआई ने कहा कि आर्थिक चक्र आधारित सार्वजनिक ऋण ढांचे को अपनाकर वित्तीय स्थिरता को मजबूत किया जा सकता है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि आगामी बजट 2026-27 को स्थिरीकरण और वृद्धि के दोनों भूमिकाओं को निभाना होगा और निवेश को बढ़ावा देना इसके सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक होगा।

सस्ते आयात से चिंतित तांबा उद्योग, 3% सुरक्षा शुल्क मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- **आईपीसीपीए ने कहा- एफटीए के तहत तांबे के सस्ते आयात से विनिर्माण को हो रहा नुकसान**

उद्योग निकाय आईपीसीपीए ने कहा कि कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत तांबे के सस्ते आयात से भारतीय विनिर्माण को गंभीर रूप से नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही उसने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षा शुल्क लगाने और विदेशों से आने वाले आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लागू करने की मांग की है।

इंडियन प्राइमरी कॉपर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईपीसीपीए) के अनुसार, शून्य शुल्क पर तांबे के आयात के चलते देश के घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है, जबकि आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए हाल के वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। आईपीसीपीए ने कहा कि एफटीए साझेदारों से शून्य शुल्क पर हो रहे आयात भारतीय स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग उद्योग को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं। उद्योग निकाय ने कहा कि तांबे की कुछ श्रेणियों के आयात पर तीन प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाना चाहिए। संगठन ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर भी चिंता जताई, जिसके तहत तांबे के वायर रॉड पर सीमा शुल्क 2025-26 में घटकर 1% रह गया है।

ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए व्यवहार में बदलाव आवश्यकः राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश के सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता लाने के लिए हर नागरिक में व्यवहारिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के कार्यक्रम में कहा कि प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाने की चेतना भारत की सांस्कृतिक परंपरा का मूल है। यही विचार लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरनमेंट – लाइफ के माध्यम से पूरी दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत के ऊर्जा परिवर्तन की सफलता के लिए हर क्षेत्र और हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता लाने के लिए व्यवहार में बदलाव बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण सबसे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऊर्जा का बुद्धिमानी से, जिम्मेदारी से और कुशलता से उपयोग करना है।

उन्होंने कहा कि जब हम अनावश्यक विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरण अपनाते हैं, घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक प्रकाश और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं या सौर और नवीकरणीय ऊर्जा विकल्प अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्जा बचाते हैं बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कम करते हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ऊर्जा संरक्षण स्वच्छ हवा, सुरक्षित जल स्रोत और संतुलित परिवेश बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

ऊर्जा संरक्षण समारोह में उपस्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

- **प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाने की चेतना भारत की सांस्कृतिक परंपरा का मूल**

पुराने फेरा मामलों को निपटाएगा ईडी

नई दिल्ली। ईडी ने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) के तहत दर्ज मामलों को निपटाने का फैसला किया है। यह कानून 25 साल से अधिक पहले 1998 में खत्म हो गया था। 1973 के प्रावधानों से युक्त फेरा कानून की जगह 2000 में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) ने लिया, जो दीवानी कानून है। जांच एजेंसी ने ऐसे 400-500 मामलों की पहचान की है, जिनमें फेरा के तहत विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों को तेजी से निपटाया जा सकता है।

राष्ट्रीय

साल्ट लेक पहुंचे राज्यपाल बोस, न्यायिक जांच की मांग

आयोजनों के प्रबंधन को एसओपी बनाने का बोस ने सरकार से किया आग्रह

कोलकाता, एजेंसी

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कार्यक्रम के दौरान कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में मची अफरा-तफरी के एक दिन बाद रविवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने स्टेडियम का दौरा कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्यपाल ने इस घटना की न्यायिक जांच की मांग की है।

बोस ने सरकार से भविष्य में इस तरह की घटनाओं के प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को तैयार करने का भी आग्रह किया। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल बोस ने मुख्य सचिव मनोज पंत और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ स्टेडियम के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अराजकता के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए और आयोजक को दर्शकों को टिकट की कीमत तुरंत वापस करनी चाहिए।

कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को आयोजित लियोनेल मेसी के फुटबॉल कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आयोजन स्थल पर मची अफरा-तफरी के बाद यह कार्रवाई की गई, जिससे अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी को मैदान छोड़कर समय से पहले ही लौटना पड़ा। बिधाननगर पुलिस ने स्टेडियम में मची अफरातफरी का स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यक्रम के कुप्रबंधन के आरोप में दत्ता को कोलकाता हवाई अड्डे से ही गिरफ्तार किया जहां वह मेसी और उनके साथ शामिल अन्य को हैदराबाद जाते समय विदा करने गए थे।

बोस ने कहा कि वह कुछ पीड़ितों से बातचीत के बाद राज्य और केंद्र सरकारों को सिफारिशों सहित विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। उन्होंने विस्तृत जानकारी देने से इन्कार करते हुए कहा कि मेरी रिपोर्ट तैयार है और इसे सभी संबंधित अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। राज्यपाल ने शहर में सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल पर बल दिया, जिसमें दर्शकों के लिए बीमा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अन्य अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपाय शामिल हैं। बोस ने स्टेडियम का दौरा करने के बाद कहा कि जब निजी संस्थाओं को खेलों का व्यवसायीकरण करने और पैसा कमाने की अनुमति दी जाती है, तो जनता को इसका खामियाजा नहीं भुगतना चाहिए।

मेसी के कार्यक्रम में अराजकता

- **राज्यपाल ने मुख्य सचिव और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साल्ट लेक स्टेडियम का किया दौरा**
- **बोले- अराजकता के लिए जिम्मेदारों को गिरफ्तार और आयोजक को दर्शकों का पैसा तुरंत लौटना चाहिए**

जांच समिति ने लिया नुकसान का जायजा

सॉल्ट लेक में मची अफरा-तफरी की जांच के लिए रविवार को समिति ने घटना स्थल का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। तीन सदस्यीय टीम ने टूटी कुर्सियों, मुड़े हुए धातु के अवरोधक और कूड़े से भरी गैलरी का जायजा लिया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशीष कुमार रे समिति का नेतृत्व कर रहे है। समिति ने स्टेडियम के अंदर उन स्थानों का जायजा लिया, जहां मेसी गए। मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती सहित समिति ने प्रवेश गलियारों, सुरक्षा व्यवस्थाओं और आसपास की दीर्घाओं का निरीक्षण किया।

राज्यपाल को शनिवार को स्टेडियम में जाने से गया था रोका

कार्यक्रम में फैली अराजकता के कुछ घंटों बाद शनिवार शाम को राज्यपाल को सॉल्ट लेक स्टेडियम में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। राज्यपाल जब वहां पहुंचे तो स्टेडियम के गेट बंद थे और लाइटें भी बंद थीं। राज्यपाल ने आरोप लगाया था कि यह कदम उनके प्रवेश को रोकने के लिए उठाया गया था और उन्होंने इस संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की थी। बोस ने स्टेडियम में हुई घटना को कोलकाता के खेल प्रेमियों के लिए काला दिन करार दिया था।

मुख्यमंत्री बनर्जी ने उच्च स्तरीय जांच के दिए थे आदेश

घटना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए और दिग्गज खिलाड़ी को देखने से वंचित रह गए लोगों से माफी मांगी। फुटबॉल के दीवानों के लिए जो सबसे सुखद अनुभव हो सकता था, वह बुरी याद में बदल गया क्योंकि बड़ी रकम खर्च करके टिकट खरीदने के बावजूद इस दिग्गज की झलक नहीं मिल पाने से निराश प्रशंसकों ने स्टेडियम में तोड़फोड़ की। मेसी का विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन का बहुप्रचारित दौरा 2011 के बाद इस मैदान पर उनकी पहली उपस्थिति थी, लेकिन उनका यह दौरा अव्यवस्था का शिकार हो गया। प्रशंसकों की भीड़ द्वारा सुरक्षा घेरा तोड़ने, तोड़-फोड़ और पुलिस के हस्तक्षेप से यह आयोजन फीका पड़ गया।

मुख्य आयोजक 14 दिन की पुलिस हिरासत में

कोलकाता की अदालत ने कार्यक्रम के दौरान फैली अराजकता के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सतद्रु दत्ता को पुलिस ने शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया था।

प्रौद्योगिकी मनुष्य की क्षमता बढ़ाए, न कि जगह ले : सीजेआई सूर्यकांत

कटक। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि प्रौद्योगिकी को मानवीय निर्णय क्षमता को बढ़ाना चाहिए, न कि उसका स्थान लेना चाहिए। सीजेआई यहां आम आदमी के लिए न्याय सुनिश्चित करना: मुकदमेबाजी की लागत और देरी को कम करने की रणनीतियां विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

- **बोले- लंबित मामलों से न्यायिक संरचना के हर स्तर पर बाधा उत्पन्न होती है**

उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित मामलों से न्यायिक संरचना के हर स्तर पर, अधीनस्थ न्यायालय से लेकर संवैधानिक अदालत तक, बाधा उत्पन्न होती है। जब शीर्ष स्तर पर बाधा उत्पन्न होती है, तो नीचे दबाव और भी बढ़ जाता है। सीजेआई सूर्यकांत ने लंबित मामलों को कम करने के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि पर्याप्त अदालतों के बिना ईमानदार न्यायिक प्रणाली भी अवसंरचना संबंधी दबाव के कारण ध्वस्त हो जाएगी। कोविड के दौरान प्रौद्योगिकी बहुत उपयोगी साबित हुई। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रौद्योगिकी के अपने नकारात्मक पहलू भी हैं।

सत्य के साथ मोदी को हराएंगे : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और निर्वाचन आयोग पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सत्य के साथ खड़े होकर प्रधानमंत्री मोदी और 'आरएसएस की सरकार' को देश की सत्ता से हटाएगी। राहुल ने रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी दोहराया कि निर्वाचन आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है।

राहुल गांधी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का हवाला देते हुए कहा, भागवत ने कहा कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह विचारधारा आरएसएस की है। हमारी विचारधारा, हिंदुस्तान की विचारधारा, हिंदू धर्म की विचारधारा और सभी धर्मों की विचारधारा कहती है कि सत्य सबसे जरूरी हैं। भागवत कहते हैं कि सत्य का मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है।

दिल्ली में आयोजित रैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी।

- **रैली में निर्वाचन आयुक्तों को दी चेतावनी- बदलेंगे कानून, आपके खिलाफ करेंगे कार्रवाई**

उन्होंने कहा, सत्य और असत्य के बीच लड़ाई है। हम सत्य के साथ खड़े होकर नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आरएसएस सरकार को हटाएंगे। भागवत ने शनिवार को अंडमान में विराट हिंदू सम्मेलन समिति में कहा था कि वर्तमान में वैश्विक मान्यता को आकार देने में सत्य से कहीं अधिक शक्ति का योगदान है।

भाजपा ने कहा- घुसपैठियों को बचाना चाहती है कांग्रेस

भाजपा ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर रैली से पहले रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित कर रही है ताकि घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाए जाने से बचाया जा सके। भाजपा ने दावा किया कि कांग्रेस लोगों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने की कोशिश में सफल नहीं होगी, क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि भारत का लोकतंत्र बहुत मजबूत है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस यह रैली ऐसे समय में कर रही है, जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान चुनाव सुधारों पर हुई बहस में विपक्ष के गढ़े हुए आरोपों का बिंदुवार खंडन करके उन्हें बेनकाब कर दिया है। पात्रा ने कहा, सच आपके साथ नहीं है, फिर भी आप भ्रम का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

कश्मीर में बर्फबारी, तापमान हिमांक बिंदु से ऊपर

श्रीनगर, एजेंसी

कश्मीर क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में कई स्थानों पर रात भर बर्फबारी हुई, जिसके कारण दिसंबर में पहली बार रात का तापमान हिमांक बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-द्रास मार्ग पर स्थित जोजिला दर्रा, मिनामार्ग और बालटाल में बर्फबारी हुई है।

उन्होंने बताया कि बांदीपुरा जिले की गुरेज घाटी में स्थित तुलैल में भी हिमपात की सूचना मिली है। इस दिसंबर में पहली बार, जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार रात के दर्ज किये गए तापमान (शून्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस नीचे) की तुलना में लगभग पांच डिग्री अधिक है।

मौसम विभाग ने बताया कि रात का तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.2 डिग्री अधिक था। पुलवामा में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.7 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे यह जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा। यह ऐसा क्षेत्र रहा, जहां तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा।

- **बांदीपुरा जिले की गुरेज घाटी स्थित तुलैल में भी भारी हिमपात की सूचना**

दिन में घाटी के अधिकांश हिस्सों में घना कोहरा रहा। काजीगुंड और कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री रहा, जबकि कुपवाड़ा में यह 1.2 डिग्री रहा। वहीं, गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री और पहलगाम में यह 2.4 डिग्री रहा। कश्मीर अब 'चिल्लई कलां' की ओर बढ़ रहा है- यह 40 दिनों की कठोर सर्दी होती है, जो 21 दिसंबर से शुरू होती है। इस दौरान बर्फबारी अधिक होती है। मौसम विभाग ने 20-21 दिसंबर को घाटी के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है।

ऑटिज्म पीड़ितों की देखभाल संबंधी दिशा-निर्देश तैयार करने पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ऑटिज्म और अन्य बौद्धिक विकारों से पीड़ित व्यक्तियों की देखभाल, पुनर्वास एवं सुरक्षा को व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञ समिति के गठन के अनुरोध वाली याचिका पर 15 दिसंबर को सुनवाई करेगा। याचिका में केंद्र और अन्य को हर जिले में ऑटिज्म एवं अन्य बौद्धिक विकारों से पीड़ितों के लिए जनसंख्या-आधारित आवासीय सुविधाएं स्थापित करने तथा इन सुविधाओं की स्थापना, विनियमन और निगरानी के लिए व्यापक एवं बाध्यकारी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत की 15 दिसंबर की वाद सूची के मुताबिक, याचिका न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश की जाएगी।



वर्ल्ड ब्रीफ

भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदों से की कई मुद्दों पर वार्ता

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के प्रयासों के तहत डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ सांसदों के साथ बैठकें कर उभरती प्रौद्योगिकियों, रक्षा और व्यापार में सहयोग पर चर्चा की। क्वात्रा ने हाउस डेमोक्रेट्स कॉकस के उपाध्यक्ष, सांसद टेड ल्यू के साथ सार्थक वार्ता की। इस दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में हो रहे नए विकास, रक्षा और सुरक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश, तथा लोगों से लोगों के संपर्क जैसे साझा प्राथमिकता वाले मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। क्वात्रा ने हाउस ब्लैक कॉकस की अध्यक्ष सांसद इवेट क्लार्क से भी मुलाकात की।

उस्ताद जाकिर हुसैन की याद में आयोजन

बीजिंग। प्रसिद्ध तबला वादक दिवंगत उस्ताद जाकिर हुसैन की याद में बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास में एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दूतावास ने शनिवार को जारी एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के एक प्रतिष्ठित कलाकार और तबला शिक्षक बिवाकर चौधरी ने स्मरण कार्यक्रम का संचालन किया, जिसमें केंद्र के युवा और प्रतिभाशाली कलाकारों एवं छात्रों ने शानदार संगीत प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बजाई गई प्रत्येक धुन उस्ताद जाकिर हुसैन को एक विनम्र श्रद्धांजलि थी, जिन्होंने दुनियाभर में अपनी कला का लोहा मनवाया था।

नेपाल के मनांग जिले में भूकंप के झटके

काठमांडू। नेपाल के गंडकी प्रांत के मनांग जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप प्रभावित क्षेत्र से किसी प्रकार के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली। भूकंप विज्ञान विभाग के अनुसार अपराह्न 12 बजकर 54 मिनट पर आए 4.7 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र मनांग जिले के थोचे में दर्ज किया गया। भूकंप के झटके आसपास के कास्की, लमजुंग और मुस्तांग जिलों में भी महसूस किए गए।

फिलीपींस में हादसे में आठ लोगों की मौत

मनीला। मध्य फिलीपींस के नेग्रोस ओरिएंटल प्रांत में एक वाहन के ब्रेक फेल होकर गड्ढे में गिर जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वाहन अयंगून नगरपालिका में एक कब्रिस्तान की ओर जाते समय ढलान से नीचे जा रहा था। सभी अपने रिश्तेदार की बरसी में जा रहे थे।

एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● अमेरिका पहले और चीन दूसरे स्थान पर रहा

भारत एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। स्टैनफोर्ड यूनीवर्सिटी की वैश्विक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट में भारत को 21.59 अंक दिए गए हैं। अमेरिका 78.6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, चीन 36.95 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया (17.24) और ब्रिटेन (16.64 अंक) भारत के बाद क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

रिपोर्ट में अनुसंधान एवं विकास में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है। जिम्मेदार एआई और अर्थव्यवस्था के पैमानों पर भारत को शीर्ष तीन में जगह नहीं दी गयी है। प्रतिभा के मामले में भारत को सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। बुनियादी ढांचा और नीति एवं प्रशासन के मामले में भी भारत को पहले तीन में स्थान नहीं मिला है। लोगों की सोच के मामले में भारत दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर है।

मेमोरी चिप

मेमोरी चिप एक इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट है जो डेटा को स्टोर और एक्सेस (पुनः उपयोग) करने का काम करता है। यह एक तरह की सेमीकंडक्टर चिप होती है, जो सिलिकॉन जैसे पदार्थ से बनी होती है। मेमोरी चिप बिना बिजली के स्थायी रूप से डेटा रख सकती है (जैसे फ़ोन की स्टोरेज), या केवल बिजली चालू होने पर डेटा रख सकती है (जैसे कंप्यूटर की रैम)। रैम अस्थायी मेमोरी होती है। जब कंप्यूटर या मोबाइल बंद होता है, तो डेटा मिट जाता है जबकि स्टोरेज स्थायी होता है जैसे फोन का स्टोरेज। यह चिप्स डाटा को स्टोर करने के साथ-साथ सिस्टम को तेज़ी से काम करने में भी मदद करती हैं। देश को वर्तमान में मेमोरी चिप संकट का सामना करना पड़ रहा है। एआई सर्वरों के लिए हाई-बैंडविड्थ मेमोरी की भारी मांग के कारण वैश्विक स्तर पर भी गंभीर कमी हो गई है, जिससे मेमोरी चिप की कीमतें आसमान छू रही हैं।

सूचना का इलेक्ट्रॉनिक भंडारण



कितने प्रकार की होते हैं मेमोरी चिप्स

● **रैम** : यह अस्थायी मेमोरी होती है। यह प्रोग्राम चलाते समय डेटा को तेज़ी से उपलब्ध कराता है लेकिन बिजली गुल होते ही डेटा मिट जाता है। ● **डीरैम**: यह मोबाइल/कंप्यूटर की मुख्य रैम होती है। यह सस्ती होने के साथ ही ज्यादा क्षमता की होती है। डेटा बनाए रखने के लिए बार-बार इसे रिफ्रेश करना जरूरी होता है। ● **स्टेटिक रैम** : यह बहुत तेज होने के साथ महंगी भी है। सीपीयू के कैच मेमोरी में इसका उपयोग किया जाता है। इसे रिफ्रेश करने की जरूरत नहीं होती है। ● **रोम** : यह स्थायी मेमोरी होती है। डिवाइस को स्टार्ट करने के निर्देश देती है। बिजली बंद होने पर भी डेटा सुरक्षित रहता है। अन्य प्रकार के मेमोरी चिप्स भी आते हैं।

विश्व की प्रमुख मेमोरी चिप निर्माता

● मेमोरी चिप का निर्माण करने वाली दुनिया की प्रमुख कंपनियां चीन, अमेरिका, ताइवान और दक्षिण कोरिया में स्थित हैं। जहां बड़े पैमाने पर इनका उत्पादन कर दुनिया के अन्य देशों में निर्यात किया जाता है। इनमें दक्षिण कोरिया की सैमसंग, एसके हिनीक्स मेमोरी चिप मार्केट में बड़े खिलाड़ी हैं। इसी प्रकार ताइवान की कंपनी टीएसएमसी सेमीकंडक्टर और मेमोरी टेक्नोलॉजी में अग्रणी है। चीन और अमेरिका की कुछ कंपनियां भी मेमोरी चिप्स बनाती हैं और सप्लाई चेन के हिस्से के रूप में भी चिप्स भारत में भेजती हैं। भारत अपनी जरूरत की अधिकतर मेमोरी चिप इन देशों से आयात करता है क्योंकि घरेलू उत्पादन अभी बहुत कम है।

मेमोरी चिप का उपयोग कहां होता है?

मेमोरी चिप्स लगभग हर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में उपयोग होती हैं। जिसमें मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप, डेस्कटॉप कंप्यूटर, स्मार्ट टीवी, सेट-टॉप बॉक्स, कारों के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, डिफेंस व एयरोस्पेस उपकरण, डेटा सेंटर और सर्वर, गेमिंग कंसोल एवं स्मार्ट वॉच आदि इलेक्ट्रानिक गैजेट्स शामिल हैं।

भारत में निर्माण की स्थिति

● भारत में मेमोरी चिप्स का निर्माण अभी बहुत सीमित स्तर पर है और देश के पास बड़े-पैमाने पर उत्पादन क्षमता नहीं है, इसलिए भारत इन चिप्स को मुख्य रूप से आयात करता है। कुछ भारतीय कंपनियों ने मेमोरी चिप निर्माण करना शुरू किया है। बड़े निवेश और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर प्रोजेक्ट्स के तहत गुजरात आदि में मेमोरी चिप उत्पादन की योजनाएं चल रही हैं। इसके बावजूद भारत अभी भी मुख्यतः आयात पर निर्भर है।

बांग्लादेश में फिर अशांति, निर्वाचन आयोग ने मांगी अतिरिक्त सुरक्षा

आईजीपी से आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षा देने की अपील की

● चुनाव की घोषणा के बाद आयोग के दो कार्यालयों पर हुए हमले

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में बंदूकधारियों द्वारा आगामी संसदीय चुनाव के एक उम्मीदवार और पिछले साल हुए हिंसक प्रदर्शनों के अग्रणी नेता को गोली मारे जाने के बाद निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने प्रमुख, अन्य आयुक्तों और अधिकारियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है। इस हमले के बाद बांग्लादेश में फिर से अशांति फैल गई है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने शनिवार देर रात कहा कि निर्वाचन आयोग ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को पत्र लिखकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी), निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) और निर्वाचन आयोग सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

निर्वाचन आयोग ने 13वें राष्ट्रीय चुनाव से पहले अपने जमीनी स्तर के कार्यालयों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है क्योंकि गुरुवार को आगामी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद दक्षिण-पूर्वी लक्ष्मीपुर और दक्षिण-पश्चिमी पिरोजपुर में स्थित दो कार्यालयों पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया था। आयोग ने मुख्य आयुक्त के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा वाहन की मांग की है, जबकि वर्तमान में उनके लिए एक पुलिस सुरक्षा वाहन की व्यवस्था पहले से ही मौजूद थी।

आयोग ने चारों आयुक्तों और वरिष्ठ सचिव के लिए 24 घंटे पुलिस सुरक्षा की मांग की। पत्र में कहा गया है कि सुरक्षा बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि उनके 10 क्षेत्रीय कार्यालय, 64 जिला चुनाव कार्यालय और 522 उप-जिला स्तरीय कार्यालय में महत्वपूर्ण दस्तावेजों और चुनाव सामग्री को सुरक्षित रखना होगा।

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को घोषणा की कि आगामी संसदीय चुनाव अगले साल 12 फरवरी को होंगे। इसके एक दिन बाद राजधानी के एक निर्वाचन क्षेत्र से अपना चुनाव अभियान शुरू करते समय शरीफ उस्मान हादी को सिर में करीब से गोली मार दी गई थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने को ऑपरेशन डेविल हंट का दूसरा चरण शुरू किया गया है।

यूनुस ने की हादी के परिवार से मुलाकात

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हादी के परिवार से मुलाकात कर उनके इलाज में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और संदिग्धों की तलाश के आदेश दिए। यूनुस ने कहा कि पूरा देश उनके लिए प्रार्थना कर रहा है और हर कोई यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल मिले। हादी पिछले साल के छात्र-नेतृत्व वाले प्रदर्शन के एक प्रमुख नेता थे। इन प्रदर्शनों के बाद पांच अगस्त को शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार सत्ता से बेदखल हो गई। गंभीर रूप से बीमार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी, साथ ही जमात-ए-इस्लामी और छात्र-नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने हादी पर हुए हमले की कड़ी आलोचना की।

दक्षिण अफ्रीका से 16 बांग्लादेशी होंगे निर्वासित

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका शुक्रवार को फर्जी वीजा के साथ देश में आए 16 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करेगा। ये बांग्लादेशी इथियोपियन एयरलाइंस की उड़ान से ओआर टैम्बो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। बीएमए (सीमा प्रबंधन प्राधिकरण) की कार्यवाहक आयुक्त जेन थुपाना ने पुष्टि की कि यह मानव तस्करी, अनियमित प्रवासन और अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत उठाया जाने वाला कदम है। बीएमए द्वारा यात्रियों के विवरण का विश्लेषण किए जाने के बाद उन्हें रोका गया जिसमें उनकी गतिविधियों को संदिग्ध पाया गया था। प्रारंभिक जांच में मानव तस्करी गिरोहों द्वारा आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली कार्यप्रणाली का पता चला, जिसमें व्यक्ति दक्षिण अफ्रीका से होकर पड़ोसी देशों में जाने का प्रयास करते हैं और बाद में दक्षिण अफ्रीका में फिर से प्रवेश करते हैं।

बांग्लादेश के छह शांति सैनिकों की मौत

ढाका। बांग्लादेश की सेना के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने शनिवार रात एक बयान में बताया कि सूडान के अबेई में हमलावरों ने संयुक्त राष्ट्र की शिविर को निशाना बनाया, जिसमें बांग्लादेश की सेना के छह शांति सैनिक मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया कि युद्ध जारी है।

विदेशी समकक्षों से मिले जयशंकर

● यूएई शिखर सम्मेलन में भाग लेने अबू धाबी में हैं विदेशमंत्री

दुबई, एजेंसी

यूएई के अबू धाबी में सर बानी यस फोरम के दौरान लातविया, लक्ज़मबर्ग और पोलैंड के समकक्षों के साथ विदेशमंत्री जयशंकर।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन से इतर यूरोप, ब्रिटेन और मिस्र के अपने समकक्षों से मुलाकात की। कई महत्वपूर्ण भूराजनीतिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर चर्चा के लिए विश्व के नेता और नीति निर्माता यूएई में एकजुट हुए हैं।

जयशंकर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल, पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की और लातविया की विदेश मंत्री बैबा ब्रेज के साथ मिलकर बहुत अच्छा लगा। मंत्री संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में तीन दिवसीय सर बानी यास फोरम 2025 में भाग लेने पहुंचे थे। जयशंकर ने शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने एक अन्य बैठक को लेकर कहा कि मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बदर अब्देलट्टी से मुलाकात करके अच्छा लगा।

शांति वार्ता के लिए अमेरिकी राजदूत बर्लिन पहुंचे

बर्लिन। यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता कराने को लेकर वार्ता के एक अन्य दौर के लिए अमेरिका के राजदूत रविवार सुबह बर्लिन पहुंचे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर को बर्लिन में देखा गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन, अमेरिका और यूरोपीय अधिकारी आने वाले दिनों में बर्लिन में कई बैठकें करेंगे।

क्रिप्टोकरेंसी मामले में कांगड़ा और मंडी में ईडी की छापेमारी

शिमला, एजेंसी

● राज्यभर में अब तक 80 से अधिक लोग जांच के घेरे में

हिमाचल प्रदेश में ईडी कांगड़ा और मंडी में कई स्थानों पर एक क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के सिलसिले में सर्च ऑपरेशन जारी रखे हुए है, जिससे निवेशकों के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के मामले में धन-शोधन की जांच में तेजी आई है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की मदद से ईडी की टीमों ने शनिवार को मंडी जिले के सुंदरनगर और कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां में देर रात तक छापेमारी की। अधिकारियों ने तलाशी के दौरान वित्तीय दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की। उसने पांच लोगों से उनके वित्तीय दस्तावेज और क्रिप्टोकरेंसी निवेश से संबंधित पूछताछ की। राज्य में लगभग 80 लोग एजेंसी की जांच के घेरे में आ चुके हैं। जांच के नतीजों के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

इजराइल ने हमास कमांडर को किया ढेर

यरुशलम/गाजा, एजेंसी

● अक्टूबर में इजराइल पर हुए हमलों का था योजनाकार

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने शनिवार को गाजा पट्टी में एक हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमास की सैन्य शाखा में हथियार निर्माण मुख्यालय के प्रमुख राद साद को मार दिया गया है।

इजराइली सेना के अनुसार, साद सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास द्वारा किए गए योजनाकारों में से एक था और अंतिम बचे हुए शीर्ष सरगनाओं में एक था। आईडीएफ ने यह भी दावा किया कि साद हाल के महीनों में हमास द्वारा संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था। सेना ने यह भी आरोप लगाया कि वह संघर्ष विराम के दौरान हथियारों का निर्माण जारी रखने के लिए भी जिम्मेदार था।

इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कहा कि उन्होंने और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शनिवार को गाजा में इजरायली बलों को घायल करने वाले हमास के एक विस्फोटक उपकरण के विस्फोट के जवाब में साद की हत्या का व्यक्तिगत रूप से आदेश दिया था। इससे पहले शनिवार को इजराइली सेना ने बताया था कि दक्षिणी गाजा में आतंकवाद विरोधी एक अभियान के दौरान एक बम फट जाने से दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए थे।

इजराइल के एक पूर्व वरिष्ठ खुफिया अधिकारी माइकल मिल्स्टीन ने द न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया, साद को मारना हमास के लिए व्यावहारिक और प्रतीकात्मक दोनों रूप से एक झटका है। लेकिन उन्होंने आगाह किया कि यह अभी भी समूह को उखाड़ फेंकने से बहुत दूर है, क्योंकि समूह सक्षम है।

हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र की समर्थक पार्टी भंग

हांगकांग। हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र समर्थक पार्टी ने 30 से अधिक वर्षों की सक्रियता के बाद रविवार को भंग होने के लिए मतदान किया, जो चीनी अर्ध-स्वायत्त शहर के कभी विविध राजनीतिक परिदृश्य के एक युग के अंत का प्रतीक है। डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष लो किन-हई ने कहा कि पार्टी को भंग करने के पक्ष में करीब 97 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान किया और यही पार्टी सदस्यों के लिए आगे बढ़ने का सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने कहा कि हमें गहरे अफसोस के साथ इसको समाप्त करना पड़ रहा है।

सीबीआई ने साइबर अपराध मामले में चीन के 4 नागरिकों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

● एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का है मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम हड़पने में संलिप्त एक अंतर्राष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क में शामिल होने के आरोप में चीन के चार नागरिकों समेत 17 लोगों और 58 कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।

अक्टूबर में गिरोह का पर्दाफाश करने के बाद जांचकर्ताओं ने पाया कि यह एक सुनियोजित और संगठित सिंडिकेट था, जो जटिल डिजिटल और वित्तीय प्रणाली के जरिए कई तरह की धोखाधड़ियां कर रहा था। धोखाधड़ी के इन तरीकों में भ्रामक ऋण आवेदन, फर्जी निवेश योजनाएं, पोंजी और मल्टी-लेवल मार्केटिंग मॉडल, फर्जी पार्ट-टाइम नौकरी के ऑफर और फर्जी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म शामिल थे। जांच एजेंसी की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, इस समूह ने 111 मुखौड़ा कंपनियों के जरिये अवैध धन के लेन-देन को छिपाया और म्यूल खातों के माध्यम से लगभग 1,000 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से एक खाते में कम समय में 152 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हुई थी। सीबीआई ने कहा कि ये मुखौटा कंपनियां डमी निदेशकों, जाली या भ्रामक दस्तावेजों, फर्जी पतों और व्यावसायिक उद्देश्यों के बारे में झूठे हलफनामों के जरिए बनाई गई थीं। जांचकर्ताओं के अनुसार यह घोटाला 2020 में शुरू हुआ था।

जर्मनी में हमले की साजिश रचने में पांच लोग गिरफ्तार

बर्लिन। दक्षिणी जर्मनी में एक क्रिसमस मार्केट पर हमले की साज़िश रचने के शक में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि संदिग्धों में एक मिस्र का, एक सीरिया का और तीन मोरक्को के नागरिक शामिल हैं। चार लोगों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं, जबकि पांचवें को निवारक हिरासत में रखा गया है। अभियोजक को शक है कि यह हमला इस्लामिक चरमपंथ से संबंधित है, जिसे कथित तौर पर एक वाहन का इस्तेमाल करके अंजाम दिया जाना था।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 दिसंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 21.19 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 11.08 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के सम्मान मिल सकता है। अपनी कार्यशैली में संरचनात्मक सुधार कर सकते हैं। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

वृष — आज राजनीतिक विषयों पर चर्चा में समय बीतेगा। गुप्त शत्रुओं को लेकर परेशान हो सकते हैं। विदेश में नौकरी की इच्छा रखने वाले लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के लिए दिन अच्छा है।

मिथुन — आज रियल एस्टेट से जुड़े प्रकल्पों को पूरा करने में कठिनाई होगी। आपको अनावश्यक विवादों से बचना चाहिए। करियर को लेकर मन में दुविधा उत्पन्न हो सकती है। घर के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होना पड़ सकता है।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में आपको वाणी पर संयम रखना चाहिए। व्यवसाय में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। अपने ही निर्णयों को लेकर आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के लोग आपसे असंतुष्ट हो सकते हैं। विवाह को लेकर जल्दबाजी न करें।

सिंह — आज व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज चुकाने में आसानी होगी। अधूरे कार्यों को पूरे करने में लगे रहेंगे। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बच्चों की उपलब्धियों पर आपको गर्व की अनुभूति होगी।

कन्या — आज समाज कल्याण के कार्यों में आपका मन लगेगा। परिजनों के व्यवहार से रुष्ट हो सकते हैं। पुराने मित्रों से काफी दिनों बाद मिलना हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। खरीदारी करते समय अपने बजट का ध्यान अवश्य रखें।

तुला — आज नई परियोजनाओं के प्रति आपके मन में रुचि बढ़ेगी। लोगों की समस्याओं को सुलझाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। विद्वान लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। आपकी आय में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक — आज नशे और अनैतिक कार्यों की ओर आप आकर्षित हो सकते हैं। बच्चों को गलत संगत से दूर रखें। अपनी क्षमता और योग्यता का सार्थक उपयोग नहीं कर पाएंगे। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए।

धनु — आज दांपत्य जीवन में आ रही गलतफहमियों को दूर करने के लिये काफी अच्छा दिन है। भविष्य को लेकर योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। नौकरी और व्यापार दोनों में ही आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। चतुराई से आप परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे।

मकर — आज नई नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। युवा जातक अपने प्रेमीजन को प्रपोज कर सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। अपनी कार्यशैली में आप परिवर्तन ला सकते हैं। अपनी महत्वपूर्ण वस्तुओं को संभालकर रखें।

कुंभ — आज उच्च अधिकारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। किसी परिजन के साथ अनबन हो सकती है। आवारा जानवरों से सावधान रहें। वैवाहिक जीवन को समय नहीं दे पाएंगे। घर के किसी बुजुर्ग सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मीन — आज किसी नई मूवी या वेबसीरीज में अत्यधिक रूचि ले सकते हैं। परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में लोग आपको पर्याप्त महत्व नहीं देंगे। बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर बनाकर रखें। स्त्रियों को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है।

सुडोकू-2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6		7	1			4	
9		4				1		8
	3	5			6			2
	2		1	6				3
4				3	5		9	
3			9			8	5	
8		1				7		4
	5			8	4		1	

सुडोकू-1 का हल

6	1	4	9	8	2	3	5	7
9	3	7	4	5	1	6	2	8
2	8	5	7	6	3	9	4	1
5	6	1	2	7	8	4	3	9
7	4	9	3	1	6	5	8	2
8	2	3	5	4	9	7	1	6
3	9	6	1	2	5	8	7	4
1	7	8	6	3	4	2	9	5
4	5	2	8	9	7	1	6	3

उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों को दिए जा रहा प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है और भविष्य की सुरक्षा का भरोसा भी देता है। खेल से मिले अनुशासन, समर्पण और फिटनेस अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

-दीप्ति शर्मा

स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

आईपीएल में गेंदबाजी के लिए तैयार कैमरन

एडीलेड : ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने रविवार को साफ किया कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनके मैनेजर की गड़बड़ी की वजह से उन्हें अगले हफ्ते होने वाली छोटी नीलामी में गलती से बल्लेबाज के तौर पर पंजीकृत कर दिया गया। पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण 2025 सत्र से बाहर रहे 26 साल के ग्रीन जून में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे। हालांकि इसके बाद उन्हें गेंदबाजी करने की इजाजत मिल गई है और वह ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज सीरीज में गेंदबाजी कर रहे हैं। ग्रीन ने कहा मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर यह सुनना चाहेंगे या नहीं लेकिन उनकी तरफ से गड़बड़ी हुई थी।

मुंबई ने हरियाणा को चार विकेट से हराया

अम्बी (पुणे) : टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जासवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया।

दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर भारत ने सीरीज में बढ़त हासिल की

एडेन मार्करम के अर्धशतक के बावजूद तीसरे टी-20 में मेहमान टीम 117 रनों पर सिमटी

धर्मशाला, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा (35) और शुभमन गिल (28) की सधी शुरुआत से भारत ने तीसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सिर्फ 117 रन बना सकी। आसान लक्ष्य को भारत ने तीन विकेट नुकसान पर 15.5 ओवर में हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका के लिए सिर्फ कप्तान एडेन मार्करम (46 गेंद में 61 रन) ही भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना कर सके। उनके अलावा डोनोवन फरेरा (20) और एनरिक नोर्किया (12) ने ही दहाई के आंकड़े में रन बनाये।

अर्शदीप ने चार ओवर में 13 रन देकर दो जबकि चक्रवर्ती ने इतने ही ओवर में 11 रन देकर दो सफलता हासिल की। राणा ने 34 रन पर दो जबकि कुलदीप ने दो ओवर में 12 रन पर दो विकेट लिये। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी एक-एक सफलता हासिल की।अर्शदीप ने पहले ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) तो वहीं राणा ने दूसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (एक) को पगबाधा कर एक रन पर दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती दो झटके दिये। टीम अभी इन झटकों से उबरी भी नहीं थी कि राणा की गेंद को डेवाल्ड ब्रेविस (दो) विकेटों पर खेल गये। कप्तान एडेन मार्करम ने दूसरे छोर से राणा के खिलाफ दो चौके लगाये जिससे टीम ने पावरप्ले में तीन विकेट पर 30 रन बनाये। पंड्या ने अपने शुरुआती ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (नौ) को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे किये।

वह इसके साथ ही खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। दुबे ने 11वें ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर कोर्बिन बोश को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पांचवां झटका दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 12वें ओवर में रनों का अर्धशतक पूरा किया जिसके बाद डोनोवन फरेरा ने कुलदीप के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा। फरेरा ने अभिषेक की गेंद पर अर्शदीप के कैच टपकाने से मिले जीवनदान का जश्न चौके के साथ मनाया।

वह खतरनाक होते इससे पहले ही चक्रवर्ती ने अपनी फिरकी से उन्हें चकमा देकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने 50 विकेट पूरे किये और फिर शानदार लय में चल रहे मार्को यानसन (दो) को बोल्ड किया। इस बीच मारक्रम ने दुबे के खिलाफ चौका लगाने के बाद राणा के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर एक छोर से संघर्ष जारी रखते हुए 41 गेंद में अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया।

ओपनिंग पारी के दौरान अभिषेक शर्मा व शुभमन गिल। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका

117/10 (20 ओवर)

क्विंटन डिकॉक पगबाधा राणा	01
रीजा हेंड्रिक्स पगबाधा अर्शदीप	00
मार्करम का जितेश बो अर्शदीप	61
डेवाल्ड ब्रेविश बो राणा	02
ट्रिस्टन स्टब्स का जितेश बो पंड्या	09
कोर्बिन बोश बो दुबे	04
डोनोवन फरेरा बो चक्रवर्ती	20
मार्को यान्सेन बो चक्रवर्ती	02
नॉर्किया स्टं जितेश बो कुलदीप	12
लुंगी एनगिडी नाबाद	02
बार्टमैन का सूर्यकुमार बो कुलदीप	01

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-13-2, राणा 4-0-34-2, हार्दिक 3-0-23-1, चक्रवर्ती 4-0-11-2, दुबे 3-0-21-1, कुलदीप 2-0-12-2

एडेन मार्करम। एजेंसी

भारत ने पाकिस्तान को 90 रनों से हराया

दुबई, एजेंसी

अंडर-19 एशिया कप

भारत ने ऑलराउंडर कनिष्क चौहान और तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत रविवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को 90 रनों से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें आरोन जॉर्ज ने 85 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और चौहान (46) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके बाद 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई और 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑल आउट हो गई।

भारत ने तेज शुरुआत की जिसमें कप्तान म्हात्रे ने 25 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। लेकिन मोहम्मद सैयाम ने पहले 10 ओवर के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद जॉर्ज ने पारी को संभाला। वह लगातार गैप ढूंढकर रन जुटाते रहे जिससे बीच के ओवरों में उन्होंने स्थिरता बनाए रखी। चौहान ने आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी जिसमें तीन छक्के शामिल थे और भारत को नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद 230 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तान के लिए सैयाम ने 67 रन देकर और अब्दुल सुभान ने 42 रन देकर तीन तीन विकेट झटके जबकि निकाब शफीक ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान की पारी की शुरुआत खराब रही। उसके 30 रन के स्कोर पर चार विकेट गिर गए जिसमें देवेंद्रन ने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट लिए।

कप्तान फरहान यूसुफ (23) और हुजैफा अहसान ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन चौहान की धारदार ऑफ-स्पिन ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। अहसान पाकिस्तान के लिए 83 गेंद में 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई साथ नहीं मिला। चौहान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि देवेंद्रन ने 16 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे भारत ने मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने टॉस के समय और मैच के बाद एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया।

मेसी का मुंबई आना एक सुनहरा पल: सचिन

मुंबई, एजेंसी

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी के मुंबई दौरे को शहर और देश के लिए एक सुनहरा पल बताया। तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 2011 क्रिकेट विश्व कप की जीत की तुलना मेसी के दौरे से की जो अपने इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ पहुंचे।

तेंदुलकर ने भारत की वनडे विश्व कप जीत का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है। और इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना, हम 2011 में इस मैदान पर उन सुनहरे पलों को कभी नहीं देख पाते। उन्होंने कहा और आज, इन तीन महान हस्तियों का यहां होना वाकई मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए एक सुनहरा पल है। जिस तरह से आपने खेल के इन तीनों महान खिलाड़ियों का स्वागत किया है, वह सच में कमाल का है।

मेसी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा जहां तक 'लियो' (मेस्सी) की बात है तो अगर मुझे उनके खेल के बारे में बात करनी है तो यह सही मंच नहीं होगा। और आप जानते हैं, उनके बारे में कोई क्या बात करे? उन्होंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हम सच में उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा और सबसे बढ़कर उनकी विनम्रता की, वह जिस तरह के इंसान हैं।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के साथ अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी। एजेंसी

● चार शहरों के 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' का दूसरा दिन

प्रधानमंत्री मोदी से आज मिलेंगे लियोनेल

नई दिल्ली : अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी सोमवार को भारत दौरे के दिल्ली चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक आवास पर जाने के बाद एक सांसद के आवास पर भारत के मुख्य न्यायाधीश और सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे। जीओएटी भारत दौरे के अंतिम दिन मेसी फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के दो सदस्यों से भी मिलेंगे। मेसी सुबह 10:45 बजे दिल्ली पहुंचेंगे। यहां एक होटल में 50 मिनट के 'मीट एंड ग्रीट' सत्र के बाद प्रधानमंत्री के आवास पर जाएंगे जहां वे मोदी के साथ 20 मिनट तक बातचीत करेंगे। अलगा पड़ाव एक सांसद का आवास होगा जहां वे भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कौसिनो, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत व सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से भी मिलेंगे।

अनाहत सिंह ने स्क्वैश वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

चेन्नई : अनाहत सिंह ने ऐतिहासिक प्रदर्शन के दम पर भारत ने फाइनल में हांगकांग को हराकर स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 का अपना पहला खिताब जीता। इसी के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र के बाद स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया है।

टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश टीम ने खिताब तक पहुंचने के रास्ते में एक भी मैच नहीं हारा। ग्रुप स्टेज के मैचों में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को 4-0 के समान अंतर से हराने के बाद, भारत ने क्वार्टर और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के विजेता मिस्र को 3-0 से हराकर मिक्स्ड-टीम स्क्वैश इवेंट में खिताब के लिए मुकाबला पक्का किया। आज यहां पीएसए रैंकिंग में 79वें स्थान पर मौजूद अनुभवी जोशना चिनप्पा ने भारत को शानदार शुरुआत दी, जब उन्होंने शुरुआती महिला एकल मुकाबले में दुनिया की नंबर 37 ली का यी को (7-3, 2-7, 7-5, 7-1) से हराया।

नीदरलैंड्स ने तीसरी बार जीता खिताब

सैंटियागो (चिली), एजेंसी

नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया।

मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। गूसजे मोएस ने 27वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया। अर्जेंटीना ने रक्षात्मक अनुशासन के साथ जवाब दिया, दबाव के सबसे कठिन चरणों को सहा और पेनल्टी कॉर्नर से अपने पहले स्कोरिंग मौके बनाए, दूसरे क्वार्टर में दो प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में अर्जेंटीना ने लारा कैसास ने 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया और अर्जेंटीना की खिताबी मुकाबले में वापसी कराई।

इसके बाद नीदरलैंड्स ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत बनाये और रखा और अर्जेंटीना को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। ब्राजील ने चीन को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप ट्रॉफी के साथ नीदरलैंड्स की टीम।

● हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के फाइनल में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया

लिवरपूल ने ब्राइटन को हराया

इंग्लिश प्रीमियर लीग

लीवरपूल, एजेंसी

लिवरपूल ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लिवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

इस मैच के साथ लिवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की। आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी। बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो टीम की लगातार सातवीं हार है।

ब्राइटन के लुईस डंक के साथ मुकाबला करते लिवरपूल के मो सालाह (बाएं)। एजेंसी

ला लीगा : राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने ओसासुना को हराया

बार्सीलोना : राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। ब्राजील के फारवर्ड राफिन्हा ने 70वें मिनट में बार्सीलोना को बढ़त दिलाई और फिर 84वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लीग में लगातार सातवीं जीत के साथ गत चैंपियन बार्सीलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। मैड्रिड को रविवार को एल्वेस से भिड़ना है।

उन्नति और किरण ने एकल खिताब अपने नाम किया

कटक : शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने रविवार को ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

उन्नति ने संयम का परिचय देते हुए हमवतन खिलाड़ी इशारानी बरुआ को महज आधे घंटे में 21-17, 21-10 से हराया। इस 18 साल की खिलाड़ी ने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और इशारानी को लय हासिल करने का मौका नहीं दिया। इस हार के बावजूद इशारानी ने रजत पदक हासिल कर इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरे वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने पुरुष एकल फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को 65 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया।

साक्षात्कार जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका बोलीं-हाई स्कूल में मुझे अपने दौड़ने के तरीके को बदलना पड़ा

खराब फिनिशर के ठप्पे से थी दुखी : शेली एन

पुणे, एजेंसी

जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका शेली एन फ्रेजर प्राइस का कहना है कि उन्हें यह ठप्पा पसंद नहीं था कि वह अच्छी शुरुआत करती थी, लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थी। उन्होंने कहा कि एलीट स्तर तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने शुरुआती वर्षों में अपनी दौड़ने की शैली को बदलना पड़ा।

ओलंपिक की आठ बार की और विश्व चैंपियनशिप की 17 बार की पदक विजेता शेली एन ने कहा कि उन्होंने 100 मीटर फर्राटा दौड़ में बेहतर होने के लिए 200 मीटर दौड़ में बहुत मेहनत की। शेली एन के नाम 100 मीटर में 10.60 सेकेंड का इतिहास का तीसरा सबसे तेज समय दर्ज है। शेली एन ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा एक एलीट फर्राटा धाविका बनने के लिए हाई स्कूल में मुझे अपने दौड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदलना पड़ा क्योंकि मेरा दौड़ने का तरीका सही नहीं था, इससे मैं रेस नहीं जीत पाती। उन्होंने कहा लोग कहते थे वह अच्छी शुरुआत करती है लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं है' और मुझे ये बातें सुनकर निराशा होती थी क्योंकि मुझे लगता था कि मैं अच्छी तरह से रेस को खत्म कर सकती हूं।

शेली एन ने कहा मुझे जिम में अधिक मजबूत होना पड़ा। अगर मुझे अपनी 100 मीटर दौड़ को बेहतर करना था तो मुझे 200 मीटर में अधिक दौड़ना पड़ा। मुझे खुद को अधिक चुनौती देनी पड़ी।

लक्ष्य पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने का मिला लाभ

तीन ओलंपिक और 10 विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीतने वाली शेली एन ने कहा कि जमैका के किंग्सटन के वाटरहाउस जिले में बड़े होते समय उनके बड़े लक्ष्य नहीं थे। उन्होंने कहा जब मैं छोटी थी तो मुझे विश्वास नहीं था कि मैं आज जैसी इंसान बन पाऊंगी। मुझे कभी अधिक प्रेरणा नहीं मिली और मेरे आदर्श भी अधिक नहीं थे इसलिए मैं यह सोचते हुए बड़ी हुई कि मेरे लिए चीजें मुमकिन नहीं हैं। शेली एन ने कहा (लेकिन) एक बार जब आप अपना मकसद जान लेते हैं तो आप उन चीजों को करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हो। मेरे लिए यह विश्वास और निरंतरता है जिसने फर्क पैदा किया है।